परिवारवादियों ने देश को बर्बाद किया... 12

300 श्रद्धालुओं को लेकर बसें हुई अयोध्या धाम को... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 144
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 06 मार्च, 2024

1.5 करोड़ किसानों को योगी सरकार का होली गिफ्ट, निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत बिजली बिल माफ

किसानों को फ्री बिजली

- होमगार्ड का डीए बढ़ा, शराब बेचने के नियमों में होगा बदलाव, योगी कैबिनेट में 29 प्रस्ताव मंजूर
- सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने लिया बड़ा निर्णय, निजी नलकूप पर नहीं देना होगा बिजली बिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को होली से पहले ही बड़ा तोहफा प्रदान किया है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लाएगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने चुनावों के समय ही किसानों से निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत छूट देने का वादा किया था। अब सरकार ने मंगलवार को इस पर निर्णय लेकर अपना वादा पूरा कर दिया है।

14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों पर लागू होगा निर्णय

कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रस्ताव के अनुमोदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उसी घोषणा के अनुरूप मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को अपना वादा निभाते हुए छूट से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं।उन्होंने बताया कि हमारे ही कार्यकाल में लगभग 200 ग्राम पंचायतों को हमने नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए हमने शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह दोनों ही प्रकार के कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा।

प्रदेश के 6-7 करोड़ लोग होंगे लाभान्वित

एके शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के तहत किसानों को 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2023-24 में मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसी प्रकार 2024-25 के बजट में भी इसके लिए 1800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हमारे पास धन भी है और सारी व्यवस्थाएं भी जिससे हम किसानों को लाभान्वित कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ ही कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी किसानों के हित को देखते हुए लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सीएम योगी का आभार जताया है।

अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपये है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयले की खदान एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।

ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी मिली मंजूरी

सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले 4 साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नीति की समयावधि 5 वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। ऐसे उद्योगों को 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे। अन्य राज्यों में भेजने या मंगाने पर भी 100 प्रतिशत तक बिलिंग और ट्रांसमिशन चार्जेस में छूट मिलेगी। साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी 100 प्रतिशत छूट का प्राविधान किया गया है।

एक अप्रैल 2023 से कोई बिल नहीं देना होगा

किसानों के बिजली बिल को 100त्न छूट दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इस समय ग्रामीण क्षेत्र में 14.73 लाख और शहरी क्षेत्र में 5188 नलकूप हैं। कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों के बिजली बिल में छूट दी गई। करीब डेढ़ करोड़ किसानों को इससे फायदा मिलेगा। एक अप्रैल 2023 से कोई बिल नहीं देना होगा। सारा बिल सरकार माफ कर रही। लेकिन, एक अप्रैल 2023 से पहले जो बिल बकाया है, उस पर बिना ब्याज के बिल भुगतान की योजना सरकार लाएगी।

पीलीभीत में नर्सिंग कॉलेज बनेगा

कैबिनेट में यह भी तय हुआ कि पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में नया नर्सिंग कॉलेज बनेगा। इसके लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। प्रयागराज में अति विशिष्ट अतिथि गृह बनाया जाएगा। लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (चत्नरू) में जनरल सर्जरी विभाग की नई बिल्डिंग को तैयार करने की मंजूरी दी गई। नागरिक उड्डयन विभाग की फ्लीट के लिए एक नया हेलिकॉप्टर भी खरीदा जाएगा।

लखनऊ में मेट्रो रूट बढ़ेगा

वहीं, दूसरी तरफ लखनऊ मेट्रो के फेज-टू प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। लखनऊ में चारबाग से बसंत कुंज तक मेट्रो रेल चलान` पर जल्द काम शुरू हो जाएगा।

यूपी एससीआर विकसित करने पर मुहर

कैबिनेट के सामने आज उद्योगों को जमीन देने के उद्देश्य से प्राधिकरणों में लैंड पूलिंग नीति के प्रस्ताव भी भी मंजूरी दी गई। लखनऊ और आस-पास के जिलों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र विकसित करने के अध्यादेश को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को मिलाकर एससीआर बनाया जाएगा।

ऊर्जा विभाग से जुड़े प्रस्ताव पास

कैबिनेट बैठक में आज ऊर्जा विभाग के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। इसमें सोनभद्र के अनपरा में ई-तापीय परियोजना की स्थापना के लिए 18624 करोड़ रुपए का प्रस्ताव पास हुआ।

पेपर लीक को लेकर बोले राहुल गांधी

सरकारी भर्ती के लिए फुल प्रूफ प्लान लेकर आएगी कांग्रेस

- राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर प्रदेश में पेपर लीक का मामला उठाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर प्रदेश में पेपर लीक का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना लेकर आएगी।

पेपर लीक ने तोड़ा छात्रों का सपना: राहुल गांधी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, पेपर लीक का मुद्दा न केवल उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, बीते सात वर्षों में ही 70 से ज्यादा पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से ज्यादा छात्रों का सपना तोड़ा है। इससे न सिर्फ भविष्य का निर्माण करने वालों के कीमती साल बर्बाद हो रहे हैं, बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है।

'जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत'

राहुल गांधी ने आगे कहा, लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेस के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजहें हैं- बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।

पारदर्शी हो भर्ती प्रक्रिया: जयराम रमेश

वहीं, कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अन्याय के दौर में बार-बार होने वाले पेपर लीक घोटालों से प्रभावित अभ्यर्थियों की संख्या चौंकाने वाली है। उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती के लिए पेपर लीक हुए हैं। जिससे 60 हजार पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले 50 लाख अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में गणित और जीव विज्ञान के पेपर भी लीक हुए हैं। रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार न केवल केंद्र में दस लाख रिक्त पदों पर भर्ती करेगी। बल्कि यह सुनिश्चित करेगी कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो।

अभिनव सिंघल अपहरण केस में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी करार, सजा पर सुनवाई आज

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जौनपुर के अभिनव सिंघल अपहरण केस में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी करार दिए गए हैं। इस मामले में बुधवार को सुनवाई होगी। जौनपुर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के 10 मई 2020 को हुए अभिनव सिंघल के अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम को अपर सत्र न्यायाधीश शरद त्रिपाठी ने दोषी करार ठहराया है। दंड के प्रश्न पर सुनवाई बुधवार को होगी।

ये है पूरा मामला

मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को थाना लाइनबाजार में अपहरण रंगदारी व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह व उनके साथी विक्रम पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि संतोष विक्रम दो साथियों के साथ वादी का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गए थे। वहां धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आए और गालियां देते हुए वादी को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव बनाया। इंकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगी।

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार: राजभर-दारा सिंह चौहान सहित चार नेता बने मंत्री, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के दूसरे का कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। मंगलवार शाम को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने चार नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश

राजभर, भाजपा विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर भी सभी नये मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में आज मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आप सभी 'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारते हुए विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं! ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरुण राजभर ने कहा कि मैं और मेरा परिवार प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता है। हमारे पिताजी ने जो संघर्ष किया आपके सामने वो आज दिखाई देगा। हम छोटे और गरीब परिवार से निकल कर के आज यहां तक पहुंचे हैं। हम देश की जनता और वंचित वर्ग राजभर की लड़ाई सड़क से सदन तक करते रहे हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। आज उनके नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। हम 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए काम करेंगे और प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

रिपोर्ट इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार से दोषियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की पूर्ति के लिए खुली जेलों की अवधारणा का अध्ययन करने को कहा

उत्तर प्रदेश में हो सकती है खुली जेलों की शुरुआत

- न्यायालय ने पहले उन दोषियों की पारिवारिक स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की थी, जो अपने परिवारों के लिए एकमात्र कमाने वाले थे और अपने मुखिया की कैद के कारण गरीबी की स्थिति में आ गए थे
- न्यायालय ने उस स्थिति पर भी ध्यान दिया था जहां आश्रित परिवार के सदस्यों को गंभीर वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है और बच्चे मौलिक शिक्षा और स्वास्थ्य कवर से वंचित हैं

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। संभव है कि जल्द उत्तर प्रदेश में कुछ कैदी खुली जेल में अपनी सजा काटें। एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कैदियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके परिवार की बेहतर स्थिति के लिए अध्ययन करने और यूपी में खुली जेल के लिए संभावनाएं तलाशने का आदेश दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्देश में उत्तर प्रदेश सरकार से दोषियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की पूर्ति के लिए खुली जेलों की अवधारणा का अध्ययन करने और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उचित योजना या प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। न्यायमूर्ति अताउ रहमान मसूदी और न्यायमूर्ति बृज राज सिंह की पीठ ने दोषियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के कल्याण से संबंधित एक स्वत-संज्ञान जनहित याचिका के रूप में पुनः शीर्षक देने के बाद लंबित आपराधिक जनहित याचिका (पीआईएल) याचिका पर यह आदेश पारित किया। जनहित याचिका पर विचार करते समय न्यायालय ने पहले उन दोषियों की पारिवारिक स्थिति के

बारे में चिंता व्यक्त की थी, जो अपने परिवारों के लिए एकमात्र कमाने वाले थे और अपने मुखिया की कैद के कारण गरीबी की स्थिति में आ गए थे। न्यायालय ने उस स्थिति पर भी ध्यान दिया था जहां आश्रित परिवार के सदस्यों को गंभीर वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है और बच्चे मौलिक शिक्षा और स्वास्थ्य कवर से वंचित हैं। पिछले महीने कोर्ट ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा था कि मॉडल जेल लखनऊ में बंद विचाराधीन पुरुष कैदियों, दोषियों और महिला विचाराधीन कैदियों के साथ-साथ बच्चों, यदि कोई हों, की संख्या कितनी है? न्यायालय ने विचाराधीन कैदियों और दोषियों के परिवारों को उनकी आय के आधार पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए राज्य द्वारा उठाए जाने वाले अन्य उपायों के अलावा जेल में बंद व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में भी विवरण मांगा था।

कोर्ट ने व्यापक सार्वजनिक हित में मामले के ऐसे सभी पहलुओं पर विचार करना उचित समझा

न्यायालय ने कहा कि, बड़े पैमाने पर आश्रित परिवार के सदस्यों पर कारावास के प्रभाव का पता लगाने और स्वयं दोषियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के सीमित क्षेत्र को देखने के लिए व्यापक सार्वजनिक हित में मामले के ऐसे सभी पहलुओं पर विचार करना उचित समझा गया। यह मानव जीवन के इस हिस्से की पृष्ठभूमि में है कि इन पहलुओं पर विचार करना कानून का एक महत्वपूर्ण प्रश्न बन जाता है जिस पर इस न्यायालय को ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

अन्य राज्यों द्वारा विकसित योजनाओं को रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया

न्यायालय ने अधिवक्ता एस.एम. रॉयकवार को न्यायालय की सहायता के लिए न्याय मित्र नियुक्त किया और एजीए अनुराग वर्मा को दोषियों के कल्याण के संबंध में अन्य राज्यों द्वारा विकसित योजनाओं को रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया।

एक महीने में उद्देश्य पूरा करने के लिए योजना या प्रस्ताव लाए सरकार

राज्य सरकार को खुली जेलों की अवधारणा का अध्ययन करने और उसके बाद एक महीने की अवधि के भीतर इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उचित योजना या प्रस्ताव अदालत के ध्यान में लाने का भी निर्देश दिया गया।

दोषियों के व्यापक हित में एक पूर्ण सुधारात्मक तंत्र विकसित किया जा सके

न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि उसके आदेश को अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह के साथ-साथ महानिदेशक, जेल और जेल सुधार के संज्ञान में लाया जाए, ताकि आवश्यक अनुपालन किया जा सके ताकि दोषियों के व्यापक हित में एक पूर्ण सुधारात्मक तंत्र विकसित किया जा सके।

राजस्थान और महाराष्ट्र में पहले से व्यवस्था

खुली जेलें बिना सलाखों वाली जेलें होती हैं, जिनमें पारंपरिक जेलों की तुलना में कम सख्त नियम होते हैं। वे न्यूनतम सुरक्षा के सिद्धांत पर काम करती हैं और कैदियों के आत्म-अनुशासन पर भरोसा करती हैं। दोषियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए खुली जेलों की अवधारणा राजस्थान और महाराष्ट्र राज्यों में विकसित की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय ने माफिया मुख्तार अंसारी की 74 लाख रूपये की संपत्ति जब्त की

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय ने माफिया मुख्तार अंसारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी 74 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। वहीं, बुलंदशहर के भू-माफिया सुधीर कुमार गोयल और उसकी पत्नी राखी गोयल को ईडी ने गिरफ्तार किया है। सुप्रीम कोर्ट से भी माफिया मुख्तार को राहत नहीं मिली और सुनवाई टाल दी गई। मुख्तार अंसारी ने 24 साल पुराने एक मामले में उसे पांच साल जेल की सजा सुनाने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के आपराधिक इतिहास को ध्यान में रखते हुए उसकी याचिका पर फिलहाल सुनवाई टाल दी है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने मंगलवार को यह कहकर याचिका पर सुनवाई टाल दी कि मुख्तार अंसारी एक कुख्यात अपराधी है और सुनवाई के लिए कई मामले पहले से लंबित हैं। मुख्तार अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बीती साल 13 अक्तूबर को यूपी सरकार से जवाब मांगा था।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंडलायुक्त व एडीजीपी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयुक्त प्रयागराज मंडल विजय विश्वास पंत, अपर पुलिस महानिदेशक भानू भास्कर के संयुक्त तत्वाधान में निर्वाचन में लगाये गये प्रभारी अधिकारियों व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में बनाये गये 2143 बूथों में मतदान कराने के लिए तैनात किये गये। प्रभारियों से दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन ईमानदारी के साथ टीम भावना से करते हुए निर्वाचन संपन्न करायें।

मंडलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन को पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार संवेदनशीलता के साथ कराये। साथ ही प्रशिक्षण कराने के बाद उनके दायित्वों का परीक्षण अवश्य लें जिससे मतदान व मतगणना प्रक्रिया में कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के दायित्वों हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार एक प्रारूप तैयार करवा लें और उसी के अनुसार कार्य कराये। जनपद के सभी विधानसभाओं के एआरओ सभी मतदान केंद्रों के बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं यथा रैम्प, शौचालय, पानी, प्रकाश व्यवस्था आदि को देख ले यदि कोई कमी है तो समय रहते सही करा दें। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वृहद प्रचार-प्रसार कराया जाय। बूथ लेवल अधिकारियो से उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान करने व किस बूथ में मतदान होगा की जानकारी संबंधी प्रमाण पत्र बूथ लेवल अधिकारी से लेने के निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने कहा कि मतदान व मतगणना को संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम का संचालन संवेदनशीलता के साथ कराया जाय। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पैनी नजर रखने हेतु पूरी व्यवस्थाएं कर लिया जाय। भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का भलीभांति अध्ययन करने की आवश्यकता है जिससे निर्वाचन में कोई समस्या न हो। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था कर लिया जाय। एआरओ के साथ पुलिस अधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों के आने जाने के मार्गों व पूर्व के निर्वाचनों के आधार पर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों वाले क्षेत्र में निर्वाचन में बाधा उत्पन्न करने वाले अपराधिक किस्म के लोगों को सुसंगत धाराओं में पाबंद किया जाय। उन्होंने कहा कि थाना व तहसील क्षेत्रवार की गई निरोधात्मक कार्यवाही की सूची बना लें। सोशल मीडिया में पैनी नजर बनाए रखें। वारंटियो पर नियमानुसार तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही कराई जाय। एसपी को निर्देशित किया कि जनपद में कही भी अवैध शराब न बनने पाए इसके लिए संभावित क्षेत्रों में लगातार छापेमारी किया जाय। आने वाले सुरक्षा बलों के रहने, खाने की व्यवस्थाओं की तैयारी दुरुस्त रखे।

नामांकन वाले स्थान से 500 मीटर की दूरी तक पूरा खाली होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने मंडलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जायेगा।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम, मुख्य विकास अधिकारी आदि सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया 33 कृषि विद्युत फीडरों का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

भारत सरकार की रिविम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत विद्युत व्यवस्था में सुदृढ़ किये जाने के लिए निर्मित कराए गए 33 कृषि फीडरों का जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शिलापट्ट का लोकार्पण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इन कृषि फीडरों के बन जाने से किसानों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। डाक बंगले में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आरडीएसस योजना के तहत बनाए गये कृषि फीडरों का लोकार्पण करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार बेहद चिन्तित है। सिंचाई के दौरान लो-वोल्टेज सहित फाल्ट की समस्याओं से किसान जूझते थे। जिसके चलते उनके नलकूप संचालित नहीं हो पाते थे। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिले में 151 कृषि फीडरों की स्थापना की जानी थी। जिसमें 33 कृषि फीडर बनकर तैयार हो गये हैं। जिनका लोकार्पण कर किसानों को समर्पित कर दिया गया है। शेष पर कार्य जारी है। जल्द ही इनका निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। उन्होने कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल में जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य कराये हैं। जनता का प्यार व स्नेह बना रहा तो तीसरी बार भी जिले से जीतकर वह चहुमुखी विकास कराने का काम करेंगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, सहित जहानाबाद, खागा, अयाह-शाह, बिन्दकी विधायक व बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

भाकियू ने क्षति का आंकलन कर की मुआवजे की मांग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

प्राकृतिक आपदा से चित्रकूट जिले का किसान उबर नहीं पा रहा है अन्ना जानवरों का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा। हालही में हुए ओलावृष्टि से किसानों की कमर टूट गई। सैकड़ों गाँवों में 60 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने किसानों का अतुलनीय मजाक उड़ाया है। मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि राहत आयुक्त को जिला प्रशासन ने भेजी रिपोर्ट में मात्र 10 ग्राम पंचायतों में मात्र 33 प्रतिशत नुकसान दिखाया है। सरकार की मंशा पर किसानों ने दर्द भी नही बया कर पा रहा। सैकड़ों गाँवो के किसान घूम सुक है। खेतो को देखते हुए रोते हैं। अपनी किस्मत को कोसते हैं, वही जिला प्रशासन कर्मचारियों द्वारा घर बैठ कर ओलावृष्टि की रिपोर्ट तैयार की गई। सर्वे रिपोर्ट पूर्णत्या गलत भेजी जा रही हैं। भाकियू ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सही मायने पर सर्वे कराते हुए रिपोर्ट भेजी जाए। दस ग्राम पंचायतों की नही लगभग सैकड़ो गांवों में किसानों का भारी नुकसान हुआ है। रमपुरिया, चनहट, अर्जुनपुर, मलवारा, खटवारा, अनीपुर, दैलापुरवा, मोंहरवा, सिद्धपुर, बनाडी, रिहुँटीया, पाण्डेय पुरवा, राजापुर, घुरेटनपुर, भानपुर, बम्बरी, सभापुर, बराछ, भरथौल, कोलॉन्हा, मानपुर, सीकरी, अमान, खंडेहा, लवेद, कन्ध्वनिया, बर्गदाहा, बिहारा, अमरावा, छुलहा सहित सैकड़ों ग्राम सभाओं में 60 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक चना मसूर, सरसों, अरहर, गेंहू, अलसी में भारी नुकसान हुआ। जिसका आंकलन सही तरीके से नही किया गया। भारतीय किसान यूनियन मांग करता है कि सही आकलन कराते हुए किसानों को मुवावजा दिया जाए।

संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अपराधों के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराधों के मामले में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी कर रहे हैं। अभाविप मानवता को शर्मशार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत है और कठोर भर्त्सना करती है।

इस मामले में राज्य सरकार की संलिप्ता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केन्द्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कराई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही हो। न्याय की सुगमता के लि पीड़ित महिलाओं को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाए और वर्षों के मानसिक शोषण से धीरे-धीरे उबरने के लिए इन महिलाओं को मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श सत्रों की सुविधा भी प्रदान की जाए।

इसके अलावा संदेशखाली को भयमुक्त बनाने के लिए केन्द्रीय बल तैनात किया जाए। जिससे परिवारों के पलायन पर विराम लगाया जा सके।

परिषद कार्यकर्ताओं ने शहर के धनुष चैराहे पर आकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित छह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री रामजीत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्या पाण्डेय, सहजिला संयोजक तेज प्रकाश, विजय कुमार केशरवानी, मोहित मिश्रा, सर्वेश पाण्डेय, अनुज निषाद, नितेश त्रिपाठी, बादल सिंह व प्रशांत गर्ग आदि मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

पत्रकार का बेटा बना एएसआई

जन एक्सप्रेस/बांदा। पत्रकार के पुत्र ने पुलिस सेवा में सहायक उप निरीक्षक का पद ग्रहण करके जनपद के नाम के साथ-साथ पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। शहर के छोटी बाजार निवासी मनोज गुप्ता विगत दो दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में रहकर समाज और शासन-प्रशासन की सेवा करते हुये इन्होंने अपने परिवार के बच्चों को भी संस्कार देना नहीं भूले, जिसकी वजह से श्री गुप्ता के पुत्र शिवम गुप्ता ने एएसआई की परीक्षा पास करके टेऊनिंग पूरी की है। मंगलवार को आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में पहुंचकर पुत्र शिवम को आशीर्वाद दिया है। शिवम के सहायक उप निरीक्षक पुलिस सेवा में चयन होने से जहां पूरे परिवार को खुशी हुई है वहीं जनपद के पूरे पत्रकार समाज ने पत्रकार के पुत्र को आशीर्वाद देते हुये बधाई दी है। शिवम गुप्ता की टेऊनिंग पूरे होने के बाद जैसे ही परिवार और रिश्तेदारों को सूचना मिली तो सारे रिश्तेदार खुश होते हुये दिनभर बधाई और शुभकामनाओं का तांता लगा रहा।

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस/बांदा। मंगलवार को मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम संभाग बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति में मंगलवार को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण चित्रकूटधाम बांदा की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न मार्गों के 67 नये आवेदन पत्र, 01 परमिट हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र एवं 02 मार्ग वृद्धि के आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें सम्यक विचारोपरान्त 53 नये परमिट स्वीकृत करने पर विचार किया गया तथा शेष अन्य प्रकरणों पर जांचोपरान्त आख्या सहित आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। बैठक में डा0 विजय कुमार उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र कानपुर, संत देव सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी चित्रकूटधाम संभाग बांदा तथा परिवहन विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

किसानों ने चौपट फसलों के मुआवजे के लिये मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/बांदा। बबेरू तहसील परिसर में मंगलवार को बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत के गांवों अलग अलग में पिछले दिनों हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फैसले बर्बाद हो गई थी। जिससे किसानों को फसलों के हुवे नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री व सपा से बांदा चित्रकूट लोकसभा से प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा उप जिलाधिकारी नमन मेहता के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है और मांग किया है कि ओलावृष्टि से किसानों की चैपट फसल, सरसों चना मसूर गेहूं अलसी आदि फसलों का निरीक्षण कराकर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने की मांग किया है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र पटेल, मनीष पटेल, अशोक यादव, अनूप, अन्नू मलिक सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद है।

पत्नी को वीडियो कॉलिंग के साथ पति ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस/बांदा। पत्नी को वीडियो कालिग करने के बाद पति ने फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहाकलां गांव निवासी अनिल (32) पुत्र रामकिशोर वर्मा चार वर्ष से बल्लभगढ़ हरियाणा में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। सोमवार की रात वह नशे की हालत में घर आया और गले में रस्सी का फंदा डालकर पत्नी रोशनी को वीडियो कालिंग कर फांसी लगाने की बात कहकर डरवाने लगा। इस पर पत्नी ने मना किया। वीडियो कालिंग करते सयम मोबाइल हाथ से छूट गया। अनिल मोबाइल उठाने लगा। इसी बीच उसके गले में फंदा कस गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनो ने घटना की जानकारी कुछ दूर पर रह रहे दूसरे भाई विमल को दी गई। मौके पर पहुंचे विमल ने देखा तो दरवाजे बंद थे। किसी तरह दरवाजा तोड़कर वह अंदर पहुंचा। देखा तो अनिल का शव फंदे पर लटक रहा था। मृतक दो भाईयो में बड़ा था। उसके एक पुत्री है। बताया जाता है कि अनिल नशे का आदी था। पत्नी को डरवाने के लिए फांसी लगा लिया। मोबाइल फोन गिरते ही यह घटना हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को पैतृक गांव लाया गया।

पुलिस बल और सीएपीएफ (एसएसबी) ने थाना पैलानी में किया एरिया डोमिनेशन

जन एक्सप्रेस/बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उपजिलाधिकारी पैलानी शशिभूषण, क्षेत्राधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह द्वारा जनपदीय पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा थाना पैलानी क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों में एरिया डोमिनेशन किया गया। इस दौरान थाना पैलानी के अलोना, खप्टिहाकला, कस्बा पैलानी में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से बातचीत कर उन्हे भयमुक्त होकर अधिकाधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस/बांदा। युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत गंभीर होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी रामनिहोर पटेल (24) पुत्र सुखदेव ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घरवालो को पता चला। उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानीदुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा रोहित पटेल ने बताया कि रामनिहोर किसानी करता था। दो भाईयो में छोटा था।

डीएम-एसपी ने लिया रामघाट व रामायण मेला स्थल के व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

महाशिवरात्रि व राष्ट्रीय रामायण मेला को देखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रामघाट व रामायण स्थल के व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि शिवरात्रि में मत्यगजेंद्र नाथ की सीढ़ियों पर व घाटों की साफ सफाई रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग एंट्री बनाएं। उन्होंने वाहन पार्किंग के बारे में जानकारी ली एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शहर को निर्देशित किया कि यूपीटीयू के पास वाहनों को रोका जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी व चैकी प्रभारी को निर्देशित किया कि दुकान अभी से अन्दर कराना सुनिश्चित करें। सीसीटीवी कैमरा संचालित व प्रकाश की व्यवस्था रहना चाहिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि भीड़ को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद रहे। उन्होंने कहा कि गोताखोर व नावो की व्यवस्था हमेशा दुरूस्त रहनी चाहिए किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि खोया पाया केन्द्र से लाउड स्पीकर पीकर संचालित रहे। अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पुल की भी सजावट कराएं। साथ ही पूजा सामग्री के लिए अलग से व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि बिजली के तार को चेक कराए, कहीं ढीला नहीं रहना चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने रामायण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामायण मेला स्थल पर सजावट अच्छी होनी चाहिए एवं बेड़ी पुलिया से रामायण स्थल तक पेड़ों पर झालर लाईट भी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मेला समिति से तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झूला लगाने वाले मालिक उप जिलाधिकारी कर्वी से परमिशन लिखित में लें एवं उप जिलाधिकारी, पीडब्ल्यूडी व अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि आकर चेक करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि शौचालय व साफ सफाई की व्यवस्था रामायण स्थल पर रहनी चाहिए। साथ ही फायर सेफ्टी व अग्नि शमन की भी व्यवस्था रहनी चाहिए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर हर्ष पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव, राष्ट्रीय रामायण मेला से प्रशांत करवरिया, करुणा शंकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

वाहन लूट की घटना का अनावरण, छह आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी एवं थाना मऊ की संयुक्त टीम द्वारा 6 आरोपियों को लूट की कार, घटना में प्रयुक्त तमंचा, 3 मोबाइल फोन तथा मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

28-29 फरवरी की रात्रि में रामलाल सोनी पुत्र रामदास सोनी निवासी बल्लभ नगर सतना रोड मैहर मध्य प्रदेश के साथ गढ़वा गांव जाने वाले जंगल के रास्ते में अज्ञात लुटेरों ने तमंचा लगाकर उनके हांथ पांव बांधकर उनकी कार को लूट ली थी। जिसके सम्बन्ध में थाना मऊ में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर एसओजी प्रभारी एवं प्रभारी निरीक्षक मऊ को निर्देशित किया था। एसओजी एवं थाना मऊ की संयुक्त टीम द्वारा टिकरा गांव के बाहर शिवम पटेल के डेरा से घटना में सम्मिलित 6 आरोपियों शिवम पटेल, अजीत पटेल निवासीगण टिकरा, सोनू साहू निवासी आमीन, गोविन्द गढ थाना ताला जिला रीवा मध्य प्रदेश, आफताब अंसारी निवासी पीथा कियारी निरसा की चट्टी थाना निरसा जिला धनबाड झारखण्ड, रवि लोनिया निवासी गोविन्द गढ जिला रीवा मध्य प्रदेश व सत्येंद्र पाठक निवासी अजरौली थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से लूट की कार, घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस, 3 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि वह लोग पहले पूना में एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। पैसा कम मिलने की वजह से लूट की घटना करने का योजना बनाई। फरवरी के अन्तिम सप्ताह में पूना से चलकर मानिकपुर होते हुये चित्रकूट आये थे, यहीं पर मऊ के शिवम व अजीत पटेल मिले, जो पहले पूना में काम करते थे।

4 वर्षीय बालक का अपहरण एवं हत्या की घटना का अनावरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी तथा उनकी टीम द्वारा ग्राम सुरसेन में 4 वर्षीय बालक का अपहरण कर हत्या की घटना का खुलाशा करते हुये 1 बाल अपचारी सहित 02 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बीती 24 जनवरी को वादी रसीद पुत्र अजय खान निवासी सुरसेन ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि उनका 4 वर्षीय पुत्र समीर खान दिन से गायब है। काफी खोजा गया, किन्तु नहीं मिला। इस सूचना पर थाना सरधुवा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना सरधुवा पुलिस द्वारा 25 जनवरी को बालक का शव वादी के घर के सामने सरसों के खेत से बरामद हुआ था। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा द्वारा विवेचना से प्रकाश में आयीं शायरा, चुन्नी उर्फ सफीना निवासी सुरसेन तथा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया।

पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि समीर की माँ रुकसाना ने उनकी पुत्री चुन्नी उर्फ सफीना का रिश्ता गलत लांछन लगाते हुये तुड़वा दिया था। वह इसी कारण से रुकसाना के परिवार से रंजिश रखते थे तथा उनका पुत्र समीर भी उन्हें अक्सर गाली देता था।

8 मार्च को होगा राष्ट्रीय रामायण मेला का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राष्ट्रीय रामायण मेला के 51वें महोत्सव का उद्घाटन अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी के महंत स्वामी राजूदास महाराज करेंगें। आयोजन को भव्य बनाने के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई। देश के विभिन्न प्रांतों के सांस्कृतिक दल, कलाकार, मानस मर्मज्ञ, मनीषी, विद्वान, संत, महंतो के रामकथा पर आधारित व्याख्यान के साथ ही ब्रज की रासलीला, रामलीला व फिजी देश की रामलीला मेला के प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहेंगें।

कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी ने बताया कि महोत्सव 8 से 12 मार्च तक होगा। इस बार मेले में देश-विदेश के कलाकार शिरकत करेंगें। फिजी देश की रामलीला आकर्षण का केन्द्र रहेगी। आयोजन का उद्घाटन अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी के महंत स्वामी राजूदास महाराज करेंगें। इस अवसर पर जगदगुरु शंकराचार्य गोवर्द्धन पीठ कूवीमाय स्वामी अधोक्षजानंद महाराज सहित चित्रकूट के संत मदन गोपाल दास, रामजी दास, दिव्यजीवन दास, दीनदयाल दास आदि महंत मौजूद रहेंगें। सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक डा. बीके जैन, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, समाजसेवा संस्थान के गोपाल भाई, अभिमन्यु सिंह आदि भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में हैदराबाद के पुट्टपर्ति नागपदमिनी, प्रयागराज से डा. सभापति मिश्र, बांदा के डा. चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित, लखनऊ से डा. विद्याबिन्दु, सुल्तानपुर से डा. ओंकारनाथ द्विवेदी, डा. श्रीराम परिहार, रमेश तिवारी खंडवा, रांची के डा. जंगबहादुर पांडेय, मुजफ्फर नगर के रामदेव शर्मा आदि विद्वान रामकथा पर आधारित व्याख्यान देंगें। आठ मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूजा अग्रवाल का कथक नृत्य, नौ मार्च को नृत्य कलाग्रह की नृत्य नाटिका, दस मार्च को सांस्कृतिक कला संगम नई दिल्ली की संपूर्ण रामायण पर नाटिका, 11 मार्च को अजय मिश्रा मुम्बई के भजन गायन, तृप्ति शाक्या लखनऊ के भजन, सुजाता केशरी के लोकनृत्य, 12 मार्च को मेनिका मिश्रा लखनऊ के लोकगीत आदि मनोहारी प्रस्तुतियां विशेष आकर्षक का केन्द्र रहेंगी। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि 50 वर्ष रामायण मेला के हो चुके हैं। इस बार 51वां महोत्सव विशेष होगा। पूरी तैयारी कर ली गई है।

ख्यातिलब्ध कलाकारों का मंचन होगा। इस मौके पर शिवमंगल शास्त्री, राजाबाबू पांडेय, मनोज मोहन गर्ग, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, मो. यूसुफ, कलीमुद्दीन बेग, पप्पू श्रीवास्तव, डा. धनश्याम अवस्थी, हेमेन्द्र मिश्रा, इम्त्याज उर्फ लाला आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 06 मार्च 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	24°C	12°C
कानपुर	24°C	11°C
देहरादून	23°C	09°C
नई दिल्ली	23°C	10°C

योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया

* डीजी विजिलेंस राजीव कृष्णा पर राज्य सरकार ने भरोसा जताते हुए उनको भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में राज्य सरकार ने भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा को हटा दिया है। उन्हें फिलहाल प्रतीक्षारत रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस का गलत चयन, एफआईआर कराने में हीलाहवाली और बोर्ड की आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट देने में देरी की वजह से उनको हटाने का फैसला लिया गया है। वहीं दूसरी ओर डीजी विजिलेंस राजीव कृष्णा पर राज्य सरकार ने भरोसा जताते हुए उनको भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सूत्रों की मानें तो पेपर लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ जल्द ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकती है। अब तक हुई जांच में प्रिंटिंग प्रेस से ही पेपर लीक होने के प्रमाण मिल रहे हैं। एसटीएफ की टीमें प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों, कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों आदि के बारे में गहनता से पड़ताल करने में जुटी हैं। अधिकारियों की मानें तो जल्द ही पेपर लीक मामले में कई अन्य जिलों में भी एफआईआर कराने की तैयारी है।

अभय बने डीजी नागरिक सुरक्षा

इसके अलावा हाल ही में डीजी के पद पर प्रोन्नत हुए अभय कुमार प्रसाद को ईओडब्ल्यू से हटाकर नागरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बता दें कि मुकुल गोयल के सेवानिवृत्त होने के बाद डीजी नागरिक सुरक्षा का पद रिक्त हो गया था।

पेपर लीक मामले में एफआईआर

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के लिए 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा के दौरान कृष्णानगर स्थित एक स्कूल में परीक्षार्थी सत्य अमन कुमार के पास मिली सवालों के जवाब की पर्ची से पेपर लीक होने की आशंका जताई थी। एफआईआर दर्ज कराने वाले इंस्पेक्टर ने भी तहरीर में सुनियोजित तरीके से पेपर लीक होने की बात लिखी। वहीं, परीक्षार्थी को सवालों के जवाब व्हाट्सएप पर भेजने वाले आरोपी नीरज को अब तक पुलिस ने नहीं पकड़ा है। आरोपी नीरज को प्रश्नों की जानकारी कहां से मिली, यह अहम सवाल अभी तक अनसुलझा है।

यूपी एसटीएफ ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

यूपी के सभी 75 जिलों में सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। बाद में यूपी सरकार ने परीक्षा को रद्द कर दिया था। साथ ही छह माह में इसे फिर से कराने के निर्देश जारी किए गए थे। मामले में कार्रवाई करते हुए यूपी एसटीएफ ने बीती दो मार्च को दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को इनके पास से प्रवेश पत्र व अन्य अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। मामले में विभूतिखण्ड थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार किए गए अरोपियों में प्रयागराज का अजय सिंह और सोनू सिंह यादव शामिल हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा में प्रदेश के करीब 50 लाख युवाओं ने भाग लिया था। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया था। पेपर लीक के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और छह महीने के अंदर दोबारा परीक्षा कराने का एलान किया गया था। वहीं एक मार्च को एसटीएफ ने लोनी के पुश्ता पुलिस चौकी के पास से एक और आरोपी कपिल तोमर निवासी ग्राम बेगमाबाद गढ़ी बागपत को गिरफ्तार किया था।



शपथ के सामने दूसरी शपथ

योगी के मंत्रिमंडल विस्तार के सामने अखिलेश यादव ने भी दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, भाजपा विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बेरोजगार और पेपरलीक से प्रताड़ित युवाओं को शपथ दिलाई। उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर कहा कि हम **बेरोज़गार: पेपरलीक से प्रताड़ित, नौकरी के लिए भटक रहे युवा** अपने भविष्य को बचाने के लिए ये शपथ लेते हैं कि हम ऐसे दलों को ही वोट देंगे जिनका लक्ष्य नौकरी-रोजगार देना है। साथ ही ये भी शपथ लेते हैं कि हम सक्रिय होकर अपने परिवार और आसपास के मतदाताओं को सौहार्दपूर्ण-सकारात्मक राजनीति के लिए जागरूक करेंगे व आगामी लोकसभा चुनाव में संविधान में विश्वास करने वाले दलों को जिताने के लिए समाज से खुलकर अपील करेंगे। हम इस नारे को हर परिवार, हर युवक-युवती तक पहुँचाने की भी शपथ लेते हैं। भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ।

जिम्मेदारी से फिर भागा तहसील प्रशासन, नहीं कराई तालाब खुदाई की जांच!

अचली खेड़ा तालाब की खुदाई में रघुवंशी फर्म द्वारा जमकर उड़ाई गई नियमों की धज्जियां

* क्षेत्र में परमिशन के नाम पर जमकर हो रहा अवैध खनन का कारोबार

लापरवाह तहसील प्रशासन व खनन विभाग...!
सूत्र का दावा...! अचली खेड़ा में रेलवे के नाम पर मिली खनन की परमिशन, निजी बिल्डर की रिश्ता मनेटा साइड में 10 हजार के भाव मिरी 60 डंकर मिट्टी

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज तहसील अंतर्गत रेलवे यार्ड में मिट्टी आपूर्ति के नाम पर रघुवंशी फर्म को मिली खनन की परमिशन के बाद अचली खेड़ा ग्राम पंचायत में स्थित गाटा संख्या 1060 तालाब में मानक के विपरीत खुदाई कर निजी बिल्डरों व अन्य स्थानों पर मोटे दामों पर मिट्टी का सौदा किया गया। उक्त मामले को लेकर जहां मोहनलालगंज उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार रिपोर्ट तलब की लेकिन अब तक मामला ज्यों का त्यों बना रहा। ग्रामीणों की मानें तो दिन रात हुई तालाब की खुदाई में ज्यादातर मिट्टी उतरेठिया रेलवे यार्ड में ले जाने के बजाय स्थानीय जन प्रतिनिधियों व अन्य दलालों के साथ मिलाकर रघुवंशी फर्म द्वारा निजी बिल्डरों के प्रोजेक्ट में बेची गई है।

निजी बिल्डर कहां से ले जा रहे मिट्टी, तहसील प्रशासन के पास मौजूद नहीं हैं आंकड़े

यदि बात की जाए निजी बिल्डरों के नवीन प्रोजेक्ट निर्माण में मिट्टी भराई किए जाने हेतु मिट्टी कहां से लाई जा रही है तो इस बात का आंकड़ा मोहनलालगंज तहसील के पास उपलब्ध नहीं है। वहीं लेखपालों व अन्य क्षेत्रीय अधिकारियों को इस बात का भी भान नहीं है कि किस क्षेत्र में क्या काम हो रहा है। ऐसा मालूम होता है कि तहसील के लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों के पास मिट्टी खुदाई व प्रॉपर्टी डीलरों की पैमाईश के अलावा आम जनता के कार्यों के लिए समय निकालना मुश्किल सा हो गया है।

बड़ा सवाल!

- कहां से आई रिश्ता मानेटा में 60 डम्फर मिट्टी, कितना आया राजस्व?
- अधिकारियों की उदासीनता का सरकार पर क्या होगा असर?
- रेवड़ी की तरह मिली खनन की परमिशन तो भौतिक सत्यापन से परहेज क्यों?

अधिकारियों की उदासीनता के चलते जनहित के मुद्दों पर शिकायत करने से आम आदमी करता है परहेज

उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी का उदासीन रवैया भी किसानों व क्षेत्रीय जनता के आस पर पानी फेरता नजर आ रहा है। जबकि मोहनलालगंज तहसील के उप जिलाधिकारी सहित क्षेत्रीय कर्मचारियों को भी मामले की जानकारी दी गई। फर्म द्वारा रेलवे यार्ड में मिट्टी भराई की परमिशन के बावजूद निजी हित में मिट्टी की बिक्री करना खनन विभाग की शर्तो का उलंघन करने के अलावा राजस्व की क्षति भी मानी जा रही है। जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण आम आदमी जनहित के मुद्दों को अधिकारियों तक पहुंचाने में हिचकिचाने लगा है। अचली खेड़ा तालाब खुदाई मामले पर क्षेत्रीय लेखपाल व उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज सहित तहसील का हर जिम्मेदार निशब्द सा नजर आने लगे हैं।

61 खादिमुल हुज्जाज का लॉटरी से चयन

* खादिमुल हुज्जाज हज यात्रियों के प्रति दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें: दानिश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों के सहायतार्थ व मार्गदर्शनार्थ भेजे जाने वाले ख़ादिमुल हुज्जाज हज सेवक का चयन अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी एवं उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रज़ा की उपस्थिति में मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस सरोजनीनगर मे किया गया। लाटरी प्रक्रिया के तहत पर्ची निकलवाकर 61 खादिमुल हुज्जाज हज सेवक का चयन किया गया। इस अवसर पर राज्य हज समिति के सदस्यगण भी उपस्थित थे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हज यात्रियों को हज के दौरान किसी भी स्तर पर कोई भी कठिनाई का सामना न करना पड़े और उन्हें बेहतरीन सुविधायें प्रदान की जाये। श्री अंसारी ने चयनित महिला एवं पुरुष आवेदकों को बधाई देते हुए निर्देश दिये कि चयनित ख़ादिमुल हुज्जाज इस प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों को हज यात्रा के दौरान हर सम्भव सहायता प्रदान किये जाने में पूर्ण सहयोग देंगे।

युवती ने पाइप में रस्सी के सहारे लगाई फांसी, हुई मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के महिगवां थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक युवती ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बता दें कि ज्योति पाल पुत्री राम नरेश पाल (20) वर्ष निवासी ग्राम पलिया ने अपने शारीरिक कष्ट से परेशान होकर घर के कमरे के ऊपर पड़े टीन सेट के पाइप में रस्सी डालकर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लीं। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची महिगवां थाना पुलिस ने शव का पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कों पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

श्रीराम कथा में शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन हर्षित हुए भक्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कथा स्थल महाकालेश्वर मन्दिर सेक्टर एफ, एल.डी.ए. कॉलोनी, आशियाना लखनऊ में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा में मंगलवार को कथा व्यास महामण्लेश्वर स्वामी डॉ0 उमाकान्तानन्द सरस्वती महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। शिव-पार्वती विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे। आशियाना लखनऊ में श्रीराम कथा के समस्त शाश्वतम् एवं आशियाना परिवार के संरक्षक राज दुबे के अपार सहयोग से चल रहे श्रीराम कथा में महामण्लेश्वर स्वामी डां0 उमाकान्तानन्द सरस्वती महाराज जी ने शंकर पार्वती विवाह प्रसंग भी सुनाया।

लोकसभा चुनाव को लेकर मंडलायुक्त व आईजी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

*** निष्पक्ष,पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने का दिया निर्देश**

जन एक्सप्रेस। अमेठी

मंडलायुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल व आईजी अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर ले उसके उपरांत निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में जो संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथ हैं।उन्हें देख लें तथा वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो लोग चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले हो उन्हें पूर्व में ही चिन्हित कर लें। सभी बूथों पर बिजली, पानी, रैंप, छांव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर पूर्व में ही रूट प्लान तैयार कर लें। इस दौरान आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि जिन गांवों में पूर्व में विवाद हुए हैं, उनको चिन्हित कर लें। तथा वहां पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रखें।निर्वाचन के दौरान जनपद के सभी बॉर्डर पर बैरियर तथा कैमरा लगाने के निर्देश दिए। चुनाव के दृष्टिगत जनपद में शस्त्र लाइसेंस को जमा कराएं तथा जिन लोगों का शास्त्र जिलाधिकारी कार्यालय में दर्ज नहीं है। उनके लिए अभियान चलाकर दस दिनों के अंदर दर्ज कराएं। नामांकन को लेकर पूर्व में ही तैयारी सुनिश्चित कर लें। रैलियों के लिए पहले से ही स्थान को चिन्हित कर लें।निर्वाचन के दौरान कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री, निर्माण व संचयन ना होने पाए। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए।

बैठक के उपरांत मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, संयुक्त कार्यालय, भूलेख नजारत व अभिलेखागार का निरीक्षण किया तथा जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में पांच वर्ष से लंबित केसों की स्थिति, कोर्ट चलने की स्थिति एवं कोर्ट रूम में फाइलों के रखरखाव आदि का अवलोकन किया।

अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकार्डो के रखरखाव को देखा और मॉडर्न कॉम्पैक्टर में रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि इससे पहले की पुराने रिकॉर्ड खराब होने की स्थिति में पहुंचे उन्हें स्कैन कर डिजिटली सुरक्षित रखा जाए। इसके बाद उन्होंने संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों पर कार्यरत लिपिकों, कर्मचारियों से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने विगत दिनों में हुई बारिश से जनपद में किसी भी प्रकार की हुई क्षति के बारे में पूछा तो बताया गया कि जनपद में किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। मंडलायुक्त व आईजी प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग हाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग डिस्पैच काउंटर मीडिया गैलरी आदि व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मांग न पूरी हुई तो करेंगे सामूहिक आत्मदाह: भारतीय चमार महासभा

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

भारतीय चमार महासभा की जिला यूनिट ने मंगलवार को नगर के तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन किया। महासंगठन द्वारा पांच सूत्रीय एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। भारतीय चमार महासभा के जिला प्रभारी तरकेश कोरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग मंगलवार को डीएम ऑफिस पहुंचे। ग्राम सभा कूरेभार के दाखिनवारा ग्राम पंचायत में राशन खाद्यान्न दुकान को ग्राम पंचायत से करीब अटैच करने की मांग की गई। बताया गया कि 4 किलोमीटर दूर खाद्यान्न राशन की दुकान को अटैच कर दिया गया है।इससे ग्राम वासियों को राशन लाने और आने-जाने में दिक्कत होती है। भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय सचिव ध्रुव नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि बीते वर्ष 2023 के माह फरवरी का करीब 600 लोगों का राशन का वितरण भी नहीं हुआ था। जिसकी शिकायत संगठन द्वारा जिले के अधिकारी से लेकर महामहिम राष्ट्रपति तक हुई थी। 1 साल बाद जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार ने खाद्यान्न की दुकान के निलंबन की कार्यवाही की थी। वही धूप नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि करीब 2 महीने बीतने वाला है न तो खाद्यान्न दुकान का चयन हो पाया और न ही गांव के करीब में खाद्यान्न दुकान अटैच किया गया है। जिला प्रभारी तारकेश कोरी ने कहा आज हम लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांग से अवगत कराया है। अगर जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत दखिन वारा राशन की दुकान ग्राम पंचायत को इस्माइलपुर से सम्बद्ध नहीं किया गया तो एक सप्ताह के बाद हम लोग सामूहिक आत्मदाह करेंगे।

जिसकी जिम्मेदारी जिला पूर्ति अधिकारी की होगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे प्रकरण को लेकर संगठन पदाधिकारियों को आश्वसत किया गया है।

सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को केंद्रीय मंत्री करेंगी सम्मानित

*** करोड़ों की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

जन एक्सप्रेस। अमेठी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी आज अपने संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के लिए गांव-गांव आयोजित हुए सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को अलग-अलग पांचों विधान सभा क्षेत्रों में पहुंचकर सम्मानित करेंगी। वहीं अमेठी में महिलाओं के सम्मान के साथ करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति बुधवार को सुबह दस बजे सलोन विधान सभा क्षेत्र की सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर के विशाल टाकीज के करीब मैदान में पुरस्कार वितरण करेंगी। दोपहर बारह बजे वह तिलोई विधान सभा क्षेत्र की महिला प्रतिभागियों को खेल का मैदान रमई में पुरस्कृत करेंगी। सवा एक बजे जगदीशपुर के मन्नत मैरिज लान, रामलीला मैदान के बगल आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचेंगी। ढाई बजे गौरीगंज के मनीषी महिला महाविद्यालय में गौरीगंज विधान सभा क्षेत्र के विजयी प्रतिभागियों के बीच पहुंचेंगी।

शाम चार बजे अमेठी के डा.भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में विधान सभा क्षेत्र की विजयी महिला प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगी।दीदी स्मृति महिलाओं को पुरस्कार देने के साथ वह उनसे सीधा संवाद भी करेंगी। अमेठी में महिलाओं के सम्मान के साथ करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय एवं मुंशीगंज थाने का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अमेठी

मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय अमेठी गौरीगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सबसे पहले उन्होंने सलामी गार्द की सलामी ली। तदोपरान्त पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं,लोक शिकायत प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय, डीसीआरबी,स्- थानीय अभिसूचना इकाई चुनाव सेल,प्रधान लिपिक कार्यालय,आंकिक शाखा, अपराध शाखा मॉनीटरिंग सेल आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की गहनता से पूछताछ की गयी एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों का अवलोकन व अभिलेखों केरख रखाव को जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गये। आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि होली आदि एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक द्वारा व्यवस्थाओं को जांचा गया।तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व वैधानिक कार्यवाही के संबंध में संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में मण्डलायुक्त अयोध्या, परिक्षेत्र अयोध्या व पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, परिक्षेत्र अयोध्या द्वारा थाना मुंशीगंज का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क, मालखाना हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। और दैनिक जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई।

महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर समयवद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

अपराधियों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस कर्मियों का बीट बुक का अवलोकन कर एचएस, टाप-10, एक्टिव लिस्ट व विगत तीन वर्षों में जेल से छूटे अपराधियों आदि का चौकी हल्कावार लिस्ट बनाकर निगरानी रखने हेतु कहा गया।शस्त्रों के नियमित रूप से साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को सजग रहकर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंच कर निष्पक्ष रूप से विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

जमीनी विवाद को लेकर महिला प्रधान को घर में घुसकर पीटा, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

जमीनी विवाद में घर में घुसकर दबंगों ने महिला प्रधान पर जानलेवा हमला किया। गंभीर रूप से घायल प्रधान को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वही इस मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। घटना धनपतगंज थाना अंतर्गत सोती सदाव की है। घटना को लेकर प्रधान पूनम पांडेय ने बताया कि मेरे घर के सामने एक जमीन है जिस पर अभी दो दिन पहले विवाद हुआ था। वहां जो पेड़ था उसको काट लिए और वहां कचरा फेंकने लगे। मैने बोला कि इस जमीन पर स्टे है यहां पर कचरा मत फेंको तो मुझे गाली देने लगे और बोले कि तुम्हारे घर तक कचरा फेंकूगा। मैने बोला कि मैं पुलिस को बुलाई हूं तो मुझे भद्दी-भद्दी गली देते हुए मेरे घर में घुस आये और मेरा गला दबाकर मुझे तीन-चार थप्पड़ मारे। फिर मेरा बेटा चिल्लाने लगा तो मुझे फेंक दिया। उसके बाद मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। प्रधान पूनम पाण्डेय के पति प्रभाशंकर पाण्डेय ने बताया कि चंद्रकांत और सूर्यकांत इससे पहले हमको भी मार चुके हैं और मेरी पत्नी को भी मार चुके हैं। मैं तारीख के लिए गया हुआ था। तो यह लोग घर का चैनल खोल करके मेरे घर के अंदर घुस गए। मेरी पत्नी डर के छत की तरफ भागी तो यह लोग ऊपर चढ़कर के गए और दूसरे मंजिल से मेरी पत्नी को नीचे फेंक दिया। उन्होंने बताया कि मेरे घर के सामने एक जमीन है जिसका इनसे मुकदमा 15 नंबर कोर्ट में चल रहा है। हमारा कोर्ट से स्टे भी है। लेकिन यह लोग सरहंगई से कभी कट्टा दिखाते हैं कभी बंदूक दिखाते है।

इन लोगों ने अब तो अति ही कर दी। मेरा बेटा मौके पर मौजूद था वह इस घटना का गवाह है। इससे पहले हमने इन लोगों की शिकायत एसओ पंडित तिवारी से की थी तो वह बोले पंडित जी जाने दीजिये समझा-बुझा कर छोड़ दिए और आज इन लोगों ने हमारे साथ में ऐसा कर दिया। वही एसओ पंडित त्रिपाठी ने बताया कि जमीनी विवाद में घटना हुई है। तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

प्लेबैक सिंगर पहुंचे बिजेथुआ धाम, हुआ जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

अपनी बेहतरीन गायकी के लिए प्रख्यात व बॉलीवुड के विभिन्न गानों में अपनी आवाज दे चुके भदोही निवासी अंकुर पाठक आज बीजेथुआ धाम दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान कादीपुर नगर, सुरापुर चैक एवम जगह-जगह उनके फैंस ने जोरदार स्वागत किया। बताते चलें कि अंकुर पाठक के कई गाने बॉलीवुड में फेमस हुए हैं। इसके अलावा इंस्टाग्राम पर उनके लाखों फॉलोअर हैं। फैंस ने बताया कि प्रत्येक दिवस अंकुर पाठक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए-नए संगीत के वीडियो डालते रहते हैं,जिनके व्यूज लाखों में रहते हैं। बिजेथुआ पहुंचकर अंकुर पाठक ने पारंपरिक रूप से पूजा पाठ करने के उपरांत प्रत्येक दिवस की आरती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि उक्त धाम के बारे में मैं बहुत सुन रखा था,आज दर्शन करके मन तृप्त हो गया। इस दौरान बिजेथुआ धाम परिसर में मौजूद साथियों ने उन्हें गर्भ ग्रह का स्मृति चिन्ह एवं पुष्प देकर सम्मानित किया। मौके पर समाजसेवी रवि नाग एवं वरिष्ठ युवा नेता नितिन सिंह गोलू,पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप सिंह गप्पू,मोनू सिंह,शिवम पांडेय,रिंकू मिश्रा, वीरू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए नि:शुल्क पंजीयन: पोस्टमास्टर जनरल

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका नि:शुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन 'क्यूआरटी पीएम सूर्यघर' के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए नि:शुल्क पंजीयन कर रहे हैं। विदित हो कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हज़ार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हज़ार जबकि तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्रमश: औसतन 0-150, 150-300, 300 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बिजली बचाने और विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह योजना शुरू की है एवं अंतरिम बजट में लोगों को हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। योजना के तहत एक करोड़ घरों पर बिजली के लिए सोलर सिस्टम लगाने का एलान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

एमएसपी को लेकर किसानों ने निकाली बाइक रैली, प्रशासन नाकाम

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

किसानों ने संयुक्त रूप से सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। नगर क्षेत्र में प्रशासन को चुनौती देते हुए किसानों द्वारा बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली के माध्यम से किसानों ने एमएसपी की गारंटी का कानून को लेकर किसानों को जागरूक किया। साथ ही एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा है।

किसान नेता हृदय राम वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को नगर के अंदर बाइक रैली निकाली। जो शहर के प्रमुख चैराहो से होकर गुजरी। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वर्तमान की मोदी सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया। किसान संगठनों ने संयुक्त रूप से एक बैनर तले आकर शहर क तिकोनिया पार्क से बाइक रैली निकाली। किसानों की रैली को रोकने में प्रशासन विफल रहा, सिटी मजिस्ट्रेट उल्टे पांव ही वापस लौटे। बाइक रैली पर झंडा बैनर लगाकर किसान जागरूकता फैलाते देखे गए। किसान नेता हृदय राम वर्मा ने बताया कि शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर जो किसान एमएसपी को लेकर बैठा है उन्हीं के समर्थन में ये बाइक रैली की गई है। सरकार से मांग है कि सरकार किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी दे। उन्होंने ये भी कहा कि मोदी ने 2014 में कहा था हमारी सरकार बनेगी तो हम स्वामी नाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करेंगे। सीटू प्लस फिफ्टी की रिपोर्ट लागू करेंगे।

पीसीपीएनडीटी एक्ट को लेकर कार्यशाला आयोजित, जनपद का लिंगानुपात बढ़ा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

यह खुशी की बात है कि जनपद का लिंगानुपात पिछले साल सालों में 916 से बढ़कर 942 हो गया है। साल 2017-18 में जनपद का लिंगानुपात 916 था और 2023-24 में बढ़कर 942 हो गया है। यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने एनएमटीसी में आयोजित कार्यशाला में कहीं। यह कार्यशाला प्रसवपूर्व निदान तकनीकी,विनियमन एवं दुरुपयोग निवारण अधिनियम (पीसीपीएनडीटी), 1994 विषय पर आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि अभी इस पर हमें और प्रयास करना है।

उन्होंने कहा कि लैंगिक विषमता जैसी सामाजिक कुरीतियों को भी दूरने के लिए अनेक प्रयास सरकार द्वारा और सामाजिक संस्थाओं द्वारा उठाए जा रहे हैं।

इस मौके पर पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा. अरविंद कुमार ने एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि भ्रूण हत्या रोकने के लिये यह अधिनियम सरकार द्वारा लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करना या करवाना कानूनन दंडनीय अपराध है।

लिंग जांच करके बताने वाले को पाँच साल की सजा या एक लाख का जुर्माना तो है ही साथ में जो व्यक्ति भ्रूण लिंग जांच करवाता है उस को को पाँच साल की सजा या 50,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि प्यारी बिटिया डॉट कॉम साइट के माध्यम से अल्ट्रासाउंड करने वाले डायगनोस्टिक केंद्रों और करवाने वालों की पूरी जानकारी रखी जाती है। इसका लिंक है www.pyaribitia.com इस लिंक पर अल्ट्रासाउंड केंद्र द्वारा फॉर्म-एफ भरकर अपलोड किया जाता है। इसमें अल्ट्रासाउंड करने और करवाने वाले का सारा विवरण होता है और एक पंजीकरण नंबर भी होता है। इस माध्यम से अल्ट्रासाउंड करवाने के उद्देश्य का भी पता चलता है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी एस अस्थाना ने जानकारी दी कि भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सरकार द्वारा **मुखबिर योजना** चलाई जा रही है। आम आदमी भी इस योजना से जुड़कर लिंग चयन/भ्रूण हत्या/अवैध गर्भपात में संलिप्त व्यक्तियों/ संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही में सरकार की मदद कर सकते हैं और उसके एवज में सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकते हैं।

मुखबिर योजना के तहत तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाता है जिसमें एक गर्भवती होती है। जो भी व्यक्ति भ्रूण हत्या होने की सूचना टीम को देता है उसे इनाम के तौर पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

इस योजना की अहम बात है कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है। टीम को भ्रूण हत्या करने वाले केंद्रों का स्टिंग ऑपरेशन करना होता है और इसका वीडियो बनाकर स्वास्थ्य विभाग को देना होता है।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग पुलिस को लेकर आगे की कार्यवाही करती है। स्टिंग करने वाली टीम को प्रति स्टिंग दो लाख रुपए दिये जाने का प्रावधान है जिसमें एक लाख रुपए गर्भवती को, 60,000 रुपए मुखबिर को और 40,000 रुपए टीम के तीसरे सदस्य को दिए जाते हैं।

प्रत्येक माह की 01, 09, 16 एवं 24 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जनपद में निजी इम्पैनल्ड अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गर्भवती महिलाओं को ई-वाउचर के माध्यम से निः शुल्क अल्ट्रासाउंड की सेवाएँ प्रदान की जा रही है।

समुद्र मंथन की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए भक्तगण

*** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित शिव प्रसाद मिश्रा द्वारा समुद्र मंथन का सुंदर वर्णन**

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी

विकासखंड के अंतर्गत घनश्याम शुक्ला भट्ट मऊ स्थित आवास प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित शिवप्रसाद मिश्र जी महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न- भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं ।समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता।

देवता की जीत से जीवन में खुशी

महाराज श्री ने बताया कि जिसके अंदर के दानव जीत गया उसका जीवन दुःखी, परेशान और कष्ट कठिनाइयों से भरा होगा और जिसके अंदर के देवता जीत गया उसका जीवन सुखी, संतुष्ट और भगवत प्रेम से भरा हुआ होगा। इसलिए हमेशा अपने विचारों पर पैनी नजर रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव जीवन को सुखमय एवं आनंद मय बनाना चाहिए।

भक्तों की तालिया की गड़गड़ाहट जयकारों के बीच बीच में महाराज श्री ने भागवत भजन के द्वारा माहौल को भागवत मय एवं भक्ति मय बना दिया। कथा सुनने के लिए भक्तों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती देखी जा रही है।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | बुधवार | 06 मार्च 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आसमान साफ रहेगा लेकिन हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 25.6 (-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 10.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 93 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 38 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

ट्रांसजेंडर ने प्रेमी को जिंदा जलाने के लिए रची थी अग्निकांड की साजिश

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

कानपुर नगर। शहर में अंधे प्रेम का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुन आप चकरा जाएंगे। क्योंकि यहां जो प्रेम का मामला सामने आया है उसे प्रेम में महिला पुरुष नहीं सिर्फ और सिर्फ लड़के शामिल रहे हैं। एक लड़के ने दूसरे प्रेमी लड़के के साथ शादी कर जीवन बिताने के लिए अपना जेंडर तक बदल लिया ब्रेस्ट सर्जरी तक करवा ली। लेकिन दूसरा प्रेमी लड़का जब लड़के से लड़की बन चुकी प्रेमिका संग जीवन बिताने से इंकार कर दिया तो प्रेमिका ने बदला लेने के लिए प्रेमी को परिवार समेत जिंदा जला डालने का प्रयास किया लेकिन अपने एक सहयोगी संग पकड़ी गई है।

ज्ञातव्य हो कि बीते दिन रविवार को चकेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत देर रात श्याम नगर स्थित हाउसिंग सोसाइटी में के एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार में स्कूटी सवार दो लोगों द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी और आग के बीच में रेस्टोरेंट में मौजूद 10 लोग फंस गए थे किसी तरह अग्निशमन यंत्र व पानी डालकर आग को बुझाते हुए मामले की जानकारी पुलिस को दी गई थी। प्रार्थना पत्र मिलते ही चकेरी पुलिस द्वारा इलाके के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो दोनों स्कूटी सवारों की पुलिस ने पहचान करते हुए उन्हें धर दबोचा और पूछताछ में पता चला कि इंदौर निवासी दीप की दोस्ती रेस्टोरेंट के संचालक वैभव शुक्ला से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी जिसके बाद 2022 में दीप तनवानिया और वैभव एक दूसरे के प्यार में पागल हो गए थे।

वैभव शुक्ला

पुलिस ने 40 किलोमीटर दूर पीछा करके पकड़ा

दीप ने बताया जेंडर चेंज करने के बाद वैभव शादी करने की बात से मुकर गया उसने कहा कि तुम्हारे बच्चे तो नहीं हो सकते हैं इसलिए तुमसे शादी करने से क्या फायदा है वैभव की यह बात दीप को बुरी लग गई थी इसके बाद उसने वैभव से बदला लेने का सोचा। पुलिस ने सर्विलांस से उसकी लोकेशन ट्रेस की जिसमें पता चला कि दोनों बस से इंदौर भाग रहे हैं इसके बाद चकेरी थाने की पुलिस ने 40 किलोमीटर दूर तक उनका पीछा कर उन्हें दबोच लिया पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि अनूप कुमार शुक्ला के प्रार्थना पत्र पर घटना की जांच शुरू की गई है इसमें पाया गया है अनूप कुमार शुक्ला के बेटे वैभव शुक्ला की ट्रांसजेंडर दीप तनवानिया से नजदीकी थी दीप तनवानिया इंदौर के थाना साउथ तुकोगंज की पीएफ कॉलोनी का रहने वाला है।

वृंदावन में मिलने के बाद बदलवाया जेंडर, खर्च किए 45 लाख

पुलिस की पूछताछ में दीप ने बताया कि वैभव ने जुलाई 2022 में उसे मिलने के लिए वृंदावन बुलाया था जेंडर बदलवाने पर शादी करने की बात कही थी, दीप ने अपना जेंडर बदलवा लिया तो वैभव ने दीप कानपुर में बुलाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए दीप ने बताया कि लड़की बनने के लिए तीन सर्जरी कराई जिसके लिए उसने करीब 47 लाख रुपए खर्च किए वैभव द्वारा तीन लाख रुपए दिए गए थे और एक सर्जरी दिल्ली में भी हुई थी।

प्यार में पागल दीप ने बदल लिया था जेंडर और बन गया लड़की

दीप तनवानिया वैभव शुक्ला के प्यार में इतना पागल था कि उसने अपना जेंडर तक बदलवा लिया और ब्रेस्ट सर्जरी करवा कर लड़की बन गया और वैभव से शादी का दबाव बनाने लगा लेकिन वैभव ने शादी से इनकार कर दिया और कानपुर वापस आ गया। दीप ने वैभव से बदला लेने के लिए अपने साथी रोहन यादव को साथ लिया और एमपी से कानपुर नगर आ गया था ऑनलाइन स्कूटी बुक करते हुए उसमें उसने पेट्रोल डलवाया और वैभव के घर से पहले ही ट्यूब के सहारे स्कूटी के फ्लूट टैंक से पेट्रोल निकलते हुए रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी और भाग निकला, इधर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे की सहायता लेकर चकेरी पुलिस ने दोनों को धर दबोचा और सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

दबंग शराबियों ने दुकान में लगाई आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना कल्याणपुर क्षेत्र स्थित एक दुकानदार ने शराबियों को दुकान के बाहर शराब पीने से मना किया तो शराबियों ने दुकानदार के साथ मारपीट की और दुकान बंद होने के बाद दुकान में आग लगा दी। आग को देख क्षेत्रीय लोगों ने तत्काल आग को बुझाते हुए दुकानदार व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बताते चलें कि कल्याणपुर के मिर्जापुर निवासी मोनू मिश्रा पनकी रोड पर अंग्रेजी बियर शॉप के ठीक सामने पान, मसाला व चाय की दुकान चलाते हैं। मोनू मिश्रा ने बताया कि सोमवार की देर रात उनकी दुकान के बाहर दो युवक शराब पी रहे थे। उन्होंने दुकान के बाहर शराब न पीने को लेकर कहा तो दोनों युवक गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो दोनो युवक मारपीट करने लगे इसी दौरान आसपास के लोगों को आता देख दोनों युवक फरार हो गए। जिसके बाद वह दुकान बंद करके घर चले गए। लेकिन कुछ देर के बाद शराब के नशे में दोनों युवक वापस आए और उनकी दुकान में आग लगा दी। आसपास के लोगों ने तत्काल आग बुझाई और फोन पर सूचना दी। मोनू मिश्रा ने बताया है समय रहते आग बुझा दी गई।

जिसके चलते ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है लेकिन दुकान के अंदर रख चिप्स और टाफी के पैकेट व डब्बे जल गए हैं। वही चौकी इंचार्ज पनकी रोड ने बताया है कि अज्ञात युवकों के नाम पर तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्माक्यूटिकल साइंस में मंगलवार को फार्मा फेस्ट का अयोजन किया गया। जिसमें आयोजित क्रिक्रेट, बैटमिंटन, रस्साकसी, वॉलीवाल, पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र छात्राओ ने प्रतिभाग किया। प्रथम सत्र कार्यक्रम का सुभारम्भ रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव एवं आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक एवं द्वितीय सत्र का उद्घाटन प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन विभाग की निर्देशिका डॉ.शशि किरन मिश्रा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर डॉ.शशि किरन मिश्रा, डॉ.निशा शर्मा, डॉ. ए. राजेंद्रन, अनुप्रिया कपूर, डॉ.अजय कुमार यादव, पी.सी. गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, संदीप पाल, अंशु, अंकिता, रिया, अवंतिका, मसरूफ आदि मौजूद रहे।

आपरेशन त्रिनेत्र : शतरंज महासंघ ने 10 चौराहों को लिया गोद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में अपराध को रोकने व घटनाओं का सफल खुलासा करने के लिए पुलिस आयुक्त ने आपरेशन त्रिनेत्र नाम से अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति चौराहों को गोद ले वहां पर लगने वाले सीसीटीवी कैमरों का पूरा खर्च वहन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को अखिल भारतीय शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ.संजय कपूर ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिलकर 10 चौराहों को गोद लेने का अनुरोध किया है। एक चौराहे पर करीब सवा लाख रुपये का खर्च आता है जिसका वहन गोद लेने वाला करता है।

कानपुर शहर के नागरिकों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा शहर के सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुड़कर महत्वपूर्ण चौराहों/तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरों के स्थापन में सहयोग करने की अपील की गई थी। इसी क्रम में मंगलवार को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने सामाजिक जिम्मेवारी के तहत अपने स्मार्ट शहर को अधिक सुरक्षित शहर बनाने के लिए अपने सहयोगी हाथ आगे बढाएं हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष डॉ.संजय कपूर द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से शिष्टाचार भेंट की एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ की तरफ से प्रथम चरण में 10 चौराहों को गोद लेकर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत कैमरों के स्थापन हेतु गोद लिए हुए चौराहों की नामावली सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया गया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि ऐसे सहयोग से निश्चित तौर पर कानपुर शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

भाजपाइयों ने विधानसभा वार संकल्प पत्र सुझाव पेटियां लगाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे संकल्प पत्र सुझाव अभियान के अंतर्गत लोकसभा चुनाव केंद्रीय कार्यालय, भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय, भाजपा दक्षिण कार्यालय एवं विधानसभा वार संकल्प पत्र सुझाव पेटियां लगाई गई। इस कार्यक्रम के क्रम मे मंगलवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प पत्र सुझाव पेटिका लेकर गोविंद नगर, चावला मार्केट, विद्यार्थी मार्केट, नटराज सिनेमा तक बाजार के दुकानदारों के पास पहुंचकर भाजपा का संकल्प पत्र तैयार करने के लिए सुझाव मांगे गए।संपर्क के दौरान व्यापारियों ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देशभर में हुआ विकास देश की जनता को भली भांति दिख रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। व्यापारियों ने भाजपा को समर्थन देने का वादा किया। इस अवसर पर सुनील नारंग, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, गौरव तिवारी, पार्षद नवीन पंडित, विद्या वर्मा, विक्की मुर्जानी आदि मौजूद रहे।

जनता के लिए काल बने रात के लुटेरों को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लगातार आए दिन शहर में रात के अंधेरे में लूटपाट करने वाले गैंग के दो सदस्यों को रायपुरवा पुलिस ने सर्विलांस टीम के सहयोग से धर दबोचा है। दबोचे गए लुटेरों के पास से एक स्कूटी, लूट के कई मोबाइल बरामद हुये हैं। रेलवे से भी कई बार शातिर लुटेरा अनुराग सोनी उर्फ दीपक जेल जा चुका है। लुटेरों का आपराधिक इतिहास खोजा जा रहा है। साथ ही गैंगस्टर व संपत्ति जब्ती की कार्रवाई भी होगी।

ज्ञातव्य हो कि नौबस्ता निवासी जगदीश शुक्ल के साथ बीते दिनों मोबाइल लूट की घटना हुई थी। जिसके बाद रायपुरवा पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी थी। रायपुरवा और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रुप से लुटेरे नसीमाबाद निवासी अनुराग सोनी और कल्याणपुर के रहने वाले राकेश उर्फ जैकी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन दोनों ने कई घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। लुटेरों के पास से लूट के पांच मोबाइल, एक्टिवा गाड़ी और नकदी बरामद हुई है।डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने मंगलवार को बताया कि लूट का खुलासा तो हुआ ही अन्य कई घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। साथ ही बताया कि अनुराग कई बार पहले भी लूट के मामले में जेल जा चुका है। अन्य साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। साथ ही बताया कि घटना का खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार का ईनाम दिया जायेगा। यह भी कहा है कि आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की जायेगी और संपत्ति सीज होगी।

मोबाईल कोर्ट में 28 दिव्यांगों की समस्या रखी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दिव्यांगजन आयुक्त उत्तर प्रदेश के कोर्ट में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने 28 दिव्यांगजनो की समस्या प्रस्तुत करवाया। जिस पर आयुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को जवाब देने का निर्देश दिया है।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि परियोजना अधिकारी डूडा, पुलिस आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसील, आयुध निर्माणी से जुड़े मामले उन्होने उठाया है। डूडा कार्यालय ने दिव्यांगजनो का आसरा आवास योजना में आरक्षण नहीं दिया है। वही तहसील मे दिव्यांगजन के आय प्रमाण पत्र आमदनी से अधिक के बनाये जा रहे है। पुलिस द्वारा दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत दिव्यांगजनो कि रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में यू0डी0 आई0डी0 कार्ड आफ लाईन दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नही बनाया जा रहा है। दिव्यांगजन का अक्षमता प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। वही आयुध निर्माणी में पारिवारिक पेंशन के लिये परेसान करने की शिकायत दर्ज कराई है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि मोबाईल कोर्ट से दिव्यांगजनो की समस्याओं का त्वरित समाधान होने से दिव्यांगजन में आशा कि किरण जगी है। समय समय पर मोबाईल कोर्ट का आयोजन होना चाहिए।

निकरा परियोजना के कार्यों की दी हुई जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवम प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के औरंगाबाद गांव में किसानों द्वारा कृषि में किये गए प्रदर्शनों का अवलोकन मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र दिलीप नगर एवं केंद्र द्वारा निकरा परियोजना के अंतर्गत जोनल मोनिटरिंग कमिटी निकरा द्वारा किया गया।

जिसमे गेहूं की फसल का निरीक्षण करने के साथ टीम ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित कृषि कार्यो व केन्द्र द्वारा किये जा रहे कृषि कार्यो का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि निकरा परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि को जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभाव से बचाना है।

उन्होंने भूमि की उपजाऊ शक्ति कम व गिरते भूमि जल स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें संसाधन संरक्षण तकनीकों के साथ-साथ भूमि सुधार को भी अपनाना होगा। केन्द्र के प्रभारी डॉ.ए.के. सिंह ने के वी के द्वारा निकरा परियोजना के तहत किये गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों की खेती की पैदावार को बढ़ाने के लिए कृषि तकनीकों को किसानों तक अभियान चलाकर पहुंचाया जा रहा है।

जिससे किसान कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी पैदावार बढ़ा सके। महिला सशक्तिकरण के लिए निकरा परियोजना से बीज उपचार, पोषण वाटिका आदि भी स्थापित की गई हैं। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. शशिकांत, डॉ. खलील खान, डॉ. निमिषा अवस्थी, डॉ. मिथिलेश वर्मा, गौरव शुक्ला, शुभम यादव एवं औरंगाबाद के महिला, पुरुष कृषक मौजूद रहे।

पैसे के लेनदेन में अधेड़ को लोहे की रॉड मार किया घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना चकेरी क्षेत्र स्थित सावित्री नगर मंगला विहार दित्तीय सनिगवा के एक ऑफिस में एक दर्जन से अधिक महिला वा पुरुष के द्वारा घुसकर ऑफिस के मालिक को लोहे की रॉड मारने पीटने और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ऑफिस मालिक ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित धर्मेंद्र वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बताया कि उसका एक किसान से पैसों का लेनदेन था। किसान के दबंग बेटे गजनी का कहना था पैसे हमको दे दो उसके पिता को मत देना। धर्मेंद्र की माने तो उन्होंने पैसा देने से इनकार कर दिया तो गजनी और उसका साला संतोष उसकी पत्नी रिया गुप्ता वा दर्जन से अधिक लोग जिसमें चार-पांच महिलाएं भी शामिल थी अचानक उसके ऑफिस के अंदर घुस आए और उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया हैं जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। इस दौरान ऑफिस में रखा फर्नीचर तोड़फोड़ करके बाहर खड़ी कार को लोहे की रॉड से क्षतिग्रस्त कर उसके अंदर रखें नकद रुपए तथा एक अंगूठी एक मंगलसूत्र लेकर चले गए। आसपास के क्षेत्रीय लोग घायल धर्मेंद्र को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। पीड़ीत धर्मेंद्र का कहना था कि चकेरी थाने में उसने प्रार्थना पत्र ले दिया है लेकिन अभी तक पुलिस ने हमलावरों पर कोई कोई कार्यवाही नहीं की है। सूचना देने पर मौके पर चौकी इंचार्ज आए और घटनास्थल का वीडियो बनाकर ले गए लेकिन आरोपी अभी भी उसको धमका रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

हिस्ट्रीशीटर और उसके परिजनों ने गर्भवती महिला को पीटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना हरबंस मोहाल के सुतरखाना में निवास करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर और उसके परिवार पर गर्भवती महिला को उसके पति समेत पीटने का आरोप लगा है। मारपीट करने वाले दबंग पिंटू सेंगर हत्याकांड के मुख्य आरोपी फैसल और रेलबाजार हत्याकांड के आरोपी अफ्फान कुरैशी के है सगे रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना हरबंस मोहाल क्षेत्र में निवास करने वाली गर्भवती महिला और उसके पति को कैमरे न हटाने के कारण हिस्ट्रीशीटर बॉबी और उसके परिवार द्वारा बुरी तरह पीटा गया है। मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर लिया है।

भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली वाहन यात्रा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चे के पदाधिकारी लगातार लोगों के बीच जाकर पार्टी के द्वारा की गई उपलब्धियां को गिनाने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में बीजेपी महिला मोर्चा दक्षिण के द्वारा शक्ति बंधन वाहन यात्रा का आयोजन किया गया। वाहन यात्रा दक्षिण महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता तिवारी के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्कूटी लेकर यात्रा में अपनी भागीदारी निभाई। अनिता तिवारी का कहना था कि एक दिन पहले उन्होंने शक्ति बंधन अभियान के तहत सोमवार को महिला मोर्चा की तरफ से एक दौड़ का आयोजन किया गया था और आज वाहन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा कई किलोमीटर तक जाएगी और सरकार के द्वारा की गए कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी ताकि होने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन सके और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री चुने जाएं। यात्रा की शुरुआत कानपुर के नौबस्ता स्थित बुंदेलखंड क्षेत्र कार्यालय से की गई जिसे बीजेपी के दक्षिण जिलाध्यक्ष शिव राम सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

संदेशखाली की घटना को लेकर छात्र-छात्राओं ने जताया विरोध

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के बाहर संदेशखाली में महिलाओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में धरना प्रदर्शन कर एबीवीपी की छात्र छात्राओं ने विरोध जताया। महिलाओ पर हुए अत्याचार के विरोध में सुबह से ही हाथो में बैनर तख्तियां लिए छात्र छात्राओं ने धरना प्रदर्शन किया, बैनर पर जस्टिस फॉर संदेशखाली लिखा था। छात्रों ने बताया कि संदेशखाली की पीड़िताओं का दर्द, ममता के, संरक्षण में शाहजहा शेख और उसके गुर्गे करते थे महिलाओ का शोषण, कहा गए महिला सम्मान की दुहाई देने वाले कांग्रेसी, सेकुलर और एजेंडाबाज़ यूट्यूबर, ममता सरकार हाय हाय, ममता सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते, छात्र कुछ ही देर में जीटी रोड के बीचों बीच आ कर बैठ गए और रास्ता जाम कर दिया।

छात्र छात्राओं ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उच्च अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन देना चाहते थे। कोई भी आधिकारी के मौके पर मौजूद ना होने पर छात्र छात्राओं ने जीटी रोड जाम कर दी, उच्च अधिकारियों को जीटी रोड जाम की सूचना मिलते ही एसीएम 6, एसीपी कल्याणपुर मौके पर पहुंचे और छात्र छात्राओं को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कहना है कि विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के दौरान इस वीभत्स घटना का खुलासा हुआ।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?

2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है।

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी। चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था।

एक्सप्रेस आलेख

चूंकि अब विश्व महिला दिवस 8 मार्च को आने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं, इसलिए सारी बहस कार्यशील औरतों तक ही सिमट कर नहीं रह जानी चाहिए। अब भी अनेक औरतों को घरों में अपने ही पतियों के जुल्मों-सितम का शिकार होना पड़ता है। महिला पंचायत में आने वाली औरतों में उन बेबस महिलाओं की संख्या भी खासी रहती है, जो घरेलू हिंसा का लगातार शिकार होती हैं। इनकी व्यथा सुनकर खून के आंसू बहाने का मन करता है। जब देश में औरतों को उनके वाजिब हक दिलवाने की मांग हो तो उन असहाय औरतों को नजरअंदाज न कर दिया जाए जो दिन-रात अपने घरों में काम करने के बाद भी अपने जालिम पतियों के वहशीपन का शिकार होती रहती हैं।

कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान?

आर.के. सिन्हा

भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नौकरियों की बहार आने के बाद हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में नौकरियां रात के समय की ही होती हैं। इन परिस्थितियों में कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा तो देनी ही होगी। यह देखना होगा कि उनका दफ्तर के भीतर किसी तरह से यौन उत्पीड़न न हो।

अब सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी दुनिया किसी भी तरह से मर्दों से पीछे नहीं हैं। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तरों और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते हुए भी मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूलों-कालेजों में जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके महिलाओं के पीछे पड़ ही जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं 'स्टॉकिंग'। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में एक इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते ही रहते हैं। किसी महिला का हाथ धोकर पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही ख़त्म किया जा सके। एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है; उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यह अधिकतर उत्तर प्रदेश,बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा से और अनेकों बांगलादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सब कुछ है। यहां पर रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली 'महिला पंचायत' में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके

इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं कितनी आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे।

कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, के प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अशलील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिन भर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं। इस कारण से बहुत सारी औरतें नौकरी छोड़ने तक के बारे में सोचने लगती हैं। अनेकों किशोरियां डर के मारे पढाई भी छोड़ देती हैं। दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि जो लोग स्टॉकिंग में शामिल होते हैं, वे बहुत मोटी चमड़ी वाले दुष्ट अपराधी होते हैं। सख्ती से मना करने के बाद भी वे बेशर्मी से महिला का पीछा करते रहते हैं। महिला के उन्हें अस्वीकार करने के बाद भी वे बाज नहीं आते। वे अपनी हरकतों को जारी रखते हैं। बेशक, स्टॉकिंग एक गंभीर अपराध है। इस अपराध से दो-चार होने वाली लड़कियों/ महिलाओं को तुरंत पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। यदि वे आगे आकर शिकायत नहीं करेंगी, तो उनका पीछा करने वालों को गलतफहमी होने लगेगी कि वे सचमुच में बहुत ताकतवर हैं। उन्हें लगेगा कि वह जो चाहे कर सकते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि जब किसी महिला को अपने पीछे पड़े हुए व्यक्ति से दो-चार होना पड़ता है तो वह बुरी तरह से मनोवैज्ञानिक रूप से टूटने लगती है। यह अपने आप में घोर उत्पीड़न है और इससे कम कुछ नहीं। लड़कियाँ पीछा करने वाले से लगातार भयभीत रहती हैं। याद रख लें कि किसी भी समाज के चरित्र को जानने के लिए आपको यह देख लेना काफी होगा कि वहां पर कितनी महिलाएं कार्यशील हैं। जिस समाज में जितनी अधिक औरतें कार्यशील होंगी वह समाज उतना ही प्रगतिशील माना जाएगा। इसलिए कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा देना समाज और सरकार का पहला दायित्व है। अब नौकरियां सुबह दस से शाम पांच बजे तक की बहुत कम रह गई हैं। अब तो दिन-रात दफ्तर चलते हैं। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नौकरियों की बहार आने के बाद हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में नौकरियां रात के समय की ही होती हैं। इन परिस्थितियों में कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा तो देनी ही होगी। यह देखना होगा कि उनका दफ्तर के भीतर किसी तरह से यौन उत्पीड़न न हो। उन्हें कोई फोन करके परेशान न करता हो या फिर उनका कोई पीछा न करता हो। इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं कितनी आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, उन्हें कार्यस्थल पर बेहतर माहौल और अपने पुरुष साथियों के बराबर वेतन भी मिलेगा। बेशक, जिन दफ्तरों में महिलाएं मुलाजिम होती हैं वहां पर माहौल कुल मिलाकर सकारात्मक ही रहता है। इसलिए किसी दफ्तर का समावेशी होना बहुत जरूरी है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	एकादशी 28:12 तक
नक्षत्रः	पूर्वाषाढ़ा 14:40 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	बुधवार
योगः	व्यतिपाता, 11:24
सूर्योदयः	06:44
सूर्यास्तः	18:20
चंद्रमाः	धनु राशि में
राहुकालः	12:32-13:59
विक्रमी संवत्:	2080
शक सम्वतः	1945
मासः	फाल्गुन
शुभ मुहूर्तः	कोई नहीं

जन एक्सप्रेस

है लिया संकल्प !

मिला नया नारा ।
अमल होने वाला ।।
है लिया संकल्प ।
लाना नया उजाला ।।
फिर उसी तल्लीनता से ।
है करना विस्तार ।।
सोच नई करके ।
जाना जनता द्वार ।।
होगा सफर पूरा ।
ऐसा हुआ विचार ।।
डाल देंगे झोली में ।
फिर वही सरकार ।।
लेखा जोखा शुरू हुआ ।
हुआ कितना काम ।।
तोड़ना ना क्रम ।
लाख लगे इल्ज़ाम ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

गूंजती रही हवा में पुकार मेरी
सदैव करती रही मनुहार तेरी,
मधुर मधुर गीत मेरे तुम्हें सुनाती,
गीतों की पुकार हमेशा तुम्हें लुभाती।
स्पर्श उनके अति मधुर मधुर
मुस्कान दे गए मुझे मधुर मधुर।
आशु पी गए मेरे, अधरों से अपने
मुस्कुराहट दे गए अधरों पर मेरे।
वीणा की तरह लहराती पुकार मेरी
दौड़े चले आए सुनकर मनुहार मेरी।
अंधकार में छोड़ प्रभु तुम कहां गए
गूंजती पुकार मेरी प्रभु तुम कहां गए।
अंबर में सभी दिशाओं में, हवाओं में
लौट आओ प्रभु, विरह की पुकार में।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

सीखना केवल किसी लक्ष्य तक पहुँचने के बारे में नहीं है, यह एक रोमांचक यात्रा है जहां आप अपनी जिज्ञासा का पालन करते हैं

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

शिशु के लिए फायदेमंद है ब्रेस्ट मिल्क बाथ

आपने अक्सर सुना होगा मां का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। मां के दूध यानी कि ब्रेस्ट में कई एंटीबॉडीज और न्यूट्रिएंट्स होते हैं जो शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी माने जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि ब्रेस्ट मिल्क में विटामिन ए और एंटीबॉडी युक्त कोलोस्ट्रम, नवजात शिशुओं की जरूरतों के लिए अनुकूल रूप से विकास में मदद करता है। ब्रेस्ट मिल्क शिशु के पीने के लिए कितना अच्छा इसके बारे में तो हम सब जानते हैं, लेकिन क्या आपने ब्रेस्ट मिल्क बाथ के बारे में सुना है? जी हां ब्रेस्ट मिल्क बाथ छोटे शिशुओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ब्रेस्ट मिल्क बाथ करवाने से शिशु की स्किन मॉइस्चराइज होती है।

स्किन को मॉइस्चराइज करता है: एक्सपर्ट का कहना है कि ब्रेस्ट मिल्क में फैटी एसिड्स जैसे पॉमिटिक एसिड, ओलिएक एसिड जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शिशु की त्वचा को मॉइस्चराइज रखते हैं। जिन शिशुओं की स्किन पैदा होने के साथ ही फटने लगती है उनके लिए ब्रेस्ट मिल्क बाथ बहुत फायदेमंद होता है। ब्रेस्ट मिल्क शिशु की नाजुक त्वचा से ड्राइनेस को भी कम करने में मदद करता है।

स्किन डैमेज को करता है ठीक: ब्रेस्ट मिल्क में दो प्रकार के लिनोलेनिक एसिड पाए जाते हैं। ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड। यह दोनों ही पोषक तत्व सूरज की हानिकारक किरणों और प्रदूषण के कारण होने वाले स्किन डैमेज को ठीक करने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं ब्रेस्ट मिल्क बाथ बच्चों की त्वचा के टिश्यू को रिपेयर कर डैमेज को ठीक करने में मदद करता है।

डायपर रैश से दिलाता है राहत: लंबे समय तक डायपर पहनने की वजह से जिन बच्चों की नाजुक त्वचा पर रैशेज हो जाते हैं तो वह भी ब्रेस्ट मिल्क बाथ का फायदा उठा सकते हैं। ब्रेस्ट मिल्क में टोपिकल ओइंटमेंट्स पाया जाता है जो डायपर रैशेज को ठीक करता है।

शिशु को कैसे करवाएं ब्रेस्ट मिल्क बाथ: शिशु को ब्रेस्ट मिल्क बाथ करवाना बहुत ही आसान है। इसके लिए पहले 2 लीटर पानी को बाथटब में गुनगुना करके डाल लीजिए। गुनगुने पानी में 150 मिलीलीटर ब्रेस्ट मिल्क को मिलाएं। आपको पानी में इतना ब्रेस्ट मिल्क इतना मिलाना है जिससे उसका रंग बदल जाए। यदि आप नहाने के पानी में ज्यादा मात्रा में ब्रेस्ट मिल्क मिलाते हैं तो बच्चे को %दूधिया% गंध आ सकती है। पानी का रंग बदलने के बाद बच्चों को इससे नहलाए। बच्चों की स्किन को फायदा पहुंचाने के लिए आप सप्ताह में 2 बार ब्रेस्ट मिल्क बाथ दे सकते हैं।

एक्सप्रेस विशेष

गांधी मैदान का संदेश

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

बिहार की 40 सीटें एनडीए और इंडिया दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो जाएगी। इसी बात को ध्यान में रखकर शायद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर उत्तर प्रदेश की 80 और बिहार की 40 सीटें हराने का निर्णय आम आदमी ने ले लिया तो भाजपा का क्या होगा?

लालू प्रसाद यादव ने अपने चुटकुले अंदाज में कहा कि जब नरेंद्र मोदी ने सारे देश के लोगों से खाता खोलने और खुलवाने की बात कही तो वह भी धोखे में गए और उन्होंने भी अपना और अपने बच्चों का खाता इस लालच में खुलवाया की सब में 15 लाख आ जाएंगे। लेकिन आया तो आज तक एक पैसा नहीं। सुनने में यह बात बहुत छोटी प्रतीत होती है लेकिन इसका असर दूर तक होता है।

यह सही है कि पटना का गांधी मैदान सत्ता को उखाड़ फेंकने का भी केंद्र बना था। यह भी सही है कि यहीं से लोकनायक जयप्रकाश नारायन ने एक नायकवाद की जननी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनौती दी थी। उस वक्त उन्होंने नारा दिया था ÷गद्दी खाली करो कि जनता आती है।÷ उन दिनों एक नारा और भी परवान चढ रहा था- डरो नहीं, डरो नहीं जे0पी0 अभी मरे नहीं। संपूर्ण क्रांति का नारा भी इसी पटना के गांधी मैदान से दिया गया था। वही गांधी मैदान जहां रविवार को ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन के तीन बड़े दल एक साथ एक मंच पर थे और चुनौती दे रहे थे। मोदी सत्ता को। इस रैली में कितनी भीड़ आई होगी इसका आंकलन आप नेशनल न्यूज़ चैनलों से बिल्कुल नहीं कर सकते क्योंकि उनके रिपोर्टर तो नौकरी कर रहे थे। लेकिन रैली में जिस तरह का लोगों में उत्साह था वह यह बताने के लिए काफी था कि अगर आम आदमी अपने सरोकारों और अपने मुद्दों को लेकर सड़क पर आ गया तो सारे बंधन स्वतः टूट जाते हैं। आम आदमी का गुस्सा जब परवान चढ़ता है तो बड़े से बड़ा तानाशाह भी घबरा उठता है। वैसे गनीमत यह है कि अभी भारत के लोगों में सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ उतना गुस्सा नहीं है। अगर गुस्सा होता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 370 सीटे 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले बिल्कुल ना कह पाते? और ना ही यह कह पाते की तीसरी बार फिर वे प्रधानमंत्री की शपथ लेने वाले हैं। ऐसे में अगर मैं यह कहूं कि गुस्सा राजनीतिक दलों के नेताओं में है आम आदमी में नहीं तो गलत नहीं होगा। लेकिन जिस तरह पटना की रैली में विपक्षी नेताओं जिनमें प्रमुख है कांग्रेस के राहुल गांधी, सपा के अखिलेश यादव तथा राजद के तेजस्वी यादव ने आम आदमी के अंदर सत्ता प्रतिष्ठान के विरुद्ध गुस्सा भरने और गुस्सा दिलाने का काम किया है। वह इस बात का संकेत है कि यदि गांधी मैदान की वह भीड़ वोट में परिवर्तित हो गई तो बिहार की 40 सीटे एनडीए और इंडिया दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो जाएगी। इसी बात को ध्यान में रखकर शायद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर उत्तर प्रदेश की 80 और बिहार की 40 सीटे हराने का निर्णय आम आदमी ने ले लिया तो भाजपा का क्या होगा? वैसे यह तो एक राजनीतिक बयान है और इसका कितना असर 2024 के लोकसभा चुनाव में पड़ेगा यह तो समय बताएगा? लेकिन राजद प्रमुख तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने अपने अंदाज में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा उससे आम आदमी कनेक्ट जरूर हुआ क्योंकि वह कोई राजनीतिक बयान नहीं था बल्कि आम आदमी की परेशानी को सहजोर और नरेंद्र मोदी को कमजोर करने वाला बयान था। लालू प्रसाद यादव ने अपने चुटकुले अंदाज में कहा कि जब नरेंद्र मोदी ने सारे देश के लोगों से खाता खोलने और खुलवाने की बात कही तो वह भी धोखे में गए और उन्होंने भी अपना और अपने बच्चों का खाता इस लालच में खुलवाया की सब में 15 लाख आ जाएंगे। लेकिन आया तो आज तक एक पैसा नहीं। क्योंकि प्रत्येक भारतवासी ने यह ख्वाब देखा था कि उसके खाते में 15 लाख रुपये आ जाएंगे। लालू प्रसाद यादव के इस बयान से भाजपा समर्थक माने या न माने लेकिन इससे मोदी गारंटी प्रभावित जरूर हो सकती है? यह ठीक है कि इस मामले पर स्पष्टीकरण देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने एक बार कहा था कि यह महज एक चुनावी जुमला था इसके सिवा कुछ नहीं। क्योंकि हर कोई जानता है कि 15 लाख रुपये नहीं आ सकते। लेकिन आम आदमी आज भी इस इंतजार में है कि उसके खाते में 15 लाख रूपये कब आएंगे? इसी कब आने को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने अंदाज में प्रधानमंत्री मोदी को घेरा और उपस्थित जन सैलाब की तालियां बटोरी। पाठकों को याद होगा कि यह वहीं लालू प्रसाद यादव हैं जिन्होंने कमंडल की राजनीति के पुरोधा लालकृष्ण आडवाणी को अपने मुख्यमंत्री के कार्यालय में गिरफ्तार किया था और फिर यहीं से मंडल का जन्म हुआ था। कमंडल बनाम मंडल? इस समय एक बार फिर कमंडल और मंडल का बाजार काफी गर्म है। भाजपा की राजनीति के केंद्र बिंदु में जहां कमंडल है यानि मंदिर और हिंदुत्व। वहीं INDIA जिसकी जड़ में मंडल है, भ्रष्टाचार है, बेरोजगारी है, सरकारी नौकरियों में खेल है तथा पिछड़े का जोर है। अब आने वाले समय में कमंडल भारी पड़ता है, मोदी की गारंटी भारी पड़ती है, विकसित भारत की परिकल्पना भारी पड़ती है या फिर पिछड़ा वर्ग, गरीब, मजदूर, बेरोजगार तथा सरकारी नौकरी की उम्मीद असरदार साबित होती है? यह भविष्य बताएगा लेकिन पटना के गांधी मैदान की रैली ने यह जरूर बता दिया है कि भाजपा का 370 का सपना उतना आसान नहीं है जितना लोग समझ रहे हैं। इस रैली की सफलता को देखते हुए यदि केंद्रीय जांच एजेंसियां कानून तो अपना काम करेगा ही की तर्ज पर काम करना शुरू करती है तो कोई अचरज नहीं होना चाहिए।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बीईओ ने सम्मानित किया

पोस्टर में रहनुमा और भाषण में अजय ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ईसानगर के ब्लॉक संसाधन केंद्र खमरिया में बीईओ की अगुवाई में बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कई स्कूलों के बच्चों ने सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर, भाषण व क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें से नौ छात्र-छात्राओं ने अलग-

अलग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया।इनको बीईओ ने सम्मानित कर जल्द ही शासन द्वारा मिलने वाली सहायता भी दिलवाने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बीईओ अखिलानंद राय की अगुवाई में ब्लॉक संसाधन केंद्र ईसानगर में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के द्वारा भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में करीब 6 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया, जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता में कन्या पाठशाला खमरिया की रहनुमा, ऐरा की रुली और जसवंतनगर की विनीता ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा भाषण में बेहटा के अजय, ऐरा के विक्रम और दरिगापुर स्कूल के सौरभ ने बेहतर किया।वहीं, क्विज में दरिगापुर के विनीत, बेहटा के आजम व ऐरा स्कूल के विक्रम ने पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को बीईओ ने पुरस्कृत कर जल्द ही जिले से मिलने वाली सहायता भी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान शिक्षक राजेश यादव, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, आलोक अवस्थी, निकहत अजरा, निरुपमा सक्सेना, अनिल कटियार, अरुण कुमार, रवि मिश्रा, मिथिलेश कुमार, मनीष कुमार आर्य के साथ साथ बीआरसी पर तैनात संजय, मनोज आदि उपस्थित रहे।

रामबरन यादव हत्यारोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

मोहम्मदी-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम के लिये अभियुक्तो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 92/2024 धारा 302 भादवि के अभियुक्तो को मंगलवार को लगभग 04:20 बजे प्रातः पुवायां बैरियर पान के खोखे के पास से गिफ्तार किया गया।बताते चले कि 10 फरवरी को रात्रि में मोहम्मदपुर कामी निवासी रामबरन यादव की ग्राम बौआ के आगे पुलिया के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा छुरी से गला काटकर हत्या कर दी गयी थी। जिस पर मृतक के परिजनो द्वारा कोतवाली में अज्ञात लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिस पर पुलिस द्वारा हर सम्भव प्रयास कर घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये मनोज पुत्र रामगुलाम निवासी गुदनी मजरा थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर हाल पता वीपीराज का ममेरा भाई ग्राम बौआ थाना मोहम्मदी तथा पंकज राज पुत्र लोकराम निवासी लौकीखेड़ा थाना मोहम्मदी जिला खीरी को मंगलवार को प्रातः 04:20 पर प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी बाबूराम, उपनिरीक्षक अरविन्द तिवारी, उपनिरीक्षक संजीत तिवारी, उपनिरीक्षक टीटू कुमार, हेडकानेस्टेबल करन शर्मा, विशाल कुशवाहा, नीरज सिंह, कानेस्टेबल रोहित कुमार, अक्षयमान पुवायां बैरियर पान के खोखे के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो के पास से घटना के प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद छुरी भी बरामद की गयी। पुलिस ने सभी अभियुक्तगणो को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना कर दिया है।

जनता के सपनों का विकसित भारत निर्माण करने के लिए संकल्प पत्र सुझाव पेटिका का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को लोकसभा खीरी से पुनः प्रत्याशी घोषित होने पर सुरभि होटल में सहसंयोजक आलोक मिश्र द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई जिसमें सरकार की उपलब्धियां के बखान करते हुए कहा जनता के सपनों का विकसित भारत निर्माण करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के आम चुनाव में अपने संकल्प पत्र के लिए जनता से विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका का शुभारम्भ लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा जिला मंत्री रामजी दीक्षित कार्यक्रम संयोजक आशीष गुप्ता कार्यक्रम सहसंयोजक आलोक मिश्र भाजपा कार्यकर्त्ता सुनील सिंह शारदानगर पूर्व नगर अध्यक्ष दीपक पूरी नगर अध्यक्ष जीतेन्द्र साहनी जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह एवं केंद्रीय गृहराज्य मंत्री प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय व अम्बरीश सिंह उपस्थित रहे द्व जिस प्रकार पूर्व के चुनावों में जनता द्वारा प्राप्त सुझावों से ही लोकप्रिय माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने जनधन खाते किसान सम्मान निधि हर घर शौचालय घर घर राशन हर घर बिजली हर घर नल से जल जैसी लोकप्रिय जनहित के कार्य मोदी सरकार ने किये।2024 के आम चुनाव में भी मोदीजी 2047 तक जनता के सपनों का विकसित भारत निर्माण करने तथा युवाओं महिलाओ किसानो व गरीबो के लिए अपने परिवार की तरह सेवा करते रहेंगे।

दो दिन की जद्दोजहद के बाद सीओ ने किया इमाम का फैसला

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला गिलजई में वर्षों पुरानी नूरी मस्जिद के इमाम को लेकर देवबंदी और बरेलवी समुदाय के लोगों में दो दिन से से चल रहे विवाद में काफी जद्दोजहद के बाद सीओ ने बरेलवी समुदाय के इमाम को रख कर विवाद को समाप्त करवाया। बताते चले शाहाबाद के मोहल्ला गिलजई में बरेलवी समुदाय के मुस्लिम ही अधिक संख्या में रहते हैं।देवबंदी समुदाय के मुस्लिम जो बाहर के रहने वाले थे, कुछ संख्या में मोहल्ले में मकान बनाकर उस रहने लगे। लगभग चार वर्ष पूर्व बरेलवी समुदाय के लोगों ने मस्जिद के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाते हुए निर्माण कार्य शुरू करवाया।मस्जिद में लिंटर वगैरह डलवाया। बरेलवी समुदाय के ही हाजी अहमद खां मस्जिद की देखरेख किया करते थे। तीन साल से मस्जिद की देख रेख साबिर खां पुत्र वारिस खां कर रहे हैं। देवबंदी समुदाय के मुस्लिम लोग अपने समुदाय का इमाम मस्जिद में रखना चाह रहे थे।इसको लेकर तीन दिन से बरेलवी समुदाय के मुस्लिम हंगामा कर रहे थे।दो दिन से कोतवाली में सैकड़ों की संख्या में बरेलवी समुदाय के लोग कोतवाली में एकत्रित हो रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने विवादित मस्जिद का निरीक्षण कर दोनों पक्ष के लोगों को सीओ के समक्ष प्रस्तुत किया। सीओ अनुज मिश्रा ने दोनों समुदाय के लोगों की बात को सुनकर बरेलवी समुदाय के यूसुफ रजा को मस्जिद इमाम घोषित कर विवाद शांत करवाया। बरेलवी पक्ष से साबिर पुत्र वारिस देवबंदी समुदाय के इलियास पुत्र अरबी हसन,हनीफ पुत्र साबिर अली, रईस पुत्र महीबुल्ला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

नीलकंठ मैदान में रखी गई आकांक्षा पेटिका

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

मंगलवार को नगर के नीलकंठ मैदान में आकांक्षा पेटिका रखकर उसका उद्घाटन किया गया। आकांक्षा पेटिका के उद्घाटन पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर पालिका में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की। पत्रकार वार्ता में जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने सभी तहसील स्तरों , जिला मुख्यालयों, प्रदेश में सभीप्रमुख स्थानों पर आकांक्षा पेटिका लगाकर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में क्या-क्या शामिल किया जाए इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं।उन्होंने कहा की हर आदमी का सुझाव महत्वपूर्ण है। सरकार की मंशा है कि आम आदमी से सुझाव मांगे जाए और आम आदमी की आकांक्षाओं के अनुरूप ही 2024 का चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया जाए। जागरूक नागरिकों को चाहिए कि वह अपने सुझाव लिखकर इस पेटिका में अवश्य डालें। उन्होंने कहा कि विगत नगर पालिका चुनाव में उन्होंने भी मोहल्लों में जाकर चौपालें लगाई थी और लोगों से सुझाव मांगे थे। उन्हीं सुझावों के आधार पर घोषणा पत्र तैयार किया था। भारतीय जनता पार्टी आम जनमानस की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है। उन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा आकांक्षा पेटिका का स्थापित किया जाना भी है।

इंडो नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम द्वारा किया गया पैदल गश्त

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में आज दिनांक 05.03.2024 को थाना तिकुनिया क्षेत्रान्तर्गत डॉक्टर घाट पर स्थानीय पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा पैदल गस्त किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी कर उनसे पूछताछ भी की गयी।इसके अतिरिक्त इंडो-नेपाल सीमा से लगे जनपद खीरी के अन्य थानों गौरीफंटा, चंदनचौकी व संपूर्णानगर द्वारा एस0एस0बी0 के साथ संयुक्त रूप से नेपाल बार्डर पर निरंतर गस्त किया जा रहा है, साथ ही सीमावर्ती थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थापित कवच आउट पोस्टों पर नियुक्त पुलिस बल द्वारा भी भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर चेकिंग व क्षेत्र के ग्रामों के लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

बस और ई-रिक्शा की भीषण दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर दिलावरपुर के पास गोला डिपो की अनुबंधित बस और ई-रिक्शा की भीषण दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है।वही एक घायल मेहरुन निशा का इलाज बरेली में और मुजीब का शाहजहांपुर में किया जा रहा है।गांव के जावेद के घर में पत्नी, पुत्र, पुत्री और चचेरी बहन रवीना सहित चार लोगों का एक साथ जनाजा उठने पर चीख पुकार मच गई। मौतों का मंजर देख गांव में मातम पसर गया है। वहीं घायलों का हाल-चाल जानने के लिए सीओ और

एसडीएम जिला अस्पताल शाहजहांपुर पहुंचे हैं। सोमवार को 2 बजे करीब ई-रिक्शा और बस में हुए भीषण हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। ई-रिक्शा पर गांव दिलावरपुर के जावेद की पत्नी रहीशाना 33 वर्ष, उनके पुत्र अरहन 5 वर्ष, पुत्री आलिया 3 वर्ष और चचेरी बहन रवीना 22 वर्ष के अलावा अपनी पुत्री रेनू पति धर्मपाल के घर आई बुच्ची देवी पत्नी हीरालाल 50 वर्ष निवासी गांव सिकंदरपुर जिला बलिया की हादसे में मौत हो चुकी है। जावेद की पत्नी का पोस्टमार्टम लखनऊ में हो रहा है वहीं उसके पुत्र और पुत्री समेत चचेरी बहन का शाहजहांपुर में मौत हो जाने के बाद पोस्टमार्टम किया जा रहा है। रिश्तेदारी में आई महिला को जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मंगलवार को एक साथ 5 शव गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया है। देर शाम नमाज के बाद गांव में दो घरों से 5 जनाजे एक साथ उठने की हृदय विदारक घटना को देखकर हर शख्स की आंखें नम हो गई। भीषण हादसे के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी भी सबक नहीं ले रहे हैं। घटना के बाद भी हाईवे पर ई रिक्शा में ठूंस, ठूंस कर सवारी भरकर बे रोक टोक फर्राटे भर रहे हैं।

उपजिलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने किया प्राइवेट अस्पताल, पैथोलॉजी का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

तहसील व स्वास्थ्य प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र के करीब आधा दर्जन अस्पतालों व डागनोस्टिक सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ज्यादातर अस्पतालों में अप्रशिक्षित लोग इलाज करते मिले। सिधौली मार्ग स्थित एवन पैथालॉजी के लोग टीम देख भाग गए। एसडीएम शिखा शुक्ला व सीएचसी अधीक्षक आशीष सिंह की संयुक्त टीम ने सोमवार को इंडियन हास्पिटल, एवन अल्ट्रा साउंड सेंटर, जीवक नर्सिंग होम, लखनऊ हास्पिटल, न्यू नेशनल हास्पिटल व समाधान डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक निरीक्षण किया। टीम को जीवक नर्सिंग होम मे बीए और एमकाम करने वाले लोग इलाज करते मिले। निरीक्षण के दौरान अप्रशिक्षित

चिकित्सक मिलने पर न्यू इंडिया, इंडियन हास्पिटल, जीवक नर्सिंग होम, लखनऊ हास्पिटल के साथ एवन अल्ट्रा साउंड सेंटर पर कार्रवाई करने की रिपोर्ट भेजी गई है। टीम को समाधान डायग्नोस्टिक सेंटर पर व्यवस्था ठीक मिली । एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में प्राइवेट अस्पतालों के साथ डायग्नोस्टिक सेंटरों का निरीक्षण किया जा रहा है। अप्रशिक्षित चिकित्सकों को इलाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन अस्पतालों में अव्यवस्था मिली है उन्हें बंद कराते हुए उनपर कड़ी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
टेली-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल- nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 381/मु.अ./23-24 **अति-अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 02.03.2024

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 09.03.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 07.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 09.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 09.03.2024 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू. में	धरोहर धनराशि रू. में	कार्यपूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मुल्य जी0 एस0टी0 सहित
1.	रिफा कालोनी बाढ़ पम्पिंग स्टेशन में सी0सी0 रोड पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	815489	81549	20 दिवस	815	147	962
2.	बैरल नम्बर-20 बटलर पैलेस बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के अपरोच सीढ़ी बाउण्ड्रीवाल पम्पहाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	833039	83304	20 दिवस	833	150	983
3.	बैलर नम्बर-28 पाटा नाला बाढ़ पंम्पिंग स्टेशन के बाउण्ड्रीवाल, पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	380768	38007	15 दिवस	381	69	450
4.	बैलर नम्बर-23 बुद्धा पार्क बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	342247	34225	15 दिवस	342	62	404
5.	बैरल नम्बर-14 वजीरगंज बाढ़ पम्पिंग स्टेशन में इण्टरलॉकिंग टाइल्स, बाउण्ड्रीवाल, पम्प हाउस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	582291	58230	20 दिवस	582	105	687
6.	बैरल नम्बर-24 मुख्यमंत्री अवास. बाढ पम्पिंग स्टेशन के टीन शेड व पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई -पुताई का कार्य।	707998	70800	20 दिवस	708	127	835
7.	बैरल नम्बर-15 घसियारी मण्डी हाथी पार्क बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के टीन शेड व पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	846890	84689	20 दिवस	847	152	999
8.	बैरल नम्बर-13 हाथी पार्क बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के बाउण्ड्रीवाल पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	398312	39831	15 दिवस	398	72	470
9.	बैरल नम्बर-17 लाप्लास बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	606895	60690	20 दिवस	607	109	716
10.	बैरल नम्बर-16 चायना बाजार बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के पम्प हाऊस की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य	134944	13494	15 दिवस	135	24	159

शर्तें :- निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। शासनादेश संख्या-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 तक प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

प्रशिक्षण में गठित टीमों ने सीखीं चुनावी बारीकियां

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के लिये जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में गठित उड़न दस्ता, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम,वीडियो निगरनी टीम, मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति तथा सहायक व्यय प्रेक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित हुआ।प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। निर्वाचन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों की बारीकियां भी बताईं। चुनाव से संबंधित विभिन्न एप के संचालन को बताया। निर्वाचन में अवरोध उत्पन्न करने वाले परिवहन, वस्तुओं का ट्रांसपोर्टेशन, ड्रग विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग, आयकर आदि के दायित्व के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर एक केस से संबंधित फॉरमेट है, किस प्रकार विवरण अंकित करना है आदि का प्रशिक्षण दिया गया, संदेहास्पद वस्तुओं को पकड़ने व सीज करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैंक खातों पर निगरानी कैसी की जाएगी,सतर्कता कैसे रखी जायेगी आदि पर जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचन में आने वाली चुनौतियों व सन्देह को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में उड़न दस्ता, स्थायी निगरानी,वीडियो सर्विलांस, वीडियो अवलोकन आदि टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया।

भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना गठित, हुआ जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपयुक्त उद्योग के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विषय में विस्तार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से आने वाले आवेदन पत्रों के विषय में जानकारी सभी सदस्यों को दी गई। उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से आने वाले आवेदन पत्रों का प्रथम स्तर पर सत्यापन होने के उपरांत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति द्वारा उन पर विचार किया जाना है और पात्र आवेदकों के आवेदनों को भारत सरकार के स्तर पर अग्रेषित किया जाना है। इस विषय में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी को प्रथम स्तर के सत्यापन का क्रॉस वेरिफिकेशन उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी ग्राम प्रधानों को पोर्टल पर ऑन बोर्ड करने हेतु डी0पी0आर0ओ0 को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा निर्देशित किया गया की दो दिवस में सभी ग्राम पंचायत को पोर्टल पर ऑन बोर्ड कराया जाए एवं आवेदनों का सत्यापन भी अतिशीघ्र सुनिश्चित कर लिया जाए।

एक बार फिर रिकार्ड तोड़ सीटें लानी हैं: राकेश राठौर

रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीतेंगे चुनाव: अभिषेक गुप्ता

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

सीतापुर। खैराबाद कस्बे में नमो युवा चैपाल का आयोजन किया गया है। आयोजन भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अंशू मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर, विशिष्ठ अतिथि खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता रहे। इस मौके पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। जितनी तेजी से यह विकास हो रहा है, वह ट्रिपल इंजन

की सरकार में ही संभव हो सका है। योगी और मोदी की दूरदर्शिता आने वाले कुछ समय में हमारे देश को 100 वर्ष आगे ले जाने का कार्य करेगी। खैराबाद क्षेत्र में अभिषेक गुप्ता बबलू के नेतृत्व में जो कार्य हो रहे हैं वो एक नजीर बनेंगे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि आज सरकारी योजनाओं में सबको समान अधिकार मिल रहा है। आने वाले दिनों में और भी बहुत से कार्यों की रूपरेखा बनाई गई हैं। जिससे कस्बे वासियों कों ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें मिल सकेंगी। आगामी लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 80 में से पूरी 80 सीटों पर जितने के जो लक्ष्य रखा गया है, उसको हम सब मिलकर पूरा करेंगे।

खैराबाद में किया गया नमो चौपाल का आयोजन

नमो चोपाल के माध्यम से युवाओं में जो जोश दिख रहा है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो मण्डल महामंत्री आकाश कटियार, कार्यालय प्रभारी योगेश मिश्रा , उपाध्यक्ष दीपक कुमार, चमन जोशी, प्रमोद जायसवाल, अभिषेक , महेंद्र, सार्थक, मनीष, ललित, आदित्य अवस्थी आदि मौजूद रहे।

अरविंद अपहरण में नौ महीने बाद भी चौरी चौरा पुलिस के हाथ खाली

परिजन ने जनता दरबार में सीएम से लगाई छात्र की बरामदगी की गुहार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

चौरी चौरा नगर क्षेत्र के राघोपुर वार्ड नंबर दस के रहने वाले रामउग्रह विश्वकर्मा के छोटे बेटे अरविन्द विश्वकर्मा के अपहरण के लगभग नौ महीने बीतने के बाद भी चौरी चौरा पुलिस इस मामले में अभी किसी ठोस नतींजे तक नही पहुच सकी है और ना ही इतने समय बीतने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन को कोई ठोस सबूत हाथ लगा है। बताते चलें कि अरविन्द विश्वकर्मा पुत्र राम उग्रह विश्वकर्मा उम्र लगभग 15वर्ष का 1 अप्रैल 2023 दिन शनिवार लगभग शाम 6 बजे जिसका रहस्मय तरीके से अपहरण कर लिया, परिजनों ने स्थानीय पुलिस को लिखित सूचना दर्ज कराई, परंतु सीएम योगी आदित्यनाथ की हाईटेक पुलिस अरविंद के अपरहण होने के नौ महीने बीत जाने के बाद भी उसका सुराग तक नहीं लगा सकी और परिजन छात्र के न मिलने से हैरान परेशान हैं।

पुलिसिया कार्रवाई संदेह के घेरे में

घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा भूमि विवाद के चलते बेटे के अपहरण करनें का संकेत दिया गया लेकिन नौ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन अपहरण की घटना में खाली हाथ पुलिसिया कार्रवाई पर सवालिया निशान है।

चौरी चौरा पुलिस की निष्क्रियता से सीएम से मिला पीड़ित परिवार

स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता को देखते हुए परिजनों ने गोरखनाथ मंदिर में लगे मुख्यमंत्री के जनता दरबार में एक बार फिर अपने लाडले के बरामदगी की गुहार लगाई है। पत्रकारों से बातचीत में राघोपुर निवासी रामउग्रह विश्वकर्मा ने बताया कि गोरखनाथ मंदिर जनता दरबार में मुख्यमंत्री से मिलकर अपने छोटे बेटे की बरामदगी एवं मामले की खुलासा की गुहार लगाई है। पीड़ित ने दिए प्रार्थना पत्र में क्षेत्र के कुछ अपराधिक प्रवृति के लोगों द्वारा जमीनी रंजिश में अपने बेटे की अपहरण करने का आरोप लगाया है और साथ ही अपने छोटे बेटे की हत्या की आशंका भी जताई है पीड़ित ने बताया कि मुख्यमंत्री से पुलिस आरोपियों के राजनितिक दबाव के कारण मामले की खुलासा नहीं कर रही है और अपराधियों का बचाव कर रही है।

शिक्षा को मुख्य धारा से जोड़ना मेरा मुख्य उद्देश्य: चंद्रकला

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर, महराजगंज

शिक्षा को मुख्य धारा से जोड़ना एवं बढ़ावा देना मेरा उद्देश्य है, उक्त बातें सेंट मैरी इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधिका चंद्रकला सहानी ने सोमवार को उक्त विद्यालय सिधवारी टोला तुलसीपुर, फरेंन्दा पर कही। उन्होंने कहा कि इस पिछड़े हुए क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना एवं शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को खेल स्पर्धा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से अभ्यास के लिए विद्यालय लैस किया गया है। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को अनेक प्रक्रियाओं के उपकरणों व सामग्रियों को सुलभ व सेटिंग योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित किया गया है। जिससे बच्चों के बौद्धिक प्रतिभा के सिखाया जाए एवं तकनीकियों का लाभ मिलें। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्राओं के लिए स्विमिंग पूल, शूटिंग, तीर-धनुष राइफल, कैरम बोर्ड, फुटबॉल, घुड़सवारी तथा स्लोगन के जरिए दीवारों पर लिखी गई महत्वपूर्ण शब्द से सुसज्जित किया गया है। यह विद्यालय जिले का एक टॉप मॉडल बनाकर तैयार किया गया हैं।

उक्त विद्यालय में दाखिला लेने वाले छात्रों का हल्दी अक्षत के साथ अन्य पाठ्यक्रम की शुरुआत की जाती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ व उत्तराखंड से आयीं शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को योग का प्रशिक्षण भी दी जाती है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक, मोनिका श्रेया गरिमा आदि शिक्षिकाएं रहीं।

दुष्कर्म के आरोपी को हुआ 20 वर्ष का कारावास 40 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस। उरई

न्यायालय के पास्को एक्ट कोर्ट में बेचारा दिन दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही न्यायाधीश ने 40 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया। बीते वर्ष 2018 की 23 अगस्त को जालौन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमे बताया था कि उसकी नाबालिक बेटी को मोहल्ले केआ ही दिलीप कुशवाहा बहला फुसलाकर कर ले गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी और पुलिस ने दिलीप कुशवाहा का मोबाइल लोकेशन पर लगाकर कई रिश्तेदारों व दोस्तो से पूछताछ की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला था। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि विवेचना के दौरान कर्नाटक पुलिस ने जालौन पुलिस को सूचना देकर बताया था कि जालौन कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक युवती यह पकड़े गए हैं। पुलिस ने दोनों लोगों के नाम पता कर जानकारी की तो पता चला कि दीपक के खिलाफ पहले से नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कर ले जाने की रिपोर्ट जालौन कोतवाली में दर्ज है। जिस पर कर्नाटक पुलिस ने युवक युवती को लेकर जालौन पुलिस को सौंप दिया था। किशोरी से पूछताछ की तो उसने बताया दिलीप कुशवाहा उसे पहले ग्वालियर ले गया वहां से कर्नाटक ले गया जहां उसने कर्नाटक में 15 दिन रखकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। वही

दीपक कुशवाहा को पुलिस ने जेल भेज दिया और नाबालिक लड़की का मेडिकल परीक्षण करवाने के बाद न्यायालय में पेश कर बयान दर्ज कराए और दीपक के खिलाफ दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी कर कोर्ट चार्जशीट दाखिल कर दी गई। मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और सबूतों के आधार पर दीपक कुशवाहा को दोषी पाया गया। जिसके चलते पॉस्को कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमर अहमद ने आरोपी दीपक को बीस साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 40 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया।

ओलावृष्टि से फसल खराब देखकर किसान ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के एआरटीओ कार्यालय के पास किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तिलक नगर निवासी कुलदीप यादव 34 वर्ष पुत्र काशीराम लाला मंगलवार को अपने खेत पर मटर की फसल को देखने चुर्खी बाईपास के पास गया था। जहां पर ओलावृष्टि होने से मटर की खराब फसल देखकर वह चिंतित हुआ। इसके बाद वह चुर्खी बाईपास एआरटीओ ऑफिस के पास स्थित अपने मामा के घर पहुंचा और घर के बगल में बने जानवरों के बाडे में पहुंचकर उसने रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब उसका ममेरा भाई जानवरों को चारा डालने के लिए पहुंचा, तो उसने कुलदीप को फांसी पर लटका देखा और वह जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगा। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक के एक पुत्र और एक पुत्री है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया नारी शक्ति वंदन पदयात्रा व गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया

भाजपा महिला मोर्चा ने बाबा राघवदास महिला महाविद्यालय बरहज में आयोजित नारी शक्ति वंदन पदयात्रा व विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया. इस आयोजन द्वारा मोदी सरकार में महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए गए कदमों और योजनाओं को लोगों से साझा किया गया। भारतीय जनता पार्टी की पूर्व जिला उपाध्यक्ष व राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉक्टर दर्शना श्रीवास्तव ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार में जिस तरीके से महिला शक्ति को बढ़ावा दिया है. इसकी झलक पूरे देश में देखने को मिल रही है. 2014-15 आर्म्ड फोर्स में केवल 3 हजार महिला अधिकारी थी. आज उनकी संख्या 10 हजार से ज्यादा है। उज्ज्वला योजना के तहत 12 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा मकान दिए गए. इसमें 66 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। जन धन योजना में भी 55 प्रतिशत से ज्यादा खाता महिलाओं के खोले गए हैं तो बेटियों को स्मार्ट फोन दिया गया है। पूर्व सभासद विमला विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है देश की नारी सशक्त होगी तो हमारा समाज सशक्त होगा।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों को लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा है।

वहीं नगर के जयनगर व तिवारीपुर वार्ड में पदयात्रा के दौरान महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सविता गुप्ता व नगर अध्यक्ष ममता पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है. महिलाओं के लिए मोदी सरकार नई योजना को लेकर आई है जिसका फायदा करोड़ों महिलाओं को मिला है। इसमें प्रमुख रूप से उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, शौचालय योजना, ऋण योजना शामिल है मोदी सरकार के प्रयास से ही महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है. इस दौरान पूर्व सभासद विमला विश्वकर्मा, सिद्धि तिवारी, सीमा पासवान, विधी तिवारी, प्रियंका, विमला देवी,रीना, अर्चना, सुनीता, डॉ. सिराज अहमद, डॉ सत्य प्रकाश तिवारी, डॉ रजनीश दीक्षित, भाजपा नेता विवेक गुप्त, सन्नी विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहें।

डॉ पी0 के0 सिंह ने फीता काटकर मनोवैज्ञानिक शिविर का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा। शासन की मंशानुरूप प्रत्येक व्यक्ति को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र चरखारी में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल कॉलेज स्क्रीनिंग कैंप एवं मनोवैज्ञानिक शिविर का उदघाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी0 के0 सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया एवं शिविर आये हुए छात्र, छात्राओं को विभिन्न प्रकार की मानसिक समस्याओं की जानकारी दी एवं उनसे बचाव के उपाय भी बताये। मानसिक स्वास्थ टीम से अंकिता गुप्ता नैदानिक मनोवैज्ञानिक ने कुछ कुछ लक्षण जिनसे लोग समझ सकते हैं कि वे पूर्णतया स्वास्थ है या नहीं जैसे नींद कम आना या बहुत अधिक आना, सोकर उठने पर सिर का भारी रहना, मन में उत्साह की कमी उदासी की भावना हीन भावना नकारात्मक सोच, डर लगना शक होना, बच्चों में पढ़ाई में कमजोर होना बात देर में समझना बिस्तर गीला करना अत्यधिक चंचल होना आदि प्रमुख लक्षण बताये एवं आये हुए छात्र छात्राओं की काउंसलिंग भी की एवं मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमदास द्वारा आए हुए समस्त विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी मौके पर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में चटकी लाठियां, महिला घायल

जन एक्सप्रेस/महोबा। खेल- खेल मे बच्चे आपस मे झगडे तो अभिभावको मे चटकी लाठियां इस खूनी संघर्ष मे 50 वर्षीय महिला श्रीमति साबरा गम्भीर रूप से घायल हो गयी है। घायल महिला की तहरीर पर मुकद्मा पंजीकृत किये जाने के पश्चात् थाना कुलपहाड़ पुलिस ने घायल महिला को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया है। जिले के कस्बा कुलपहाड़ स्थित कांशीराम कालौनी निवासी श्रीमति साबरा पत्नी रमजान अंसारी उम्र 50 वर्ष तथा कांशीराम कालौनी कुलपहाड़ ही निवासी शमशाद पुत्र कल्लू दोनो के बच्चे आपसी मे झगड़ रहे थे। बच्चो के बीच बचाव को लेकर शमशाद ने श्रीमति साबरा पर प्राण घातक हमला बोल दिया और साबरा के घर मे घुसकर लाठी डण्डो से पीट पीटकर महिला को लहूलुहान कर दिया।

शिव बारात को लेकर तैयारी बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया

शिवरात्रि के पावन अवसर पर बरहज नगर में निकलने वाली परंपरागत शिव बारात को लेकर सोमवर को मंदिर परिसर में महंत मुन्ना दास की अध्यक्षता में एवं थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। थाना परिसर में आयोजित बैठक में महाशिवरात्रि पर्व पर नीलकंठ मंदिर से 8 मार्च को निकलने वाले शिव बारात की सकुशल व्यवस्था संपन्न कराने पर चर्चा की गई वहीं 11 मार्च से शुरू होने वाले पवित्र रमजान माह एवं होली पर्व को सकुशल मनाने की अपील आम जनमानस से की गयी। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि नगर सहित पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना हम सभी का जिम्मेदारी वकर्तव्य है। नगर के जन प्रतिनिधियों एवं संभ्रांत लोगों के सहयोग से ही आने वाले सभी त्योहारों को शान्ति एवं सद्भावना के साथ संपन्न कराया जा सकता है। वहीं मंदिर में आयोजित बैठक में शिव बारात को गाजे बाजे के साथ भव्य तरीके से नगर में निकाले जाने की तैयारी पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अरशद, रामकेश्वर जायसवाल, मनोज गुप्त, अनिल चौरसिया, हुसैन, आशीष यादव, संजय पासवान, संदीप जायसवाल, राजन गुप्ता, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, औरंगजेब शाह पहलवान, पप्पू जायसवाल, भीम यादव, अमरनाथ जायसवाल, सुनील कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि पर मिलेगा एक साथ तीन व्रत का पुण्य: पण्डित मुक्तेश्वर दुबे

जन एक्सप्रेस/महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 8 मार्च दिन शुक्रवार को है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि पर विधि विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि पर इस बार एक या दो नहीं बल्कि तीन तीन व्रत का लाभ मिलने जा रहा है। दरअसल इस दिन आप महाशिवरात्रि के साथ तीन और व्रत का पुण्य लाभ प्राप्त कर पाएंगे। श्री दूबे ने बताया की महाशिवरात्रि के दिन इस बार आप प्रदोष तिथि का व्रत भी कर पाएंगे। दरअसल प्रदोष तिथि का व्रत त्रयोदशी में किया जाता है और इस बार यह तिथि 7 अक्टूबर को रात 1 बजकर 20 मिनट से आरंभ हो रही है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरु हुआ एनएसएस का सप्त दिवसीय शिविर

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी, देवरिया

मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने कहा कि एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। उक्त बातें प्रोफेसर गौड़ मंगलवार को कस्बे के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज परिसर स्थित भीम व्यायाम शाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही, उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में रहकर अपने नेतृत्व व व्यक्तित्व का विकास करते है। व्यक्तित्व विकास से ही समाज और राष्ट्र का विकास होता है। जीवन में

कभी भी लक्ष्य छोटा नहीं बनाना चाहिए, निरंतर अभ्यास करते रहने से एक न एक दिन लक्ष्य प्राप्त हो जाता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार व शिक्षाविद डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य अपने भीतर के अहम को विसर्जन करना है। स्वयंसेवक अपने भीतर के अहम को विसर्जित कर राष्ट्र व समाज निर्माण में अपने को समर्पित कर देते हैं। समारोह का संबोधन प्रोफेसर सुधीर कुमार शुक्ला, डॉ मनोज कुमार राय, डॉ महेंद्र मिश्र, डॉ श्रीनिवास मिश्र, डॉ मनोज कुमार, डॉ कनक लता पांडेय, डॉ अभिमन्यु पांडेय डॉ ज्ञान प्रकाश शिव प्रसाद, प्रवीण शाही आदि ने किया।

शुक्रवार यानी ढाई वर्ष बाद लूट व हत्या के आरोपियों को हुआ आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस। उरई

डकैती कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में लूट व हत्या के मामले में करीब ढाई वर्ष चले ट्रायल के बाद दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 6-6 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह विक्रम ने बताया कि कालपी कोतवाली क्षेत्र के लमसर गांव निवासी महेश चंद्र ने पुलिस को 19/9/21 को तहरीर दी थी। जिसमे बताया था कि उसका पिता अल्लू प्रसाद यादव अपने खेत के रोड किनारे बकरिया चारा रहा था। तभी भोगनीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेगवा निवासी बबलू उर्फ पप्पू उर्फ आसकरन व भोगनीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनयानी निवासी मोनी यह दोनो लोग बकरिया लूट कर ले जा रहे थे। तभी मेरे पिता अल्लू प्रसाद यादव ने मना किया तो दोनो लोगो ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर परिजन पहुंच गए थे और बदमाश मौके से भाग गए। परिजन अल्लू प्रसाद यादव को लेकर इलाज के लिए ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस दोनो लोगो के खिलाफ लूट व हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसी दिन दोनो बदमाशो को पकड़ लिया और जेल भेज दिया था।

पुलिस ने दोनों बदमाशो के खिलाफ डकैती कोर्ट में 20/11/2021 को चार्जशीट दाखिल कर दी थी। ढाई साल डकैती कोर्ट में चले ट्रायल के बाद मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयानों व साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए जाने के बाद विषेश न्यायाधीश प्रमोद कुमार गुप्ता ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बल्कि छह छह हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना जमाना करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

चेयरमैन पर प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर देवरिया। नगर निकाय चुनाव में नामांकन पत्र के साथ झूठा और गलत शपथपत्र देने के आरोप में सलेमपुर चेयरमैन पर सदर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह केस जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने दर्ज कराया है।वर्ष 2023 में हुए नगर निकाय चुनाव में निर्वाचित सलेमपुर चेयरमैन श्रीराम यादव ने नामांकन के समय गलत शपथपत्र अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। यही नहीं उन्होंने प्रारूप-7 में आपराधिक कृत्य के कॉलम में दर्ज मुकदमे को नहीं दर्शाया था। चुनाव बीतने के कुछ माह बाद जब पूर्व चेयरमैन सुधाकर गुप्ता को जानकारी हुई तो उन्होंने 2 दिसंबर 2023 को चुनाव आयोग, डीएम व मंडलायुक्त से शिकायत की। इसे संज्ञान में लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम अखंड प्रताप सिंह ने मामले की एसपी सकंल्प शर्मा से जांच कराई तो मामला सत्य पाया गया। जिसमे सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी की तहरीर पर सलेमपुर चेयरमैन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।पूर्व चेयरमैन सुधाकर गुप्ता के अनुसार, वर्तमान चेयरमैन ने अपने ऊपर दर्ज चार मुकदमों में से किसी एक का भी शपथपत्र में जिक्र नहीं किया था।

मलखान सागर, जयसागर व रपट तलैया की चार गुना अधिक में हुई खुली बोली

जन एक्सप्रेस। चरखारी/महोबा

नगर पालिका परिषद चरखारी के स्वामित्व के तालाबों मे मछली पालन एवं पुरैन की चल रही नीलामी के दूसरे दिन जयसागर, मलखान सागर एवं रपट तलैया की बोली भी चार गुना तक पहुंच गयी है जो कि खान फीरोज शम्स के नाम एक करोड़ इकत्तीस लाख सात सौ छियासी रूपया पहुंची जबकि पूर्व पंचवर्षीय की बोली मात्र 28 लाख रूपया थी। ठेकेदारों की आपसी होड़ में दो दिनों से चल रही बोली में अप्रत्यशित बोली के बाद भले ही सर्वोच्च बोलीदाता बगलें झांकते फिर रहे हों लेकिन इस बार हुई बोलियों से नगर पालिका की बल्ले बल्ले होती नजर आ रही है। बताते चलें कि पांच साल पहले हुई नीलामी बोली में कोठीताल, गोलाघाट व वंशिया ताल की सर्वोच्च बोली 65 लाख जयसागर मलखानसागर व रपट तलैया की बोली 28 लाख रूपया तथा रतनसागर तालबा की बोली 31 लाख रूपया थी और नगर पालिका को कुल एक करोड़ पच्चीस लाख राजस्व प्राप्त हुआ था लेकिन इस बार ठेकेदारों के बीच ठेका लेने की जबरदस्त होड़ के चलते दो ठेके ही 3 करोड़ 21 लाख पहुंच गए हैं जिसमें तीसरे तालाब रतन सागर की बुधवार को होने वाली बोली एक करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद के साथ नगर पालिका को करीब सवा चार करोड़ रूपया की आय होने की उम्मीद है और यहा आय गत बोली से चार गुना से अधिक पहुंच गयी है। सात तालाबों की चल रही बोली के दूसरे दिन 28 लाख के सापेक्ष 1 करोड इकत्तीस लाख सात सौ छियासी रूपया की सर्वोच्च बोली खान फिरोज शम्स ठेकेदार द्वारा लगायी गयी है। पहली बोली करोड 30 लाख से खुलते हुए अन्य चार ठेकेदारों ने हथियार डाल दिये और बोली लगाने से ही एक्जिट हो गए। कुल मिलाकर भले ही नगर पालिका को इस बार की बोली से आय में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई हो लेकिन यह बढ़ोत्तरी अगली पंचवर्षीय में कठिनाई का सबब हो सकती है।

अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि इस बार नीलामी की दर चारगुना तक बढ़ी है जो कि पालिका हित में है। बोली के दौरान वरिष्ठ लिपिक अय्यूब खां, लिपिक संजीत कुमार, सौरभ सक्सेना, तेजप्रताप सिंह, सभासद पीयूष खरे, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, मुहम्मद सरफराज, राम महाराज, मुस्तफा खान, रामसेवक, सददाम, वीरेन्द्र कुमार उर्फ लल्ला, सभासद प्रतिनिधि यशवंत राजपूत उर्फ कल्लू व लियाकत अली, हरिहर, हरी कुशवाहा, जीतेंद्र दाऊ, महेंद्र श्रीवास, शैलेन्द्र तिवारी सहित पालिका स्टाफ व बोलीदाता ठेकेदार मौजूद रहे। नीलामी बोली के दौरान पारदर्शिता बरतने के उददेश्य से बोली की वीडियाग्राफी कराते हुए सीडी सुरक्षित की गयी है।

तेज रफ्तार ट्रक ने घंटा से लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मारी टक्कर तीन घायल

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र के औरैया नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने शोभन सरकार के पास ईट से लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक, परिचालक व ट्रैक्टर चालक सहित तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जालौन कोतवाली के ग्राम सहाव निवासी संजय कुमार ट्रैक्टर ट्राली में मुरादगंज से ईंट भरकर सोमवार देर रात ग्राम सहाव जा रहा था। इस दौरान जब वह जालौन-औरैया स्टेट हाईवे स्थित शोभन सरकार के पास पहुंचा। तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर ट्राली डंपर में घुस गई और दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में डंपर पर बैठे चालक और खलासी व ट्रैक्टर चालक संजय बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद जालौन औरैया स्टेट हाईवे पर ईट बिखर गई, जिससे रात में आवागमन बाधित हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, और क्रेन की मदद से डंपर की केबिन में फंसे चालक को बाहर निकलने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद चालक को बाहर निकाला गया। हादसे में घायल तीनों लोगों को इलाज के लिए जालौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। साथ ही क्रेन मशीन से ट्रक को साइड में खड़ा कराया गया और रास्ता को साफ किया गया। तब कही जाकर आवागमन शुरू हो सका।

शांतिपूर्ण लोस चुनाव संपन्न करने के लिए आयोजित हुआ एफएसटी और एसएसटी का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए प्रशासन अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। इसी क्रम में मंगलवार को फ्लाइंग सर्विलांस टीम,स्टेटिक सर्विलांस टीम ,वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम व लेखा टीम का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

आगामी लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जनपद में 36 फ्लाइंग सर्विलांस टीम तथा 42 स्टेटिक सर्विलांस टीम,08 वीडियो अवलोकन टीम,04 वीडियो अवलोकन टीम बनाई गई है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा चुनाव की घोषणा होने के बाद चारों विधानसभा में बनाए गए 14 चेक पॉइंट पर तैनात रहकर मुस्तैदी के साथ आने जाने वाले वाहनों आदि की चेकिंग की जाएगी। फ्लाइंग सर्विलांस टीम द्वारा सी विजिल एप के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अनैतिक कार्यों पर नजर रखेगी।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा स्थाई निगरानी समिति एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम को उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी टीम में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ कार्य करेंगे। सभी पूर्व में ही दिए गए क्षेत्र का भ्रमण कर ले। वाहनों आदि की चेकिंग के दौरान पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफी अवश्य कराए। लोगो के साथ शालीन व्यवहार करते हुए चेकिंग प्रक्रिया की जाए। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा सी विजील एप के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान समस्त एफएसटी , एसएसटी टीम के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सीता चलेली ससुराल, बही जाला कजरवा, लोक नृत्य की प्रस्तुति बहुत जोरदार रही

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

तुलसी उद्यान मंच पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रामोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी प्रथम कार्यक्रम की प्रस्तुति आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकार गायक पंडित शीतला प्रसाद मिश्रा पहला गाना भारत के भाग्य जगह है भव्य मंदिर देखो बने हैं आ गए हैं मेरे राम दूसरा गाना अबीर गुलाल खेले रघुनंदन अंग पर सिंथेसाइजर पर पंडित योगेश मिश्रा गोल्ड मेडलिस्ट तबला पर मोहन जी साइड इफेक्ट पुष्कर मिश्रा दीपक जी ढोलक पर आशुतोष मिश्रा कोर्स जुगनू जी अनिल नील पुरी प्रस्तुति बहुत जोरदार रही सभी ने इस प्रस्तुति की प्रशंसा भरी।

इसके पश्चात झारखंड से आए लोक गायक मनोज अजीत के लोकगायन रघुपति राघव राजा राम..राम आ गए महलों में, अब रामराज आ जाएगा...तेरी चौखट पर चलकर आज चारों धाम आए हैं... सीताराम जी से राम राम कहियो की प्रस्तुति को सुन सभी दर्शन खड़े होकर दोनों हाथ उठाकर तालियां बजाई और जमकर प्रसंसा करी। इसके पश्चातनितिन बाबू भाई दवे शिव संस्था, गुजरात। 1973 से यानि 51 साल पुरानी संस्था जिसने देश विदेश मे ढाई हजार से ज्यादा गुजरात के रास गरबा लोक नृत्य-संगीत के कार्यक्रम किए है। रास की प्रस्तुति को प्रेक्षकों ने बहुत पसंद कीया।

इसके पश्चात राजस्थान के सुगना राम बापू जी की फड की प्रस्तुति रही इसके पश्चात गोरखपुर के संतोष की लोक गायन सीता चलेली ससुराल, बही जाला कजरवा.. बतावा जननी राम कहिए ले अईहे..सोनवा के रख बना जय हो पिया लंका नगरिया.. अवध में मिल बा बाहर बोलो सारा रा रा.. की प्रस्तुति सभी श्रोताओ को राममय कर अवध की मीठी वाणी से साराबोर कर दिया। इसके पश्चात गुजरात के नितिन दबे की गरबा रास रही इसके पश्चात हिमाचल प्रदेश के चंद्र मोहन ठाकुर की सिरमोर नाटी लोक नृत्य की प्रस्तुति बहुत जोरदार रही।

नाई समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो: श्याम बिहारी ठाकुर

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामनगरी की धरती अयोध्या में जनकल्याण संघर्ष मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम बिहारी ठाकुर ने अपने टीम के साथ राम लला के दर्शन किए साथ ही चल रहे मंदिर निर्माण कार्य को भी देखा दर्शन पूजन के पश्चात नगर भ्रमण कर विकास कार्य का अवलोकन कर रामनगरी को धर्म नगरी के साथ-साथ पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने पर केंद्र व प्रदेश की सरकार की सराहना की कहा की जो कार्य पिछले 65 वर्षों में पूर्व की सरकारों ने नहीं कर पाई वह काम 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने कर दिखाया पिछले 10 वर्षों से देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है।

जनकल्याण संघर्ष मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम बिहारी ठाकुर राम लला के दर्शन के उपरांत मंदिर गेट पर पत्रकारों से मुखातिब होते हुए श्याम बिहारी ठाकुर ने कहा पूरे देश में नई समाज जिसे नन्द नाई सविता शर्मा व ठाकुर आदि के नाम से जाना जाता है। जिसकी उत्तर प्रदेश में कुल आबादी चार प्रतिशत की है। इस समय इस समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा के समर्थन में वोट करता चला आ रहा है।

किंतु पार्टी के तरफ से 75 वर्षों के अंतर्गत अभी तक किसी को लोकसभा का प्रत्याशी नहीं बनाया गया। जबकि पार्टी का मूल मंत्र है। सबका साथ सबका विकास ऐसे में लोकसभा क्षेत्र में मैनपुरी सीट से डॉक्टर गौरव नन्द को 2024 सामान्य निर्वाचन लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी में प्रत्याशी घोषित कर पार्टी के मूल मंत्र को शार्थक किया जा सकता है। डॉक्टर गौरव नन्द पूर्व में मैनपुरी में विधानसभा लड़ चुके हैं। डॉक्टर गौरव नन्द पार्टी के सशक्त उम्मीदवार के रूप में साबित होंगे। जन कल्याण संघर्ष मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम बिहारी ठाकुर ने आगे कहा कि डॉक्टर गौरव नन्द के प्रत्याशी घोषित किए जाने से यहां नाई समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी। वहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश में हर सीट पर भारतीय जनता पार्टी के लिए सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अंत में उन्होंने कहा कि 2024 में पूर्ण बहुमत से बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। डबल इंजन की विकास की लहर में सभी दल गायब हो जाएंगे।

स्मार्ट फ़ोन पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में योगी सरकार के तकनीकी सशक्तिकरण स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत मंगलवार को चौधरी हनुमान प्रसाद कृषक पीजी कॉलेज रुद्रपुर भगाही, बरियावन में मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा के कर कमलों द्वारा छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया गया। कपिल देव वर्मा ने छात्र हित में सरकार के योजनाओं का गुणगान किए और कहा कि योगी आदित्यनाथ जी की सरकार छात्र छात्राओं के उन्नयन हेतु समर्पित है और उनके तकनीकी सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल और उत्साह था। महाविद्यालय प्रबंध कमेटी की तरफ से प्रबन्धक राजेंद्र कुमार वर्मा और सचिव सुशीला वर्मा ने विशिष्ट अतिथि श्याम सुंदर वर्मा का स्वागत और आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय परिवार की तरफ प्राचार्य डॉ0 अवधेश कुमार चौधरी, रागनी त्रिपाठी, रुद्र वर्मा, सौरभ पटेल, कपिंजल वर्मा, मनोज वर्मा, साक्षी तिवारी, शानू पटेल, सैय्यदा, अंतिमा पटेल, सुषमा वर्मा, पवन मौर्य, मोनू राजभर, संजय त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार, सरोजा देवी आदि लोगों ने स्वागत किया।

अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख बने

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया।चट्टोपाध्याय के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। चट्टोपाध्याय का एनटीपीसी में चयन 1987 इंजीनियर ट्रेनी अधिकारी के रुप में हुआ था। उन्होंने एनटीपीसी में अपनी 37 वर्षों की लम्बी सेवा के दौरान फरक्का, रिहंद एवं वेल्लूर में विविध दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया है। चट्टोपाध्याय ने वेल्लूर एवं रिहंद में परियोजना में परियोजना प्रमुख, व फरक्का में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण आदि दायित्वों के निर्वहन का गहन अनुभव प्राप्त किया है। चट्टोपाध्याय ने 1987 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एन.आई.टी.) दुर्गापुर से मेकैनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त एनटीपीसी में अपने कैरियर का शुभारंभ किया था। अशेष कुमार चट्टोपाध्याय अब से एनटीपीसी टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक के रूप में दायित्व निर्वहन करेंगे7 इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह मेरे लिए हर्ष का विषय है कि मै टांडा परियोजना में अपनी सेवाएँ दे पाऊँगा।

मां तिलेसरा देवी महाविद्यालय में शुरू हुआ प्रधानमंत्री कौशल विकास का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। मां तिलेसरा देवी महाविद्यालय भसडा टांडा अम्बेडकरनगर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 का संचालन किया जा रहा है द्य शिक्षण प्रदाता लक्ष्मी देवी शिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण 100त्न रोजगार दिया जा रहा है द्य जो भी छात्र छात्राएं प्रवेश चाहते है उनमें आवश्यक दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड , बैंक पासबुक, अंक पत्र के छायाप्रति एवं फोटो के महाविद्यालया में संपर्क करें द्य इस संस्था से प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिदिन पढ़ने आएं और प्रतिदिन 130 कमाएं । जिसमे ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, ऑटोमोबाइल का प्रशिक्षण दिया जायेगा द्य महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (PMKY-4.0) के प्रशिक्षण के अंतर्गत महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया है। इसके संबंध में एक आवश्यक बैठक छात्र/छात्राओं के साथ 7 मार्च को महाविद्यालय में होनी है जिसमें कौशल विकास योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी आप समस्त लोग प्रातः 10-00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित हो और सूचना प्राप्त कर अधिकतम लाभ उठाएं।

नवागत नगर आयुक्त के कार्यभार संभालने पर राजेश महराज ने किया शिष्टाचार भेंट

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्म स्थली अयोध्या में नवागत नगर आयुक्त के कार्यभार संभालने के पश्चात धर्म नगरी में यात्रियों की सुविधा दर्शन पूजा पाठ कराने वाले पुरोहित समाज के लोगों ने अपने टीम के साथ कार्यालय पहुंचकर रामनामी गमछा व माला पहनकर साथ ही रामलला का चित्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। शिष्टाचार भेंट में सभी का परिचय कराते हुए पुरोहित समाज के हित में सुझाव भी दिए। अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नवागत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को रामनामी गमछा व फूल माला पहनाकर रामलला का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। साथ ही सरयू स्नान घाट पर नगर में पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के नगर आयुक्त ने हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाते हुए अस्वस्थ किया कि हम सभी पुरोहित समाज के साथ जल्द ही एक बैठक करेंगे समस्याओं का हल निकालेंगे। उक्त भेंट मुलाकात में अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे कोषाध्यक्ष कलकानंद महाराज पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक शंभू नाथ पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

महराजगंज तराई-आगामी त्यौहार होली को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गिरजेश तिवारी ने किया। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति व ग्राम प्रधानों से समस्याओं से संबंधित जानकारी ली। सभी को अवगत कराया की त्यौहार में खाल डालने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अगर त्यौहार में असामाजिक व्यक्तियों ने खलल पहुंचा तो रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को महराजगंज थाना परिसर में पीस कमेटी के बैठक में थाना प्रभारी गिरजेश तिवारी ने कहा की त्योहार संपन्न करने के लिए सभी का सहयोग होना जरूरी है। आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण के साथ होली त्यौहार मनाए। अगर कोई गांव कस्बा में अराजक तत्व त्यौहार में व्यवधान डालने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस गांव गांव में मुस्तैद रहेगी। उप निरीक्षक मुनीश दुबे ने कहा कि त्यौहार में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों में नवयुवक जल्द फस जाते हैं। इसीलिए सभी अभिभावक अपने युवा बच्चों को सही व उचित मार्गदर्शन आवश्यक हो गया है। इस मौके पर जगदंबा प्रसाद मिश्र नंदकुमार वर्मा मोहम्मद शब्बीर अखिलेश्वर चौधरी चरण वर्मा कलाम प्रधान,हाजी अकबाल, गणेश प्रसाद सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथिनी सलमा पत्नी निसार अहमद निवासी मोहल्ला-टेढ़ी बाजार परगना, तहसील व जनपद बलरामपुर घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र नौशाद अहमद पुत्र निसार अहमद तथा पुत्रवधू वजीदा पत्नी नौशाद अहमद का चाल चलन तथा व्यवहार मेरे प्रति सही नहीं है। मैं अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से पुत्र नौशाद अहमद तथा उसकी पत्नी वजीदा को बेदखल करती हूं। मेरा पुत्र नौशाद तथा पुत्रवधू वजीदा से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। उनके द्वारा कोई भी गलत कृत्य किए जाने पर उसकी मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सलमा पत्नी निसार अहमद
मोहल्ला-टेढ़ी बाजार, बलरामपुर

कला प्रतियोगिता लेखन प्रतियोगिता व नाटक प्रतियोगिता हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम

मुस्कान पुनर्वास केंद्र के यह बच्चे कमाल के हैं कौन कहता है कि हम दिव्यांग हैं, हम किसी से कम नहीं माना कि हम सुन नहीं सकते,आप की तरह बोल नहीं सकते किंतु भावनाएं तो हमारे अंदर भी हैं रुचि तो हम भी रख सकते हैं। आपका प्यार आपका दुलार तो हमें भी चाहिए हम क्या नहीं कर सकते हैं आप केवल हमारी थोड़ी सी मदद करें ,हमें प्रोत्साहित करें,हमें रास्ता दिखाएं। अवसर था नदी महोत्सव का स्थान था माँ सरयू का किनारा और कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे मुस्कान पुनर्वास केंद्र के यह मूक बधिर बच्चे।

इस अवसर पर मूक बधिर बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीत जलवा जलवा लोगों के अंदर देशभक्ति का जज्बा पैदा कर गया लोगों ने तालियो के गड़गड़ाहट से अपनी खुशी व्यक्त की। वहीं दोनों पैरों से दिव्यांग बालिका वंदना पांडे एवं वाणी शुक्ला ने दिखा दिया कि पैर नहीं तो क्या ईश्वर ने दोनों हाथ तो दिए हैं हम उनके सहारे नृत्य करेंगी। बच्चों के अंदर कमाल का उत्साह था। नन्हा बालक समर वर्मा मूक बधिर था किंतु उसने भी माइकल जैक्सन को नृत्य में पीछे छोड़ दिया। यही सफर समाप्त नहीं हुआ स्लो लर्नर वैष्णवी द्वारा ÷तू गंगा मां है ÷ पर कमाल का सोलो नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं ना सुनते हुए भी मूकबधिर बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई जिसमें मुख्य रूप से रिया मिश्रा ,चांदनी वर्मा ,तनुजा यादव, परी और रिमझिम ने भाग लिया। आश्चर्य तो तब हुआ जब शिव तांडव स्त्रोत पर मूकबधिर बच्चों द्वारा एक के बाद एक लगातार 6 पिरामिड बना कर देश का तिरंगा लहराया। बच्चो ने ना बोलते हुए भी ÷नमामि गंगे÷ पर नाटक प्रस्तुत किया जिसमें बच्चों ने दिखाया कि किस प्रकार हम अपनी पुण्यदायी नदियों को स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने दर्शकों एवं समाज से अपील की की इसमें साबुन लगाकर ना नहाए ,कूड़ा ना फेके, मूर्ति विसर्जन ना करें ,मल मूत्र ना फेके जिससे हमारी नदिया स्वच्छ रहे। मुस्कान के मूक बधिर बच्चों ने कला प्रतियोगिता में भी भाग लेकर नदी की स्वच्छता पर ध्यान आकर्षित किया।

अपना दल (एस) 7 मार्च को भाजपा प्रत्याशी रितेश का करेगी जोरदार स्वागत: प्रमोद सिंह

जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज-अयोध्या। अपना दल एस कार्यकर्ताओं का एक बैठक गुड्डू जायसवाल के आवास पर हुआ जिसमें अपना दल के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह चिकित्सा मंच के विधानसभा अध्यक्ष डॉ राम सजीवन वर्मा, व्यापार मंच के विधानसभा अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, अल्पसंख्यक मंच के मुस्तफा खान इसी के साथ अपना दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपना दल के नेता प्रमोद सिंह ने बताया कि एनडीए प्रत्याशी रितेश पांडेय का ऐतिहासिक स्वागत अपना दल एस करेगी. पहला कार्यक्रम 10:00 बजे बाकरगंज में दूसरा कार्यक्रम 10:30 पर मया ब्लॉक के सामने तीसरा कार्यक्रम टंडौली क्रॉसिंग के पास 11:00 बजे तेलियागढ़ चौराहे, भीटी तिराहा रोडवेज बस स्टैंड के पास होगा। अपना दल नेता प्रमोद सिंह ने बताया कि गौरतलब है कि रितेश पांडेय को बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है. ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनके प्रथम आगमन में एनडीए के घटक दलों अपना दल एस, निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत कार्यक्रम शानदार बनाने की तैयारी चल रही है।

प्रभु भक्ति ने रामनगरी में खोला ट्रेंडिंग आध्यात्मिक उत्पादों का शोरूम

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। देश के जाने मानी कंपनी प्रभुभक्ति डी2सी स्टार्टअप ने मंगलवार को रामनगरी अयोध्या में राम पथ पर अपने नए शोरूम का शुभारंभ किया। जिसका उदघाटन हमुमनागढ़ी के महंत रमेश दास जी ने फीता काटकर किया। प्रभु भक्ति कंपनी भक्ति को फैशन से जोड़ता है और युवाओं के लिए ट्रेंडिंग आध्यात्मिक उत्पाद बनाता है। कंपनी फ़ैशन - पुरुषों की टीशर्ट, महिलाओं की टी-शर्ट, क्रॉपटॉप और हुडीज़ बनाती है। उदघाटन के पश्चात महंत रमेश दास ने कहा कि कंपनी आज के युवाओं के अनरूप डिजाइन किए गए धार्मिक उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करके आस्था और फैशन के बीच की खाई को पाटती है।

डायवर्जन जारी, ग्रामीणों को बनाया सड़क सुरक्षा मित्र

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। कांवरियों को लेकर बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर भारी व कॉमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर शनिवार रात से ही पाबंदी लगी है। सोमवार को भी यातायात परिवर्तन लागू रहा। पुलिस ने शहर में कांवरियों के लिए पैदल मार्ग बनाने के लिए बीते सालों की तरह बैरिकेडिंग तो की है, मगर इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि लखनऊ से गोंडा, बहराइच, बलरामपुर जाने वाले वाहन अयोध्या हाईवे से होते हुए उधौली से बदोसराय, मरकामऊ होते हुए चौकाघाट निकल रहे हैं। कांवरियों की सुरक्षा के लिए शहर कोतवाली, मसौली व रामनगर पुलिस ने सड़क किनारे के गांवों से 10-10 लोगों को सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में चयनित किया है, जो कांवरियों को सुगम यातायात दिलाएंगे। सीओ डॉ. बीनू सिंह ने बताया कि रात में भी पुलिस की गश्त लगातार जारी है।

एबीवीपी ने फूंका मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नीतियों के विरोध में टीएमसी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। जानकारी के अनुसार 5 मार्च को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर ने 5 मार्च को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एमएलके पीजी कॉलेज गेट के सामने पुतला फूंका। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र में महिलाओं के साथ हो रहे अमानवीय कृत्यों पर रोक लगाने की मांग की। इस मामले पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम पर है। टीएमसी की विभाजनकारी नीति राज्य के सुनहरे भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है। पश्चिम बंगाल का आम जनमानस काफी डरा हुआ है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में मानवता को कुचल रही है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साध्वी द्विवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार सत्ता में होने का गलत फायदा उठा रही है संदेशखाली में जो अन्याय महिलाओं के साथ हो रहा है वह किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओ ने पुतला फूंकते हुए बताया कि संदेशखाली में टीएमसी के गुंडे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं और ममता बनर्जी तुष्टिकरण के नाम पर मौन साधकर बैठी हुई है। इस मौके पर शिवम दूबे, आनंद, सौरभ, अफीफा, अंजली, विकास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं0	106-Sig-Tender-16-2023-24
कार्य का नाम	"कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ एफट्रॉनिक्स मेक डाटालॉगेर (139 नंबर्स.) ओवर लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवे फॉर 36 (छत्तीस) माह।"
अनुमानित लागत	रु0 32859600.12
निविदा प्रपत्र की कीमत	निल
धरोहर राशि	रु0 314300.00
कार्य पूरा करने की अवधि	36 माह
निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	28.03.2024 15:30 बजे तक
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है	वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ

ठेकेदारों को ई- निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0 सं0 – 106–सिग–टेन्डर–16 / 2023–24 दिनांक: 04.03.2024** 698/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

300 श्रद्धालुओं को लेकर बसें हुई अयोध्या धाम को रवाना

* राज्यमंत्री के पिता ने दिखाई हरी झण्डी, पूजन अर्चन किया, पहली बार महिलाओं ने यात्रा में लिया हिस्सा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अयोध्या धाम में भगवान रामलला के दर्शन कराने के अपने विधान सभा क्षेत्र की जनता से किए गये वादे के मुताबिक श्रद्धालुओं का दर्शन हेतु जाने का सिलसिला जारी है। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की पहल पर शुरू किए गये अयोध्या धाम यात्रा के तीसरे चरण में आज मंगलवार को लगभग 300 श्रद्वालुओं को 5 बसों से भगवान रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। श्रद्वालुओं को राज्यमंत्री श्री गंगवार के पिता श्री बाबूराम गंगवार ने हरी झण्डी दिखाकर एंव श्रद्वालुओं को तिलक लगाकर उनको शुभकामनायें देते हुए रवाना किया है। पहली बार इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी हुई है जहॉ नगर क्षेत्र से एक बस महिलाओं की रवाना की गई है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने भी लखनऊ से अयोध्या धाम जाने वाले यात्रिओं के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी है और यात्रा मंगलमय होनी की कामना की। अयोध्या धाम यात्रा का प्रबन्धन देख रहे राज्यमंत्री श्री गंगवार के अनुज विजय सिंह गंगवार ने बताया कि यात्रा के तीसरे चरण में 127 विधान सभा पीलीभीत क्षेत्र के पीलीभीत नगर, ग्राम खपरैल गौटिया, अलीगंज, पिपरिया अगरू, नौंगवा पकड़िया, गुटैहा के रामभक्तों को पूजा अर्चन करने बाद बसों से रवाना किया गया है। उन्होनें बताया कि इस यात्रा के लिए श्रद्वालुओं को अयोध्या धाम की यात्रा एंव भगवान राम लला के दर्शन कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें, ठहरने एंव भोजन आदि की व्यवस्था राज्यमंत्री द्वारा कराई गई है। यात्रा को यह क्रम आगे भी अनवरत रूप से जारी रहेगा। उन्होनें यह भी बताया कि अयोध्या धाम यात्रा के मद्देनजर शुरू किये गये कार्यक्रम के तहत अब तक विधान सभा क्षेत्र के लगभग 400 से अधिक श्रद्वालुओं को भगवान रामलला के दर्शन कराये गये है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अयोध्या यात्रा में पहली बार नगर क्षेत्र की लगभग 60 महिलाओं को लेकर बस रवाना की गई है जिसमें रतना शुक्ला, कामनी गंगवार, रेनू, सुनीता सिंह, पूनम गुप्ता, जसोदा, मुन्नी देवी सहित अन्य महिलायें शामिल है। अयोध्या धाम यात्रा से पूर्व राज्यमंत्री श्री गंगवार जी के पिता श्री बाबूराम गंगवार ने पूजा अर्चन करने एंव नारियल फोड़कर बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्यमंत्री के अनुज विजय सिंह गंगवार कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा उर्फ अम्बू, राहुल गंगवार, गंगाराम गंगवार, शिव नरायन शर्मा आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

* रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने लोगों का मन मोहा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सेंट जाफरी कान्वेंट स्कूल-ताजुद्दीनपुर गौसपुर खुटहन में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने लोगों का मनमोह लिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अब्दुल समद ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को देश का उत्कृष्ट नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका होती है।ऐसे में बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा देनी जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ नौनिहालों को खेलकूद तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षकों से ही बच्चे प्रेरणा व अनुशासन का पाठ सीखते है। ऐसे में शिक्षकों को स्वयं आदर्श शिक्षक के रूप में प्रस्तुत करना चाहिये। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने कृष्ण सुदामा की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया. बच्चों ने एकल व सामूहिक नृत्य, ड्रामा, नाटक का मंचन का प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया।देशभक्तों गीतों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर संगीतमय प्रस्तुति देकर बच्चों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। स्वागत गीत आंचल यादव, उजाला यादव, तथा एकाकी फलक नाज,आई सी यादव, मुस्कान,राज नंदनी, आदित्य यादव,मोनू यादव,ने प्रस्तुत किया।

अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रामबली यादव तथा मंच का संचालन सुनील कुमार निषाद ने किया। अंत मे प्रबन्धक अब्दुल अहद ने आगतों के प्रति आभार प्रगट किया। इस मौके पर डा0 रमेशचंद्र यादव प्रबंधक,राज महातम यादव, सलाउद्दीन,भानू प्रताप सिंह, सुरेश चन्द्र यादव, रामदेव यादव,संजय सिंह,जवाहर लाल आदि मौजूद रहे।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत दोनों राष्ट्रों के अधिकारियों के साथ मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में संपन्न हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को आयुक्त बरेली मण्डल बरेली सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह की अध्यक्षता में नेपाल राष्ट्र के जनपद कंचनपुर के अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, निर्विघ्न व संकुशल सम्पन्न कराने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सीमा सम्बन्धी बैठक मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में नेपाल राष्ट्र के जनपद कंचनपुर के सीडीओ गोपाल कुमार अधिकारी, पुलिस अधीक्षक कंचनपुर चक्रराज जोशी, एपीएफ के एसपी खगेन्द्र बहादुर चन्द्र, सहायक सीडीओ धर्मराज जोशी एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय, एसएसबी कमाण्डेंट, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया सहित सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित बैठक में भारत-नेपाल सीमा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में बार्डर एरिया से सम्बन्धित, संयुक्त पेट्रोलिंग, अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सहित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई।

उन्होंने बार्डर एरिया के क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु दोनों राष्ट्रो की सीमा सुरक्षा बल, पुलिस/प्रशासनिक, वन विभाग सहित अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग की जाये। उन्होंने कहा कि इन्टेलीजेन्स के माध्यम से अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की सूची दोनों ओर से तैयार कर पुलिस के साथ साझा की जाये और उन अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्व दोनों ओर से कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के सम्बन्ध पहले से ही सौहार्दपूर्ण रहे हैं, यदि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है तो आपसी समन्वय के साथ समस्या का निस्तारण किया जाये। नेपाल राष्ट्र के अधिकारियों द्वारा सहमति व्यक्त करते हुये सहयोग करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया से सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं सम्बन्धित थानाध्यक्ष व नेपाल राष्ट्र के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुये सीमा पर आने जाने वाले लोगों की सघन जांच की जाये तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चेक पोस्ट, वैरियर लगाये जाये जिससे कि निर्वाचन सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया के धार्मिक स्थलों की नियमित निगरानी की जाये। बार्डर एरिया के ग्रामों में कैम्प लगाये जाये तथा ग्रामीणों से बार्डर ऐरिया में हो रहीं गतिविधियों की जानकारी ली जाये।

मकरंदापुर चौराहे पर बरामद हुई मकसूदापुर से चोरी की गई ट्राली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। मकरंदापुर चौराहे पर एक ट्राली रिपेयर की दुकान से शाहजहांपुर के थाना बंडा के गांव मकसूदापुर से चोरी की गई ट्राली बरामद हुई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव मकसूदापुर निवासी सुनील कुमार राठौर पुत्र रामसागर की ट्राली 19 फरवरी की रात को चोरी हो गई थी। सुनील कुमार ने ट्राली चोरी की तहरीर बंडा थाने में दी और ट्राली को काफी तलाश किया किन्तु कोई पता नहीं चला। इसी बीच रहमान गंज निवासी उनके एक रिश्तेदार ने मकरंदपुर चौराहे पर उनकी ट्राली मौजूद होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपनी ट्राली की पहचान की। ट्राली बरामद होने की सूचना बंडा थाने में दी। सूचना मिलते ही सुनील कुमार को लेकर बंडा पुलिस मकरंदपुर चौराहे पर दिलवाग सिंह की दुकान पर पहुंची। दिलवाग सिंह ट्राली रिपेयर का काम करते हैं। दिलबाग सिंह ने बताया कि ट्राली दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदाह निवासी मुकेश कुमार पुत्र गेंदनलाल द्वारा उनकी दुकान पर रिपेयरिंग के लिए खड़ी की गई है। फिलहाल बंडा पुलिस मौके पर मामले की जांच में जुटी हुई है।

अज्ञात कारणों के चलते विवाहित युवक ने फांसी लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बरखेडा। जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव नवादा महेंश मे बीती रात अज्ञात कारणो के चलते एक विवाहित युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बरखेड़ा पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच-पड़ताल मे जूटी थाना पुलिस। इधर मृतक युवक के ससुरालजनो ने उसके परिजनो पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।बताते चले थाना क्षेत्र के गांव नवादा महेंश मे बीती रात गंगा प्रसाद पुत्र राजेंद्र कुमार 30 वर्षीय अपने घर के बंद कमरे फांसी पर झूलता दिखाई दिया।वही मृतक के परिवार के लोगो ने बताया की मृतक गंगा प्रसाद की पत्नी अपने मायके मे थी और बीतीरात युवक ने अपने कमरे मे बंद करके पंखे मे धोती बांधकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करली है।वही सुबह जब परिवार के। लोगो ने देखा की उसका शव पंखे मे लटक रहा है।जिसकी सूचना परिवार के लोगो मे बरखेड़ा पुलिस को दी है।मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया है और फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने मे लग गई। वही इस घटना से परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल थाना पुलिस एव फोरेंसिक टीम पड़ताल मे जूटी हुई है।

फास्ट फॉरवर्ड

परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र: डीआईजी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन सौदागर हाल में विषय राष्ट्र निर्माण संगोष्ठी का आयोजन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी ज़ोन डीआईजी ओम प्रकाश सिंह रहे एवंम विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा रहे अतिथियों का प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने बुके एवं पुष्प भेंट करके स्वागत एवं अभिनंदन किया। वाराणसी जोन डीआईजी ओम.पी.सिंह ने अपने संबोधन में कहा संघर्ष जीवन का सबसे अच्छा समय होता है निरंतर संघर्ष एवं परिश्रम करने से सफलता मिलती है राष्ट्र एवंम समाज के उत्थान की प्रेरणा राष्ट्रीय सेवा योजना देती है प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा अनुशासन एवं एकता हम सब को देश को सशक्त एवं मजबूत करने की प्रेरणा देती है स्वयंसेविका रिया ने सत्यम शिवम सुंदरम गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार, सीओ सदर देवेश सिंह,डीएलएड प्रभारी आर.पी सिंह,वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार बिंद,डॉ विवेक विक्रम सिंह, प्रवीण यादव, अहमद अब्बास खान इत्यादि सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाए मौजूद रहे।

गली में खेल-कूद विवाद को लेकर मारपीट का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के बदलापुर कस्बा स्थित भलुआही गली में सोमवार की शाम करीब 6 बजे दो पक्षों के बच्चें द्वारा खेल कूद के दौरान विवाद कर लिए। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के अभिभावक भी आपस में भिड़ गए। वहीं दोनों पक्षों के बीच जमकर ईट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे,उधर सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पहुचें सीओ अरविंद कुमार वर्मा ने लोगों को समझा-बुझाकर भीड़ को हटवाने में सफल रहें!मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के 15 नामजद और 32अज्ञात लोगों के विरूद्ध बिभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है!जिसमें एक पक्ष के धनंजय सेठ, सुनील व रामआसरे के दो बच्चे तथा 15 से 20 अज्ञात लोग और दूसरे पक्ष के रमजान कुरैशी, कलाम, वसीम, गुफरान, रमजान, मेहदी नवी, गुड्डू, अज्जू, शाहरुख, साजिद, मल्लू, सन्ने, सुलतान तथा 10 अज्ञात लोगों के बिरूद्ध बिभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है!दोनों पक्षों में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है!

एसडीएम व सीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ली बैठक

जन एक्सप्रेस। बीसलपुर। लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराये जाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। एसडीएम व सीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बीसलपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सजग है। चुनाव आयोग किसी भी दिन लोकसभा चुनाव कराये जाने की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इसको देखते हुए संबेदनशील व अतिसंबेदनशील बूथों पर कड़ी व्यवस्था की जा रही है। एसडीएम महिपाल सिंह व सीओ विकास चौधरी ने तहसील सभागार में चुनाव में लगाये गये सेक्टर मजिसट्रेट व उसके साथ पुलिस के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संवेदनशील बूथों, डाक मतपत्रों के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया। एसडीएम ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सबका पहला लक्ष्य होना चाहिए।

कल नहीं होगा नाथ महोत्सव, शासन से हरी झंडी न मिलने पर टला आयोजन

जन एक्सप्रेस/बरेली। बरेली में नाथ महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई थी, लेकिन शासन से हरी झंडी न मिलने से आयोजन टल गया है। प्रशासन पांच दिवसीय आयोजन करने जा रहा था, लेकिन लोकसभा चुनाव की वजह से इसे एक दिन तक सीमित कर दिया गया था। पहले आयोजन आईवीआरआई मैदान में होना था। बाद में इसे बरेली कॉलेज के मैदान पर कराया जाना तय हुआ था। सात मार्च की तारीख निर्धारित की गई थी। इसमें 10,000 डमरू एक साथ बजाए जाने थे, ताकि विश्व रिकॉर्ड बन सके। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन हरी झंडी न मिलने पर इसे टाल दिया गया है। सीडीओ जग प्रवेश ने बताया कि अभी अगली तिथि तय नहीं है।

कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को बरेली दंगे का मास्टरमाइंड माना, किया तलब

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली दंगे मामले में कोर्ट ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख तौकीर रजा खां को मास्टरमाइंड माना है। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक रवि कुमार दिवाकर ने वर्ष 2010 में हुए दंगे के मामले में उस वक्त के पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के समुचित कार्रवाई न करने पर स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने मंगलवार को समन जारी करते हुए मौलाना को 11 मार्च को तलब किया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजने का भी आदेश दिया है। वर्ष 2010 में हुए दंगे के मामले में विवेचक तत्कालीन इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव और कई गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए थे। इसमें जुलूसे मोहम्मदी के दिन मौलाना तौकीर रजा पर दंगा भड़काने का आरोप लगाकर साक्ष्य प्रस्तुत किए गए थे। पत्रावली का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने दंगे के आरोपी रिजवान, दानिश, राजू, हसन, सौबी रजा, यासीन की हाजिरी माफी स्वीकार कर ली। कोर्ट में तारीखों से लगातार गैरहाजिर रहने पर बाबू खां, आरिफ, अमजद अहमद, निसार अहमद, अबरार, राजू उर्फ राजकुमार, कौसर अनुपस्थित थे। सभी के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे। साथ ही प्रेमनगर पुलिस को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया।

सूचनाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

प्रभारी पर्यटन सूचना अधिकारी सुश्री मनोकामना राय के द्वारा डीह बाबा स्थल कल्याणपुर खास का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्य के लिए शासन द्वारा लगभग 96.18 लाख की लागत से डीह बाबा स्थल के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उक्त कार्य कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 द्वारा कार्य किये जाने हेतु नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था के द्वारा संस्कृति मंडप, टायलेट ब्लाक, बाउन्ड्री वाल, सैन्ड स्टोन, फलोरिंग एराउंड टैम्पल, इन्टरलाकिंग टाईल्स, चबूतरा, यज्ञ कुण्ड, आरसीसी बेन्चेज, हाई मास्ट लाइट्स, सोलर स्ट्रीट लाईट्स, बोरिंग, साइन बोर्ड, लैन्डस्कैपिंग का कार्य कराया जाना है। प्रभारी पर्यटन सूचना अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि लगभग 08 मजदूरो द्वारा संस्कृति मण्डप बनाने का कार्य किया जा रहा है, बाउन्ड्री वाल का कार्य पूर्ण हो चुका है, बोरिंग का कार्य भी पूर्ण पाया गया। उन्होंने कार्यदायी सस्था के जे0ई0 शिवम राय को निर्देश दिया कि संस्कृति मंडप का कार्य तथा फिनिशिंग के कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाये और जो भी कार्य किये रहे है उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके पूर्व पर्यटन सूचना अधिकारी द्वारा मडियाहूं के चंद्रिका धाम के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्य हेतु पर्यटन विभाग की तरफ से लगभग 56 लाख रुपये दिए गए है। इस परियोजना का काम पूरा करने के लिए यूपी सीएलडीएफ को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। उक्त कार्य दिसंबर तक पूर्ण हो जाना था, जिसपर पर्यटन सूचना अधिकारी ने कार्यदायी सस्था के जे0ई0 शिवम राय को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया। चंद्रिका धाम में मंदिर तालाब की जलकुंभी की सफाई कार्य, बाउंड्रीवाल का कार्य, लाइट और बेंच आदि का कार्य कराया जाना है। जिसे पर्यटन सूचना अधिकारी ने इस माह के अंत तक सभी बचे कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ठेकेदार उपस्थित रहे।

पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण का कराया गया अभ्यास

* भीड़ को तीतर बितर करने, आंसू गैस का गोला छोड़ने की दी गई जानकारी
* माहौल बिगाड़ने वालों से निपटने की दी गई ट्रेनिंग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन में बलवा मॉक ड्रिल प्रदर्शन का अभ्यास कराया गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को स्टेप बाई स्टेप जानकारी दी गई। आंसू गैस का गोला और हथियारों के इस्तेमाल के बारे में बताया गया। आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव, कानून-व्यवस्था के मद्देनजर सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और समाज में भयमुक्त सुदृढ़ वातावरण बनाने के लिए आपातकालीन परिस्थितियों को काबू में रखने के लिए मॉक ड्रील, बलवा परेड का आयोजन मगंलवार को पुलिस लाईन में किया गया। इस माक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने दंगा नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। हथियारों को दंगाइयों पर कब, कैसे और कहां प्रयोग करना है इसकी जानकारी दी। दंगे के समय पुलिसकर्मी अपने आप को कैसे सेफ रखें इसके बारे में भी प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों को आंसू गैस के गोले छोड़ना व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कनसील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया। अगर कहीं पर भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं तो उनसे कैसे सख्ती से निपटा जाए तथा उनके साथ कानूनी कार्यवाही के तहत बल प्रयोग किया जाए, इसके बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। बलवा ड्रिल के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान क्षेत्राधिकारी देवेश कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

राम संकल्प यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन। विधायक रमेश मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को निकली श्रीराम दर्शन संकल्प पद यात्रा का स्वागत कोकना गांव स्थित विष्णु भगवान के मंदिर पर पुष्प वर्षा कर की गई। यात्रा का स्वागत पिलकिछा, खुटहन चौराहा, छित्तूपुर शेरपुर और पट्टी नरेंद्रपुर में भी श्रीराम के जयघोष के साथ किया गया। यात्रा का स्वागत मुख्य रूप से पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, बीडीओ गौरवेंद्र सिंह, अजीत सिंह,नरेंद्र यादव प्रधान, प्रेमचंद्र तिवारी,गौरव सिंह, अमरनाथ मिश्रा, श्रीमती कनक लता सिंह,राजू सिंह, विनोद यादव, विपिन सिंह आदि ने किया।

चालक को नशीली कोल्डड्रिंक पिला कर कार समेत नगदी व मोबाइल लूटा

* दो दिन बाद होश में आने पर चालक ने बताई आप बीती

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सवारी बन कर कार में सवार हुए बदमाश ने ड्राइवर को कोल्डड्रिंक में नसीला पदार्थ पिला कर उसे सड़क किनारे फेंक दिया और नगदी, मोबाइल और ओमनी लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस बेहोश पड़े मिले युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। दो दिन बाद होश आने पर उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला किला छिपियाना निवासी मोहम्मद जलील पुत्र मुन्ना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने साढू अकील अहमद की मारूति ओमनी किराए पर चलाता है। बीती 2 मार्च की सुबह को वह लखनऊ के बारा बिरवा नहर के पास खड़ा था। तभी अधेड़ उम्र का एक आदमी आया और उससे आसीवन तक चलने की बात कही। आठ सौ रुपए और गैस पर भाड़ा तय हुआ। मियागंज पहुंचने पर उसके भूख लगने की बात कह कर गाड़ी रुकवाई। समोसे और कोल्डड्रिंक लाया। उसने कोल्डड्रिंक उसे भी पीने को दी। थोड़ा सा आगे बढ़ने पर किसी के आने की बात कह कर गाड़ी रुकवाई। इसी बीच चालक को नींद आ गई। दो दिन बाद होश आने पर उसने स्वयं को अस्पताल में पाया। उसकी जेब में रही 6910 रुपए की नगदी, मोबाइल और गाड़ी गायब है। पीड़ित के परिजनों ने आसीवन पुलिस को घटना की तहरीर दी है। इस संबंध में एसओ आसीवन ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज दिखवाए जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

कांग्रेस और सपा ने मोर्चे के प्रत्याशी को लड़ाने की तैयार की रणनीति

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर तथा शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक दिन में 2 बजे समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आरंभ हुई बैठक का संचालन महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने किया।

बैठक में सर्वप्रथम कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मिलकर महानगर में कांग्रेस के जिस प्रत्याशी को टिकट मिलेगा कांग्रेस और सपा दोनों मिलकर लड़ाएंगे तथा विधायकों पूर्व विधायक को पार्षदों और संगठन के कांग्रेस सपा दोनों की संयुक्त बृहत मीटिंग बुलाकर भावी रणनीति तय की जाएगी। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि 7 मार्च को सपा कांग्रेस के पदाधिकारियों विधानसभा अध्यक्षों को आयोजित होने वाली बैठक में बुलाया जाएगा जिसमें वार्ड स्तर पर चुनाव संचालन समिति प्रवक्ताओं की जनसंपर्क समिति सोशल मीडिया चुनाव आयोग से संपर्क जनसभा कमेटी प्रचार प्रचार समिति सहित 21 समितियो के गठन को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से

के.के. शुक्ला, शंकर दत्त मिश्रा, शैलेंद्र यादव मिंटू, महेश मेधानी, नंदलाल जयसवाल, महेश दिक्षित, सत्यनारायण गहरवार, दिलीप शुक्ला, हाजी अयूब आलम, लल्लन अवस्थी, महेन्द्र सिह बडे ठाकुर, माबूद सिद्दीकी, आंनद शुक्ला, सिराज क़ुरैशी, फकरे आलम अंसारी, मुमताज मंसूरी, संजय निषाद, जसवेंद्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे.....।

इंडियन आइडल सीजन 14 के विजेता वैभव गुप्ता का भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

इंडियन आइडल सीजन 14 में विजयी होने के बाद पहली बार वैभव गुप्ता बीते दिन मंगलवार को शुक्लागंज गंगा बैराज मार्ग से होते हुए कानपुर पहुंचे। वैभव गुप्ता के कानपुर पहुंचने पर सर्वप्रथम उनके प्रशंसकों द्वारा गंगा बैराज पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। यहीं से उनके रोड शो की शुरुआत हुई। गंगा बैराज से निकलकर सर्वप्रथम कानपुर के सुप्रसिद्ध परमट मंदिर पहुंचे जहां पर उन्होंने आनंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया और इसके बाद कानपुर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

आपको बताते चलें कि इंडियन आइडल सीजन 14 में अपने गीतों से दर्शकों का ही नहीं पूरे भारत वासियों का मन मोह लेने वाले वैभव गुप्ता इंडियन आइडल विनिंग ट्रॉफी के साथ पहली बार मंगलवार की दोपहर कानपुर पहुंचे। स्वागत कार्यक्रम में इंदिरा नगर कल्याणपुर स्थित पारस काम्प्लेक्स आनंदेश्वर कंस्ट्रक्शन के निदेशक मुकेश झा द्वारा उनका फूल वालों से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायिका नीलिमा कटियार ने कानपुर का नाम विश्व में रोशन करने के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी। वैभव गुप्ता के पिता विष्णु गुप्ता ने बताया की वैभव गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा बिठूर कल्याणपुर रोड स्थित एक निजी स्कूल से हुई थी। वैभव गुप्ता का बचपन से ही म्यूजिक में काफी रुझान था। विद्यालय से ही उन्होंने क्लासिकल संगीत में शिक्षा ग्रहण की। वैभव वॉइस ऑफ कानपुर भी रह चुके हैं। और आज उन्होंने इंडियन आइडल में विजय होकर पूरे भारतवर्ष में परिवार का नाम रोशन करने का कार्य किया है। इंडियन आइडल सीजन 14 के फिनाले में वैभव ने पीयूष पवार अन्य पाल और सुभदीप दास चौधरी को कड़ी टक्कर देते हुए विनर ट्रॉफी हासिल की। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजीव कनौजिया सत्येंद्र कटियार रणधीर सिंह मनीष सिंह अतुल भाटिया अतुल मिश्रा शुभम दीक्षित धर्मवीर सिंह संजय गुप्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

हिन्दू समाज को खोखला करने वाले षड्यंत्रों को समाप्त करना है: चंपत राय

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर महानगर द्वारा होटल लिटिल शेफ सिविल लाइंस में आयोजित धर्मरक्षा निधि समर्पण के कार्यक्रम का श्रीगणेश विहिप केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महासचिव चंपतराय, श्रीमती नीतू सिंह, गुलशन धूपर, नवीन भार्गव, राजीव त्रिपाठी, विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, कार्याध्यक्ष डा.उमेश पालीवाल, परमेश्वर, नरेश माहेश्वरी ने श्रीराम जानकी दरबार का पूजन अर्चन कर किया।

चंपत राय जी ने संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू समाज को आंतरिक रूप से स्वस्थ स्वावलंबी पुरुषार्थी स्वाभिमानी बनाना। स्वाभिमानी समाज ही जीवनमूल्यों की रक्षा कर सकता है। हिन्दू समाज को खोखला करने वाले षड्यंत्रों बुराइयों को समाप्त करने के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। भारत तरूणों का देश है। भारत की तरुणाई को संस्कारित बनाना जागृत करना लौकिक व्यवहार में भाईचारा आवश्यक है। समाज के द्वारा समाज के द्वारा समाज के सहयोग से समाज के लिए काम करना समाज का ही दायित्व है, निरंतर बंधुत्व के भाव से समाज को जोड़ना हमारा कार्य है। आगे उन्होंने कहा कि जो करोड़ों लोग हमारे समाज से कालांतर में छीन लिए गए। उन्हें अपनी जड़ों को याद करने का निरंतर आग्रह करते रहना, भारत का पुनः विश्व गुरु बने। सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना हो यह संपूर्ण हिन्दू समाज का दायित्व है। धर्मरक्षा निधि समर्पण में विशेष योगदान करने वाले भगिनी बन्धुओं को सम्मानित किया गया। विहिप प्रान्त अध्यक्ष श्री राजीव महाना जी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपुरा बंबा के समीप माननिवादा गांव के सामने जीटी रोड पर आमने-सामने दो बाइक भिड गई जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं घायल के भाई अशोक कुमार शुक्ला पुत्र शिव स्वरूप शुक्ला निवासी उत्तरी ने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनका भाई अजय शुक्ला व भतीजा नितिन शुक्ला 1 मार्च को टीवीएस मोटरसाइकिल यूपी 78 FY 9930 से समय लगभग 2:00 बजे पूरा से अपने गांव उतरी जा रहे थे इसी बीच माननिवाद गांव के सामने बिल्हौर की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 78 GF 3028 अपाचे मोटरसाइकिल से सोनू पुत्र पुत्तन वह एक व्यक्ति अज्ञात लापरवाही और नशे की हालत में तेज रफ्तार उल्टी साइड आ रहे टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी के भाई व भतीजे के शरीर में चोटें हैं उपचार के लिए कल्याणपुर अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने पुलिस आयुक्त को सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद कानपुर इकाई टीम ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार आईपीएस के बेहतर मित्र पुलिसिंग व उत्कृष्ट,जनहित कार्यो को देखते हुए उनके कार्यकाल में जाकर पुलिस आयुक्त को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और साथ ही जन समस्याओं पर चर्चा करते हुए पुलिस आयुक्त को जन समस्याओं से अवगत कराया, जानकारी करने पर परिषद के कोर कमेटी मेंबर अमित राजपूत ने बताया की परिषद से जुड़े सदस्य समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र वितरित और सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना और पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में उनकी मदद करता है। व जिला और पुलिस प्रशासन में तैनात सरहानीय करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करता है, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कानपुर जिला के कमान संभाले ही ऑपरेशन त्रिनेत्र व महोल्ला-महोल्ला बीट पुलिस अधिकारी अभियान चलाया जिससे पुलिस और जनता के बीच मित्र पुलिस की छवि स्थापित हो रही साथ ही अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने में रामबाण साबित हो रहा। इसी को लेकर आज परिषद कानपुर इकाई टीम ने पुलिस आयुक्त को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेशनल कोर्ट कमेटी मेंबर अमित राजपूत, अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार, अधिवक्ता अनुराग सिंह, अधिवक्ता मोहित राजपूत, विनय वर्मा, डॉ.नितेश सिंह, कमलेश कुमार समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

पत्नी के मायके से न लौटने पर पति ने निगला कीटनाशक

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



पत्नी के मायके से न लौटने से छुब्ध युवक ने विषाक्त पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। विकासखंड के जैतीपुर गांव निवासी नंदकिशोर के बाइस वर्षीय बेटे गोलू का विवाह बीते 25 फरवरी को हुआ था। जिसके बाद पत्नी शालिनी अपने मायके गयी थी। जहां से उसे कुछ दिन बाद वापस आना था। बताते हैं गोलू पत्नी के तत्काल मायके से न आने को लेकर नाराज था। जिससे छुब्ध होकर मंगलवार दोपहर उसने घर मे रखा विषाक्त पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो आननफानन 108 एंबुलेंस से लेकर उसको नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के साथ आए भाई राकेश ने बताया की गोलू की पत्नी शादी के बाद पहली बार मायके गई थी। जहां से कुछ दिन बाद उसे विदा करने की बात हुई थी। लेकिन गोलू पत्नी को तत्काल वापस आने की जिद पर अड़ा था। नाराज होकर आज घर में रखा कीटनाशक निकाल लिया।

बिल्हौर सी.एच.सी. में महिला डॉक्टर व दरोगा में नोकझोंक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है कहीं पर भी कोई अपनी सीट पर जिम्मेदारी से काम नहीं करना चाहता है जिसके चलते मरीजो सहित पुलिस विभाग को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को दोपहर बाद बिल्हौर कोतवाली से महिला सिपाही एक पीड़िता का मेडिकल कराने के लिए पहुंची इंतजार करती रही कुछ समय अकेले डॉ स्वाति कटियार गर्भवती महिलाओं को देख रही थी 2:00 बजने के बाद में उन्होंने महिला सिपाही से कहा की एक प्रार्थना पत्र और एफआईआर की कॉपी लेकर आओ हम मेडिकल कर देंगे इस बात को महिला सिपाही ने दरोगा को बताया थाने से पहुंचे दरोगा जब तक अस्पताल पहुंचे तब तक डॉ.स्वाति कटियार के अनुसार वह गर्भवती महिलाओं की जांच रूम में कर रही थी बिना सूचना दिए दरोगा वहां पर पहुंचकर जहां पर गर्भवती की जांच डॉक्टर कर रही थी डॉक्टर ने बताया हमारे पास पहुंचकर अभद्रता करने लगे जब उनको बताया कि कागज यह लेकर आ जाइए हम मेडिकल कर देंगे इस बीच महिला डॉक्टर का आरोप है कि सिपाही ने थानाध्यक्ष से भी फोन पर अवगत कराया उन्होंने भी हमसे अभद्र भाषा का प्रयोग कर मेडिकल कराने के लिए कहा लेकिन मैंने कहा जब तक कागज नहीं पूरे देंगे तब तक हम मेडिकल नहीं कर पाएंगे इसके बाद महिला ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया वहीं दूसरी मंजिल पर मौजूद अधीक्षक दिलीप सिंह कटियार ने भी इसमें किसी तरह का कोई सहयोग न करके किसी कमरे में छुप गए यह घटना सीसीटीवी को उच्च अधिकारी आराम से देखकर करवाई कर सकते हैं क्या अधीक्षक के ऊपर वहां से नौ दो ग्यारह हो गए सूचना पर पहुंचे वहां पत्रकारों ने जब महिला से पूछा तो उसने आप बीती बताई सोशल मीडिया पर महिला डां.स्वाति कटियार का वीडियो वायरस होता रहा उसमें तरह-तरह की लोग टिप्पणियां करते रहे कि अगर कोई मामला था तो अधीक्षक दिलीप कटियार को आगे बढ़कर दोनों पक्षों को समझाना चाहिए था ना कि छुपकर कमरे में बैठ जाना और बता देना कि फील्ड में है। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया मेडिकल के लिए घंटो महिला सिपाहियों को इंतजार करना पड़ता है सीएससी अधीक्षक इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। महिला डॉक्टर मेडिकल के लिए कल से टरका रही थी और अपराध की धाराएं कम करने की बात कर रही थी। मुकदमा लिखने के बाद धाराएं कैसे कम हो सकती हैं।

राजमार्ग पर अन्ना मवेशी की टक्कर से महिला घायल, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

मांगलिक कार्यक्रम से लौट रही महिला अन्ना मवेसी से टकराकर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां नाजुक हालत के चलते घायल महिला को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के छोटा चौराहा निवासी प्रभु दयाल की पत्नी रानी उम्र 45 वर्ष अपने भाई संतोष पुत्र गंगा चरण के साथ बाइक से सोमवार को लखनऊ में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। जहां से मंगलवार दोपहर घर वापस जाने के लिये बाइक से निकली थी। इस दौरान लखनऊ कानपुर राजमार्ग स्थित जेआरओ पेट्रोल पंप के समीप बाइक के सामने अचानक अन्ना मवेसी आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक सवार भाई बहन घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलो को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रानी को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डीडीएमए कानपुर नगर तथा नोबेल एकेडमी फायर सेफ्टी इंजीयरिंग द्वारा पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लि0, मयूर ग्रुप के कार्यालय में अग्नि सुरक्षा आपदा प्रबंधन विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रशिक्षक लखन शुक्ला किया गया। कार्यशला में लखन शुक्ला ने बताया कि ड्रिल के दौरान काल्पनिक केमिकल फायर की वास्तविक आग का वास्तिविक फायर फाइटिंग किया गया। बताया कि सरुक्षा उपकरणों का प्रयोग मॉक ड्रिल के माध्यम से करते रहना चाहिए। जिससे उपकरणों की क्रिया शीलता पता चली है। किसी घटना के तीन कारण लापरवाही, अज्ञानता तथा जल्दबाजी है। आग आक्सीजन ईधन तथा उचित ताप के मिलने पर ही लगती है। इन तीन तत्व में किसी एक को कम या हटा दे तो आग पर काबू पाया जा सकता है। उन्होने भूकंप, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके भी बताऐ। इस अवसर पर जीएम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लि0द्व डजीएम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के पदाधिकारी, कर्मचारी रहे। ट्रेनिंग के समय प्रबंध निदेशक मनोज गुप्ता, मनोज शर्मा, मृदुलेन्द्र सिंह, प्रवेश तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, यस मेहता, एकेराव, अभिषेक मिश्रा, धर्मेन्द सिंह, आशुतोष शुक्ला तथा प्लांट के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

युवक का घर में लगे नीम के पेड़ में फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव उसी के घर में लगे नीम के पेड़ में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा सूचित गांव निवासी दिनेश (45) पुत्र गोकरन बीती देर शाम खाना खाकर अपने कमरे में लेटने चला गया था। सुबह जागने पर पत्नी मीना ने घर में लगे नीम के पेड़ से बंधे फंदे से उसका शव लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई। चीख सुन कर बच्चे भी जाग गए और मोहल्ला वासियों की भीड़ वहां जमा हो गई। मामले की जानकारी पर पहुंची परियर चौकी पुलिस ने जांच के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक नशे का लती था आए दिन शराब पीकर हंगामा करता था। मृतक के चार बच्चे हैं जिसमें सबसे बड़ी बेटी अर्चना (18), निखिल (16), नैना (13) व कपिल (9) है।

बीरामऊ में प्राचीन रामलीला का 8 मार्च को होगा मंचन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना अंतर्गत ऐतिहासिक ग्राम बीरमऊ मे प्रदेश की प्राचीन सर्वाधिक प्राचीन रामलीलाओं में से एक का मंचन गत 149 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था तब से भगवान वेणेश्वर की कृपा से अनवरत निविध रूप से पूर्ण भव्यता व गरिमा से होता चला आ रहा है इस वर्ष के 149 वें वार्षिक आयोजन धनुष यज्ञ भगवान वेणेश्वर के अभिषेक अद्भुत श्रृंगार तदोंपरांत भंडारा व मेला आनंद 8 मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शुरू होकर पूरी रात कार्यक्रम चलेगा। अश्विनी कुमार अग्निहोत्री (बण्डू) पूर्व प्रधान बीरामऊ पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराजपुर मंडल कोऑर्डिनेटर गौ रक्षा प्रमुख उत्तर प्रदेश ने बताया कि सुबह 10 बजे बाबा भगवान बेणेश्वर के भव्य श्रृंगार व आरती में उपस्थित होकर इस प्राचीन परंपरा के संवाहक बनने में अपना अमूल्य समय प्रदान करें। श्रृंगार के पट अनावरण व स्तुत्य चरणों के दर्शन समय सुबह 10 बजे से रात्रि पर्यंत दिव्य आरती का समय सुबह 10 बजे से सायं आरती तक आयोजक बाबा बेणेश्वर रामलीला समिति सभी ईस्ट मित्र ग्राम वासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे।

सूचना

मैंने अपने पुत्र आनंदमणि उर्फ पप्पू व पुत्रवधू गीता निवासी सरैया भूड थाना अरौल तहसील बिल्हौर कानपुर नगर व हाल पता ई 857/4 अली विहार, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076 को उनकी समाज विरोधी क्रियाकलापों से लिप्त रहने एवं चाल चलन ठीक न होने के कारण वा मुझे वा परिवारीजनों को गाली गलौज करने से तंग आकर बेटा वा उसकी पत्नी से दुखी होकर संबंध विच्छेद कर लिया है।

सूचनाकर्ता
रामनाथ पुत्र तुलाराम निवासी ग्राम सरैया भूड थाना अरौल तहसील जिला कानपुर नगर

ट्रैक्टर की चक्की ट्राली में दब कर बच्ची की मौत, चालक हिरासत में

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना ककवन के गांव कुरई में मंगलवार दोपहर घटना घटी जिसमें दो वर्षीय बच्ची की ट्रैक्टर आटा चक्की ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई पुलिस ने ड्राइवर और गाड़ी को हिरासत में लिया दोपहर बाद ट्रैक्टर चालक रजनीश पुत्र सोहनलाल निवासी नया निवादा, कुरेह गांव में आटा पिसाई कर रहा था

वहीं पर किसी तरह 2 वर्षीय बच्ची ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्राली को घेर लिया और ड्राइवर को पकड़कर पीटने लगे सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष अभिलाष सिंह ने किसी तरह से ग्रामीणों से ड्राइवर रजनीश पुत्र श्यामलाल और गाड़ी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया कुरेह गांव निवासी हीरालाल की 2 वर्षीय बच्ची शांति का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया है थानाध्यक्ष ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी।

अगले 5 दिनों तक नहीं है बारिश की संभावना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि एक ट्रफ रेखा दक्षिणी तमिलनाडु से उत्तरी आंतरिक कर्नाटक तक फैली हुई है, जो समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक से होकर गुजर रही है। निचले क्षोभमंडल स्तर पर आंतरिक ओडिशा और आसपास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ। पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में एक गर्त के रूप में अपनी धुरी पर 5.8 पर है। उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र पर चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 1.5 और 3.1 किमी के बीच ऊपर बना हुआ है। मौसम की इन गतिविधियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में अब बारिश की संभावना न के बराबर है। साथ ही मेघ गर्जन व ओलावृष्टि के भी आसार नहीं है। हालांकि पछुआ हवाओं के चलने से सुबह शाम की सर्दी 10 मार्च तक बनी रहेगी। इसके बाद आसमान साफ रहेगा और धीरे धीरे तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी और 30 डिग्री तक तापमान 10 मार्च को पहुंचने की संभावना है। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 24.0 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 65 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 39 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 5.4 किमी प्रति घंटा रही।

परिवारवादियों ने देश को बर्बाद किया

तेलंगाना में मोदी बोले, उन्होंने जमीन-आसमान बेचकर कोठियां बनवाईं, मैंने घर भी नहीं बनवाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद/भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तेलंगाना पहुंचे। उन्होंने मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संगारेड्डी में 7200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा, पता है ये लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हैं? ये मोदी उनकी आंखों में चुभता क्यों है? उसका कारण है मैं उनके सैकड़ों हजारों रुपए के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। पीएम ने कहा, मैं इनके परिवार के खिलाफ परिवारवाद के खिलाफ बोल रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है? मोदी बोले- विपक्ष के लोगों ने सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार के लिए जमीन-आसमान बेच दिए और अपनी कोठियां बनवाईं। मैंने आज तक अपना घर भी नहीं बनवाया। मैं गुजरात का मुख्यमंत्री और अब देश का प्रधानमंत्री रहते हुए अब तब 150 करोड़ के गिफ्ट नीलाम करवाकर जनता की सेवा में लगा दिए।

ओडिशा के चंडीखोल में 19,600 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के चंडीखोल में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज यहां 20 हजार करोड़ रुपये की बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस से जुड़ी परियोजनाएं हों या सड़क, रेलवे और परिवहन से जुड़ी परियोजनाएं हों, इन विकास कार्यों से यहां औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

मैंने 150 करोड़ के गिफ्ट देश की सेवा में अर्पित किए

पीएम ने कहा, कांग्रेस पहले परिवारवादी नहीं थी, लेकिन जबसे परिवारवादी बनी है, 50 साल से कम आयु वाले को आगे नहीं बढ़ाते। किसी को बैठाना पड़ा तो 80-85 साल वाले को बना देंगे। डरते हैं कि 50-55 साल वाला आया और ओवरटेक कर गया तो परिवार का क्या होगा। मोदी लगातार देश की राजनीति में ईमानदार युवाओं को आगे ला रहा है। इन परिवारवादियों ने देश को लूटा, अपनी तिजोरियां भरीं। मोदी ने खुद को जो तनख्वाह मिलती है, उसमें से भी जब मौका आया कुछ ना कुछ मैंने लोगों के लिए खर्च कर दिया है। इन्होंने महंगे-महंगे गिफ्ट लिए, उसके जरिए काले धन को सफेद बनाया। मोदी ने जो गिफ्ट लिए उसकी नीलामी होती है। अब तक करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपया इसी तरह लोगों की सेवा में लगा दिया है।

मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है

मोदी ने कहा, मैंने एक ही परिवार के 50-50 लोग पदों पर विराजमान देखे हैं। ये कहते हैं कि मोदी के साथ हमारी विचारधारा की लड़ाई है। ये विचारधारा की लड़ाई है। वो कहते हैं फैमिली फर्स्ट, मोदी कहता है कि नेशन फर्स्ट। ये है विचारधारा की लड़ाई। प्रधानमंत्री ने कहा- उनके लिए उनका परिवार ही सब कुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है। ये परिवारवादी इतने असुरक्षित हैं कि इन्होंने देश के हजारों युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने ही नहीं दिया।

मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है

प्रधानमंत्री ने कहा, कल भी मैं तेलंगाना में थ और आज भी आया हूं। इन दो दिनों में 63 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकापर्ण हुआ। आप भी जानते हैं कि मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है। मैनें कहा था- भारत को पूरे विश्व में एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। आज आप देख रहे हैं कि कैसे भारत पूरे विश्व में आशा की किरण बनकर नई ऊंचाई छू रहा है। मोदी ने कहा- हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा बीजेपी ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई।

विपक्ष मुझे और मेरे परिवार को गाली दे रहा है

मोदी ने कहा, आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है- क्योंकि मैं इनके सैंकडों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं।

मोदी जी चाहते हैं कि आप मोबाइल देखो, जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ : राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शाजापुर

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राघौगढ़ से चलकर शाजापुर पहुंची। यहां उन्होंने रोड शो किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि मोदी जी चाहते हैं कि आप मोबाइल देखो। जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिवाद और धर्मवाद को बढ़ावा देते हुए आपस में लड़वा रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सुबह 11 बजे शाजापुर जिला मुख्यालय पहुंची। राहुल गांधी के रोड शो के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने अपने कार्यकर्ताओं का ही अभिवादन स्वीकार नहीं किया। इस दौरान कई घंटे पहले ही प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से शहरी हाईवे पर लोगों की आवाजाही बंद कर दी थी। इससे राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर पुलिस से बहस भी हुई। कई स्थानीय कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का स्वागत करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें भी रोक दिया गया।

मोदी-मोदी, जय श्री राम के नारों से राहुल का स्वागत

शाजापुर शहर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत में ही भाजपा के कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे थे। उन्होंने राहुल गांधी का स्वागत मोदी-मोदी नारे लगाकर किया। इसे सुनकर राहुल गांधी खुद गाड़ी से उतरे। भाजपा कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे भी लगाए। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के हाथ में आलू भी दिए। उनसे कहा कि आलू से सोना बना दीजिए।

भाषा को भाषा से, धर्म को धर्म से लड़ाती है भाजपा

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा भाषा को भाषा से लड़ाती है। धर्म को धर्म से लड़ाती है। जाति को जाति से लड़ाती है। इसके खिलाफ हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को बेरोजगार बना दिया है और वह दिनभर रील्स देखते रहते हैं। सारा रोजगार तो चीन के युवाओं को मिल रहा है। इन युवाओं को न्याय दिलाने के लिए ही यात्रा निकाल रहा हूं।

हाईकोर्ट ने शाहजहां शेख का केस सीबीआई को सौंपा

शेख की कस्टडी भी एजेंसी को ट्रांसफर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम को निशाना बनाने का आरोप लगा है। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल पुलिस की गिरफ्त में है। हालांकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने अब जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने का आदेश पारित किया है। मंगलवार को पारित आदेश में अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि टीएमसी नेता शाजहां शेख की हिरासत अब केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए। बता दें कि ईडी की टीम पर हमले के आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि अदालत के निर्देशों का अनुपालन मंगलवार शाम 4.30 बजे तक किया जाए। गौरतलब है कि ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ अलग-अलग अपील दायर की थी। ईडी की अपील थी की जांच सीबीआई को सौंपी जाए, जबकि राज्य सरकार ने अपील की थी कि केवल पश्चिम बंगाल पुलिस ही पूरे मामले की जांच करे।

ममता बनर्जी की सरकार को कठघरे में खड़ा किया

एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि 17 जनवरी को ईडी अधिकारियों की टीम पर भीड़ की तरफ से हमला मामले में जांच के लिए सीबआई और राज्य पुलिस की संयुक्त विशेष टीम (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया था। महिलाओं के साथ कथित यौन अत्याचार और संदेशखाली में जमीन हड़पने के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की गिरफ्तारी 55 दिन हुई है। पश्चिम बंगाल भाजपा और केंद्रीय नेतृत्व ने भी इस मामले में प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

बंगलूरू कैफे ब्लास्ट के चार दिन बाद सीएम सिद्धारमैया और कैबिनेट मंत्रियों को धमकी भरा ईमेल, जांच शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक के बंगलूरू में स्थित रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी को चार दिन बाद भी नहीं पकड़ा जा सका है। कर्नाटक पुलिस के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने इस मामले को संभाल लिया है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कैबिनेट मंत्रियों को धमकी भरे ईमेल आए हैं। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि यह धमकी भरे ईमेल सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और गृह मंत्री जी परमेश्वर को खासतौर पर भेजे गए। ये सभी मेल आईडी से भेजे गए थे। ईमेल पर लिखा गया, अभी जो पिक्चर का ट्रेलर दिखाया गया, उस पर क्या विचार हैं? अगर हमें 25 लाख डॉलर नहीं दिए गए तो हम कर्नाटक में बस, ट्रेनों, मंदिरों, होटलों और सार्वजनिक जगहों को निशाना बनाएंगे। इस मेल में आगे कहा गया, हम तुम्हें एक और ट्रेलर दिखाना चाहते हैं। हम अंबारी उत्सव बस में ब्लास्ट करेंगे। हम सोशल मीडिया पर अपनी मांग उठाएंगे और तुम्हें भेजे ईमेल के स्क्रीनशॉट डालेंगे। अगले धमाके के बाद हम ही जानकारी ट्वीट करेंगे।

भारत को देश नहीं मानता : ए राजा

बोले, ये उपमहाद्वीप, देश का मतलब एक भाषा, एक संस्कृति होता है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोयम्बटूर

डीएमके सांसद ए राजा ने भारत को एक देश मानने से इनकार किया है। 5 मार्च को उन्होंने कहा कि भारत कभी देश था ही नहीं। एक देश का मतलब होता है, एक भाषा, एक संस्कृति और एक परंपरा। तब उसे देश कहा जाता है। ए राजा ने 3 मार्च को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बर्थडे पर कोयम्बटूर में हुई एक सभा में ये बयान दिया।

भारत देश नहीं है

ए राजा ने कहा, भारत एक उपमहाद्वीप है। कारण क्या है? यहां कई परंपराएं और संस्कृतियां हैं। तमिलनाडु में एक भाषा-एक संस्कृति हैं। यह एक देश है। मलयालम एक भाषा है, उनका एक राष्ट्र है। ओडिशा एक देश है, वहां एक भाषा है। केरल में अलग, दिल्ली में अलग भाषा और संस्कृति है। ये सारे देश मिलकर भारत को बनाते हैं। इसलिए भारत एक देश नहीं, बल्कि एक उपमहाद्वीप है।

मणिपुर में डॉग मीट खाया जाता है

राजा ने कहा, मणिपुर में डॉग मीट खाया जाता है, क्यों। हां, वो खाते हैं। ये कल्चर है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ये सब हमारे दिमाग में है। कश्मीर में अलग कल्चर है। इसे आपको मानना होगा। अगर कोई समुदाय बीफ खाता है तो आपको क्या समस्या है? उसने आपको खाने को कहा क्या? अनेकता में एकता है। हम सब अलग हैं। इसे मान लीजिए।

बंदर से की भगवान हनुमान की तुलना

डीएमके नेता ए राजा वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं कि अगर आप कहेंगे कि ये आपके ईश्वर हैं और भारत माता की जय तो हम उस ईश्वर और भारत माता को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कह दो इनको, हम सब राम के शत्रु हैं। मुझे रामायण और भगवान राम पर विश्वास नहीं है। राजा ने भगवान हनुमान की तुलना बंदर से करते हुए जय श्री राम के नारे को घृणास्पद बताया।

वाटर टैंक एक, पर टॉयलेट का पानी किचन में इस्तेमाल नहीं करते

डीएमके सांसद ने कहा, वाटर टैंक से पानी किचन में भी आता है और टॉयलेट में भी। किचन में हम वो पानी इस्तेमाल करते हैं, लेकिन टॉयलेट से लाकर वो पानी किचन में इस्तेमाल नहीं करते। क्या वजह है? हमें मनोवैज्ञानिक समस्या है। पानी एक ही है, पर अंतर पैदा कर देता है, ये बात कि ये कहां से आ रहा है।

क्या डीएमके किसी और धर्म का अपमान कर सकती है?: रविशंकर प्रसाद

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि डीएमके नेता बोलते हैं कि हम 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। क्या सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे इससे सहमत हैं? क्या डीएमके अन्य धर्मों के देवताओं के खिलाफ ऐसी अपमानजनक टिप्पणियों का इस्तेमाल करेगी?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)